ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | भाद्रपद कृष्ण पक्ष 07, संवत 2081 | रांची, सोमवार, 26 अगस्त 2024, वर्ष-25, अंक- 204, पृष्ठ-12 ₹3.00 रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

श्री कृष्ण जन्माष्टमी के पावन पर्व की आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं



1. कृष्ण ने अपनी वाणी और भाषण कौशल से कई बार पांडवों को प्रेरित किया

2. कार्य योजना व नीति बनाने में कुशल व्यक्ति युद्ध या राजनीति में जरूर जीतेगा

3. सारथी के रूप में उन्होंने लोगों को जीवन में सरल और विनम्र होने की सीख दी

इंडिया **कृष्ण जिन्हें 'सर्वज्ञ' कहा जाता था - दूसरों के साथ अपने विचार बेहद सरलता से साझा करने में कभी नहीं हिचकिचाते थे**

## प्रबंधन गुरु श्रीकृष्ण से आज के नेताओं को सीख लेनी चाहिए



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

महाभारत की तरह सत्ता के लिए न्याय और अन्याय के बीच लड़ाई का कभी न आदि है न अंत और सामाजिक बुराइयां भी हर युग में रहीं हैं जिस कारण दुष्टों का संहार या वध होता रहा है और गीता में कर्म की परिभाषा देने वाले भगवान कृष्ण कुशलता के स्वामी हैं और उनसे बहुत कुछ सीखा जा सकता है। नेताओं के लिए भी उपयोगी कुछ प्रबंधन रणनीतियां हैं जैसे सच्चे प्रबंधक या नेता को अपनी सीख दूसरों के साथ साझा करनी चाहिए। कहावत है 'ज्ञान दूसरों के साथ साझा करने से बढ़ता है' । कृष्ण जिन्हें 'सर्वज्ञ' कहा जाता था - दूसरों के साथ अपने विचार साझा करने में कभी नहीं हिचकिचाते थे। जब अर्जुन असमंजस में थे कि अपने भाइयों से लड़े या नहीं, तो उन्होंने उनके उद्देश्य की याद दिलाई और अपने डर और संदेह को नियंत्रित करने के गुर सिखाए जिससे वह अपने कर्तव्य पर ध्यान केंद्रित कर सकें । कृष्ण के अपने लिए तीन निश्चित जीवन लक्ष्य थे। पहला, परित्राणाय साधूनाम् विनाशाय च दुष्कृताम्। धर्मसंस्थापनार्थाय सम्भवामि युगे-युगे॥ अर्थात सज्जन पुरुषों के कल्याण के लिए और दुष्कर्मियों के विनाश के लिए और धर्म की स्थापना के लिए मैं (श्रीकृष्ण) युगों-युगों से प्रत्येक युग में जन्म लेता आया हूं।जिसका अर्थ है अच्छे के लिए कल्याण; दूसरा, 'विनाशाय दुष्कृतम्' जिसका अर्थ है बुराई (विचार) को नष्ट करना और तीसरा, 'धर्म स्थापना' जिसका अर्थ है अच्छे सिद्धांतों को स्थापित करना और उन्हें मजबूत करना। एक प्रबंधक के रूप में उन्होंने यह दर्शाया कि संगठन में व्यक्ति के पास स्पष्ट लक्ष्य होने चाहिए और उसे कभी भी अपनी इंद्रियों को नियंत्रित नहीं करने देना चाहिए।भगवान कृष्ण एक कुशल रणनीतिकार थे जिन्होंने अपने पूरे जीवन में समस्या समाधान दृष्टिकोण का उपयोग किया। उन्होंने अपने सामरिक कौशल से पांडवों के लिए महाभारत युद्ध जीता। उन्होंने साबित किया कि जो व्यक्ति कार्य योजना या नीति बनाने में कुशल है, वह युद्ध और राजनीति में निश्चित रूप से जीतेगा। दीर्घकालिक और अल्पकालिक लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए कार्य योजना महत्वपूर्ण है।कृष्ण ने अपनी वाणी और भाषण कौशल की शक्ति के माध्यम से कई बार पांडवों को प्रेरित किया। उन्होंने उन्हें अच्छाई और केवल अच्छाई की सेवा करने के लिए प्रेरित किया, साथ ही न्याय की प्राप्ति की दिशा में काम किया। एक सच्चा नेता या प्रबंधक हमेशा अपने सहयोगियों और साथियों को प्रेरित करने के लिए पहल करता है।एक राजा और सर्वोच्च होने के बावजूद, कृष्ण ने अपना जीवन सादगी से जिया और वे लोगों के बीच रहने वाले व्यक्ति थे। एक नेता को विनम्र, महान और व्यावहारिक होना चाहिए। शेष पेज 11 पर

गोकुल में है जिनका वास, गोपियों संग रचाए जो रास | देवकी-यसोदा जिनकी मैया, ऐसे है हमारे कृष्ण कन्हैया

# हजारीबाग की चरही घाटी में सड़क दुर्घटना में 4 की मौत

**1:30 घंटे** जाम में फंसे रहे लोग, इसकी वजह से आम लोगों को काफी परेशानी हुई

हजारीबाग में मंईयां सम्मान योजना कार्यक्रम का टेंट ले वापस **रांची लौट** रहा था ट्रक

नवीन मेल संवाददाता

**चरही (हजारीबाग)।** झारखंड में रविवार की शाम को भीषण सड़क हादसे में 4 लोगों की मौत हो गई। दुर्घटना की वजह से 1:30 घंटे तक सड़क जाम रही, घटना हजारीबाग जिले के चरही थाना क्षेत्र में देर शाम करीब 6.30 बजे हुई। घटना चरही घाटी के यूपी मोड़ के पास हुई। शनिवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का हजारीबाग के नगवा हवाई अड्डा मैदान में मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का प्रमंडल स्तरीय कार्यक्रम हुआ था। कार्यक्रम स्थल से मजदूरों के साथ टेंट का सामान लाद कर आइसर ट्रक (यूपी 60बीटी 2995) हजारीबाग से वापस रांची जा रहा था। बारिश की वजह से चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका और ट्रक डिवाइडर तोड़ते हुए पलट गया।

**घटनास्थल पर ही हो गई 4 लोगों की मौत :** ट्रक के पलटने से विपरीत दिशा से आ रही कार (बीआर 02बी एम 9923) भी क्षतिग्रस्त हो गई। ट्रक के ऊपर टेंट के मजदूर बैठे थे। ये लोग सामान के नीचे दब गए जिससे घटनास्थल पर ही 4 लोगों की मौत हो गई और एनएच पर जाम लग गया।

चरही पुलिस सूचना मिलते ही घटनास्थल पर पहुंची। मृतकों को एनएचएआई के एंबुलेंस से हजारीबाग सदर अस्पताल भेजा। ट्रक पर लदे टेंट हाउस के फ्लेक्स सड़क पर बिखर गए। इसकी वजह से सड़क के दोनों ओर आवागमन ठप हो गया। 6:30 बजे से 7:40 बजे तक चरही घाटी में रांची-पटना रोड पर वाहनों का परिचालन पूरी तरह से ठप रहा। इसकी वजह से आम लोगों को काफी दिक्कतों का सामना



### लोहरदगा : तालाब में नहाने के दौरान तीन बच्चों की मौत

**लोहरदगा।** सेन्हा थना क्षेत्र के एकागुड़ी गांव में रविवार को तालाब में डूबने से तीन बच्चों की मौत हो गई। इसके बाद गांव में मातम छा गया। बताया गया कि तालाब में नहाने के दौरान तीन बच्चे पानी में डूब गए जिससे उनकी मौत हो गई। सूचना मिलने के बाद सेन्हा थाना पुलिस जांच में जुट गई। फिलहाल तीनों शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए लोहरदगा सदर अस्पताल भेज दिया गया। मृतक बच्चों की पहचान एकागुड़ी निवासी धंसराज उरांव के 6 वर्षीय पुत्र प्रेम उरांव, शंकर उरांव के 5 वर्षीय पुत्री प्रीतुष उरांव और विजय उरांव के पुत्र हिमांशु उरांव के रूप में हुई है। मृतक के परिजनों ने बताया बच्चे गांव के पास ही खेल रहे थे इसी दौरान तीन बच्चे तालाब में नहाने चले गए और नहाने के क्रम में बच्चे डूबने लगे। तभी कुछ बच्चों ने गांव जाकर ग्रामीणों को घटना की जानकारी दी। जानकारी मिलते ही ग्रामीण मौके पर पहुंच बच्चों को तालाब से निकाल कर सदर अस्पताल लेकर पहुंचे जहां डॉक्टर ने तीनों बच्चो को मृत घोषित कर दिया।

### दुमका-गोड्डा के 11 मजदूरों को तमिलनाडु में बंधक बनाया गया

**दुमका।** रोजगार को तमिलनाडू गए दुमका के 11 मजदूरों को बंधक बनाने का मामला रविवार को सामने आया है। बंधक बनाए गए सभी मजदूर जिले के रामगढ़ प्रखंड के विभिन्न पंचायत व गांव के आदिवासी एवं पहाड़िया समुदाय से है। बंधक बने मजदूरों के परिजनों से कॉल कर पैसे की मांग की जा रही है। परिजनों ने आवेदन देकर जिला प्रशासन व मुख्यमंत्री से मजदूरों के सकुशल घर वापसी की गुहार लगायी है। भाजपा नेता सह सरसाबाद मुखिया राजू पुजहर के नेतृत्व में बंधक बने मजदूरों के परिजनों ने एसपी पितांबर सिंह खेरवार को आवेदन सौंप जिला प्रशासन एवं सीएम से न्याय की गुहार लगाया है। यहां बता दें कि चार दिन पूर्व दुमका एवं गोड्डा के कुल 11 मजदूर कपड़े के मील में काम करने के लिए तमिलनाडु गए थे। जहां उन्हें बंधक बना मारपीट करते हुए उनसे रुपये की मांग की जा रही है। इसकी सूचना मजदूरों ने अपने परिजनों को दी तो इसमें एक परिवार ने ऑनलाइन 15 हजार रुपये का भुगतान भी कर दिया। लेकिन उसे अब तक छोड़ा नहीं गया है। परिजनों ने एसपी से मिलकर सारी बात बताते हुए परिजनों को छुड़ाने का आग्रह किया है।

### हाइवा और स्विफ्ट में जोरदार टक्कर एक युवक की मौत

**बोकारो।** गोमिया कथारा के बीच छिलका पुल के निकट रविवार को सड़क दुर्घटना में हाइवा ट्रक और स्विफ्ट कार की जोरदार टक्कर हो गई, जिसमें एक युवक की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए.जानकारी के अनुसार, कोयला लदा हाइवा ट्रक (जेएच09एभी-8351) और स्विफ्ट कार (जेएच09एपी-3578) के बीच सीधी टक्कर हुई। घायलों को तत्काल प्राथमिक उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। इनमें से तीन घायलों को आजसू नेता मुकेश सिंह ने राहगीरों की मदद से कथारा क्षेत्रीय अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में चिकित्सकों ने सन्नी करकेट्टा (16 ) को मृत घोषित कर दिया। वहीं, गंभीर रूप से घायल अभय सिंह (20) और मो. सकिल (32 ) को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया।

आज कल




मुख्यमंत्री हेमंत मोरहाबादी मैदान में **कृष्ण जन्मोत्सव** 2024 में शामिल हुए



### ऐसे आयोजनों से हमारी संस्कृति मजबूत होती है

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन रविवार को श्री कृष्ण जन्माष्टमी आयोजन समिति, रांची की ओर राजधानी के मोरहाबादी मैदान में आयोजित कृष्ण जन्मोत्सव में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। मौके पर उन्होंने गोविंदा आला रे.... के जयघोष के बीच दही-हांडी प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर भगवान श्री कृष्ण के जन्मोत्सव पर आधारित लेजर शो का भी आनंद लिया। वहीं, बाल गोपाल तथा बाल राधा रूप सज्जा प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया। मौके पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि ऐसे आयोजनों से हमारी परंपरा- संस्कृति मजबूत होती है। ऐसे कार्यक्रम हमें एकजुट करते हैं। सभी मिलकर पूरे हर्ष और उल्लास के साथ त्योहारों का आनंद लेते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि धर्म ग्रन्थों पर निरंतर शोध हो रहे हैं। इन्हें सरल भाषा में लिखा जा रहा है, ताकि लोग आसानी से अपने धर्म ग्रंथो को पढ़कर अपनी पौराणिक गाथाओं से अवगत हो सकें। मौके पर हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह ने मुख्यमंत्री को पेरिस ओलंपिक-2024 में कांस्य पदक हासिल करने वाली भारतीय पुरुष हॉकी टीम की जर्सी एवं मोमेंटो भेंट किया।

इस अवसर पर राज्यसभा सांसद महुआ माजी, झारखंड गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद, झारखंड धार्मिक न्यास बोर्ड के अध्यक्ष जयशंकर पाठक, पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय, यशस्विनी सहाय, श्री कृष्ण जन्माष्टमी आयोजन समिति, रांची के संरक्षक डॉ कुमार राजा और डॉ राजेश गुप्ता, विनोद गोप एवं अन्य सदस्यगण मौजूद थे।

## हेमंत सोरेन वादा पूरा करें या इस्तीफा दें : हिमंता

- डीजीपी को विधि की जानकारी नहीं है, उनके भरोसे विधानसभा चुनाव संभव नहीं

नवीन मेल संवाददाता



**चुनाव के पहले डीजीपी को बदलने की मांग करेंगे**

वर्तमान डीजीपी अनुराग गुप्ता पर निशाना साधते हुए हिंमा ने कहा कि उन्हें विधि की जानकारी नहीं है। उनके भरोसे राज्य में विधानसभा चुनाव संभव नहीं। युवा आक्रोश रैली के बाद 55 भाजपा नेताओं समेत 12,000 अज्ञात पर किस आधार पर एफआईआर किया। डीजीपी ने इसके आधार पर सरकार के लिए भविष्य में ब्लैकमेलिंग का रास्ता खोला है। कोई सरकार के खिलाफ बोलेगा तो अज्ञात पर हुए एफआईआर के नाम उसे जेल में डाला जाएगा। शेष पेज 11 पर

**रांची।** असम के मुख्यमंत्री और झारखंड में भाजपा के चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा ने कहा कि राज्य में राज्य में डिक्टेटरशिप चल रही है। हेमंत सरकार में कोई भी वादा पूरा नहीं किया गया, किसी को कुछ नहीं मिला। हिमंता बिस्वा सरमा ने रविवार को प्रेसवार्ता में सवालिया लहजे में कहा कि आखिर हेमंत सरकार के अबतक के कार्यकाल में लोगों को मिला क्या? युवाओं को क्या मिला? महिलाओं को, किसानों को, सरकारी कर्मचारियों को क्या मिला? हेमंत सोरेन ने 2019 के चुनाव से पूर्व शहीद निर्मल महतो के शहादत स्थल पर जाकर कहा था कि 5 लाख युवाओं को नौकरी देंगे, नहीं तो संन्यास ले लेंगे। अब इस सरकार के पास मात्र एक महीना बचा है। एक महीना में जो करना है, कर लें। सरमा ने कहा कि शिबू सोरेन राज्य और देश की जनता के लिए सम्माननीय हैं। ऐसे में यदि उनका बेटा अपना वादा न पूरा करे तो दिशोम गुरु का नाम धूमिल होगा। सरकार या तो सितंबर तक पांच लाख युवाओं को नौकरी दे या फिर सितंबर के आखिर या दो अक्टूबर को राजनीति से संन्यास की घोषणा पर अमल करे।

शेष पेज 11 पर

### झोलाछाप डॉक्टर के गलत इलाज से महिला की हुई मौत

नवीन मेल संवाददाता

**कोडरमा।** कोडरमा जिले के जयनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत पिपचो चौक स्थित शिवम मेडिकल में रविवार दोपहर करीब 1:30 बजे झोलाछाप डॉक्टर के गलत इलाज के कारण एक महिला की तबीयत बिगड़ गई। स्थिति बिगड़ता देख कथित डॉक्टर ने निजी वाहन से महिला को सदर अस्पताल भिजवाया, जहां चिकित्सकों ने उक्त महिला को मृत घोषित कर दिया। वहीं परिजनों के द्वारा कानूनी कार्रवाई की जा रही है। शव का पोस्टमार्टम कोडरमा सदर अस्पताल में किए जाने के बाद शव के अंतिम संस्कार के लिए शव परिजनों को सौंपा जाएगा। पूरे मामले पर मृतका कुरेशा खातून ( 70 ) के पुत्र युनुस अंसारी ने बताया कि मेरी मां कुरेशा खातून के बदन में दर्द था और मेरी छोटे भाई की पत्नी के हाथ में भी चोट लगी थी। मैं दोनों को लेकर पिपचो चौक स्थित शिवम मेडिकल ले गया, शेष पेज 11 पर

## देश में बहुत कुछ हो रहा है जो विकसित भारत के लक्ष्य की नींव मजबूत कर रहा : प्रधानमंत्री मोदी

-ब्यूरो



**नई दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी ने रविवार 25 अप्रैल को सुबह 11 बजे 'मन की बात' कार्यक्रम में कहा कि 21वीं सदी में भारत में बहुत कुछ हो रहा है जो विकसित भारत की नींव को मजबूत कर रहा है। यह भी कहा कि इस वर्ष मैंने लाल किले से बिना राजनीतिक पृष्ठभूमि वाले एक लाख युवाओं को राजनीतिक व्यवस्था से जोड़ने का आह्वान किया है। मेरी इस बात पर जबरदस्त प्रतिक्रिया आई हैं। इससे पता चलता है कि कितनी बड़ी संख्या में हमारे युवा, राजनीति में आने को तैयार बैठे हैं। बस उन्हें सही मौके और सही मार्गदर्शन की तलाश है। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम के दौरान भी समाज के हर क्षेत्र से ऐसे अनेकों लोग सामने आए थे, जिनकी कोई राजनीतिक पृष्ठभूमि नहीं थी। उन्होंने खुद को भारत की आजादी के लिए झोंक दिया था। आज हमें विकसित भारत का लक्ष्य पाने के लिए एक बार फिर उसी भावना की जरूरत है। मैं अपने सभी युवा साथियों को कहूंगा कि इस अभियान से जरूर जुड़ें। बिना राजनीतिक पृष्ठभूमि वाले युवाओं के राजनीति में आने पर लोकतंत्र मजबूत होगा। उन्होंने राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस और चंद्रयान-3 को लेकर भी बात की। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि 21वीं सदी के भारत में कितना ही कुछ ऐसा हो रहा है, जो विकसित भारत की नींव मजबूत कर रहा है। जैसे इस 23 अगस्त को ही हम सब देशवासियों ने पहला नेशनल स्पेस डे (राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस) मनाया। पिछले वर्ष इसी दिन चंद्रयान-3 ने चांद के दक्षिणी हिस्से में शिव-शक्ति बिंदु पर सफलतापूर्वक लैंडिंग की थी। भारत इस गौरवपूर्ण उपलब्धि को हासिल करने वाला दुनिया का पहला देश बना था। कार्यक्रम के दौरान मोदी ने विभिन्न अंतरिक्ष स्टार्ट-अप में काम कर रहे कई युवा उद्यमियों से बात की और उनके काम पर प्रकाश डाला। उन्होंने देश में बढ़ते जीवंत अंतरिक्ष पारिस्थितिकी तंत्र की प्रशंसा की। प्रधानमंत्री ने कहा कि अंतरिक्ष क्षेत्र में विभिन्न सुधारों से देश के युवाओं को काफी फायदा हुआ है। मालूम हो कि रेडियो पर प्रसारित होने वाला का इस कार्यक्रम का यह 113वां एपिसोड है। इससे पहले 28 जुलाई को 'मन की बात' का 112वां संस्करण प्रसारित हुआ था। तब पीएम मोदी ने पेरिस ओलंपिक, मैथ्स ओलंपियाड, असम मोइदम, टाइगर डे, वनों के संरक्षण और स्वतंत्रता दिवस जैसे मुद्दों पर बात की थी। मन की बात को 22 भारतीय भाषाओं और 29 बोलियों के अलावा 11 विदेशी भाषाओं में भी प्रसारित किया जाता है। इनमें फ्रेंच, चीनी, इंडोनेशियाई, तिब्बती, बर्मी, बलूची, अरबी, पश्तू, फारसी, दारी और स्वाहिली शामिल हैं। 'मन की बात' का प्रसारण आकाशवाणी के 500 से अधिक केंद्रों द्वारा किया जाता है। 'मन की बात' का पहला कार्यक्रम 3 अक्टूबर 2014 को प्रसारित हुआ था।

### चिराग पासवान फिर बने लोजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** केंद्रीय मंत्री और बिहार की हाजीपुर लोकसभा सीट से सांसद चिराग पासवान को एक बार फिर लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया गया। रांची में आयोजित पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में यह फैसला लिया गया। लोक जनशक्ति पार्टी ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा, केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री सह हाजीपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद चिराग पासवान को राष्ट्रीय कार्यकारणी की बैठक में पुनः लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) का राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने जाने शेष पेज 11 पर

# लिमिट में रहें डीजीपी नहीं तो उनको कानून सिखा देंगे : हिमंता बिस्वा

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** असम के मुख्यमंत्री और झारखंड भाजपा के सह विधानसभा प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा ने झारखंड के डीजीपी को खुली चेतावनी देते हुए कहा है कि उनको कानून सिखा देंगे। भाजपा की युवा आक्रोश रैली के बाद 55 भाजपा नेताओं समेत 12,000 अज्ञात लोगों पर मुकदमा करने को लेकर हिमंता काफी भड़के हुए थे। भाजपा के मिला क्या कार्यक्रम के दौरान प्रेस को संबोधित करते हुए कहा डीजीपी से आग्रह है इतना भी तेल न लगाएं, लिमिट में रहें। जिन 55 नेताओं पर एफआईआर किया गया है उनमें से विधायक रणधीर सिंह और कोचे मुंडा तो रैली में थे ही नहीं। वहीं 12,000 अज्ञात लोगों पर एफआईआर कर सरकार ने भविष्य में ब्लैकमेलिंग का रास्ता खोला है। इतिहास में आज तक ऐसा नहीं हुआ है। हिमंता ने कहा कि वे डीजीपी को तीन दिन का समय देते हैं। वे बताएं कि आखिर 12000 लोगों पर किस हिसाब से एफआईआर किया गया। नहीं तो वे कोर्ट जाएंगे। यह सरकार इस तरह डेमोक्रेटिक मूवमेंट को कुचल नहीं सकती। भाजपा पीछे नहीं हटेगी।

### *विधायक रणधीर सिंह और कोचे मुंडा रैली में थे भी नहीं, उनपर भी मुकदमा*

### *बालू 6,000 रुपये सीएफटी, सरकार पैसा दे नहीं रही, उनसे पैसे वसूल रही*



### जनता के पैसे की डकैती कर रही हेमंत सरकार

हिमंता ने आरोप लगाया कि सरकार की मंईयां योजना में जितना पैसा महिलाओं को दिया जा रहा, उससे अधिक पैसा प्रचार-प्रसार में जा रहा है। खिजरी की महिलाओं ने बताया कि उन्हें बालू नहीं मिल रहा। उल्टा बालू 5,500 से 6,000 रुपये सीएफटी हो गया है। सरकार जनता को पैसा नहीं दे रही, बल्कि उनसे पैसे वसूल रही है। सरकार जनता के पैसे की डकैती कर रही है।

### बांग्लादेश घुसपैठ पर हेमंत सरकार मौन

झारखंड में बांग्लादेश घुसपैठ की बात उन्होंने उठायी लेकिन सरकार नहीं मान रही। दो दिन पहले ही रांची से एक डॉक्टर अलकायदा का काम करते हुए गिरफ्तार हुआ है। उच्च न्यायालय भी घुसपैठ पर कह रहा है लेकिन सरकार मनाने को तैयार नहीं। राज्य के युवाओं ने अपने अधिकार के लिए जन आक्रोश रैली निकाला। बदले में सरकार युवाओं पर लाठियां, आंसू गैस फेंक रही है।

### एक भी घोषणा पर अमल नहीं : बाबूलाल मरांडी

वर्चुअल मोड में प्रेस कॉन्फ्रेंस में बाबूलाल ने कहा कि वे तिसरी ब्लॉक (गिरिडीह) की बेलवाना पंचायत के एक गांव में हैं। यहां उन्होंने बुजुर्ग, विधवा महिलाओं से हेमंत सोरेन सरकार की सर्व जन पेंशन योजना के बारे में पूछा। 50 परिवार वाले इस गांव में 10 ने तो बताया कि काफी पहले एक फॉर्म भराया गया था, जिसमें उनके साथ ठगी भी हुई। अब मंईयां योजना का लाभ देने की बात हो रही है। साढे चार सालों बाद अब सबों को समझ आ चुका है कि सरकार चुनाव को देखते यह सब झांसा दे रही है। यह सरकार किसी वादे पर खरा नहीं उतर सकी है।

### हर वर्ग के साथ हुआ धोखा : बाउरी

नेता प्रतिपक्षा अमर कुमार बाउरी ने हेमंत सोरेन सरकार के पांच साल और उनके वादे, हकीकत को लेकर एक वीडियो जारी किया। साथ ही कहा कि महिला, किसान, युवा और दूसरे सभी वर्ग के लोगों के साथ इस सरकार ने वादाखिलाफी किया है। झामुमो के घोषणापत्र में हर साल एक लाख नौकरी, बिना गारंटर 50 हजार का लोन, 5000-7000 बेरोजगारी भत्ता सहित अन्य वादे थे। एक भी पूरा नहीं हुआ। विधानसभा में जब सरकार को भाजपा ने घेरा तो 18 विधायकों को निलंबित कर दिया गया। 23 अगस्त को युवा आक्रोश रैली रांची में आयोजित हुआ। इसमें आने से युवाओं को कंटीले तार लगाकर रोकने का प्रयास हुआ और 12,000 पर एफआईआर हुआ। सरकार के झूठे वादों, इरादों को सबके सामने लाने का प्रयास भाजपा कर रही है।

## प्रदेश में अपने प्रत्याशी उतारेगी लोजपा (रामविलास)

# हमारी पार्टी जातिगत जनगणना की पक्षधर : चिराग पासवान

ब्यूरो

**नई दिल्ली/रांची।** लोकसभा चुनाव के बाद भी वर्तमान राजनीतिक समीकरणों में जातिगत जनगणना का मुद्दा सबसे बड़ा मुद्दा बनता जा रहा है। कांग्रेस सांसद व लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी लगातार मांग कर रहे हैं कि देश में जातीय जनगणना कराई जाए। पहले इस मुद्दे पर कन्नी काट रहे लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के प्रमुख व केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने अब खुलकर जातीय जनगणना कराने का समर्थन किया है। एक तरफ जहां जातीय जनगणना की मांग को लेकर कांग्रेस समेत सभी विपक्षी दलों ने मोदी सरकार पर दबाव बनाकर रखा है, तो दूसरी ओर भाजपा इस मुद्दे पर कुछ भी खुलकर बोलने से कतरा रही है। वहीं एनडीए में शामिल एलजेपी(आर) प्रमुख व खुद को पीएम मोदी का हनुमान बता चुके केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान इस मुद्दे पर अपरोक्ष तौर पर नेता विपक्ष राहुल गांधी के साथ खड़े नजर आ रहे हैं। रविवार 25 अगस्त को जातीय जनगणना के मुद्दे पर केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने कहा कि मेरी पार्टी ने हमेशा अपना स्टैंड साफ रखा है कि वह जाति जनगणना के पक्ष में है। हम चाहते हैं कि जाति जनगणना हो। इसकी वजह यह है कि कई बार राज्य सरकार व केंद्र सरकार कई ऐसी योजनाएं बनाती हैं, जो जाति को ध्यान में रखकर बनाई जाती हैं। उन योजनाओं को मुख्यधारा से जोड़ने के ख्याल से बनाया जाता है। ऐसे में सरकार के पास उस जाति की जनसंख्या के बारे में जानकारी होनी चाहिए। चिराग पासवान ने कहा है कि जातीय जनगणना कम से कम होनी ही चाहिए, ताकि उसके अनुपात में राशि आवंटित की जा सके। चिराग ने आगे कहा कि मैं इन आंकड़ों को सार्वजनिक करने का पक्षधर नहीं हूं। मैं मानता हूं कि अगर आंकड़ों को सार्वजनिक किया जाता है तो समाज में विभाजनकारी स्थितियां पैदा हो जाएगी। केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान जो फिर लोजपा (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुने गए हैं, झारखंड विधानसभा चुनाव में अपने प्रत्याशी उतार सकते हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए ही पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक रांची में रखी गई है। चिराग ने हाल ही में लेटरल एंट्री को लेकर मचे बवाल के बीच सरकार से अलग लाइन ले इस भर्ती प्रक्रिया का विरोध किया था। इसके अलावा एससी-एसटी आरक्षण को लेकर सुप्रीम कोर्ट की क्रीमी लेयर बात का भी विरोध किया था। कोर्ट के फैसले को लागू न करने के प्रधानमंत्री मोदी के ऐलान को चिराग ने सही बताया था।



*सरकार के पास जातियों के आंकड़े होने चाहिए यह योजना बनाने में मददगार*

*आंकड़ों को सार्वजनिक नहीं किया जाए, इससे विभाजनकारी स्थितियां पैदा होगी*

# मुख्यमंत्री ने सांसद विजय हांसदा की पत्नी को श्रद्धांजलि अर्पित की

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रविवार को राजमहल से सांसद और झामुमो के वरिष्ठ नेता विजय हांसदा की पत्नी को श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस मौके पर सीएम ने कहा कि कैथरीन हेंब्रम की आत्मा को परमात्मा शांति प्रदान करे और शोकाकुल परिवार को दुःख की यह विकट घड़ी सहन करने की शक्ति दे। दुःख की इस घड़ी में पूरा झामुमो परिवार भाई विजय और उनके परिवार के साथ खड़ा है। गौरतलब है कि कैथरीन हेंब्रम का शुक्रवार रात दिल्ली एम्स में निधन हो गया था। सांसद विजय हांसदा की पत्नी गंभीर बीमारी से ग्रसित थीं।



# राज्य कर्मचारी अब 5 सितंबर तक जमा कर सकेंगे संपत्ति का विवरण

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** राज्य कर्मियों को अपना संपत्ति विवरण जमा करने के लिए अंतिम अवसर दिया है। सभी सरकारी सेवकों समूह घ को छोड़कर वर्ष 2023 का संपत्ति विवरणी एचआरएमएस पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन अपलोड करने के लिए के लिए समयावधि बढ़ा दी है। इस संबंध में रविवार को कार्मिक विभाग ने आदेश जारी किया है। कार्मिक विभाग ने बताया क पूर्व में 1 जनवरी 2024 से 28 फरवरी 2024 तक समय दिया गया था। आवेदनों की समीक्षा में यह पाया गया कि अभी भी बड़ी संख्या में अधिकारी व कर्मियों ने अपनी संपत्ति का विवरण नहीं भरा है। सरकार ने पूरे मामले पर विचार करने के बाद राज्य कर्मियों को एक बार अवधि विस्तार देते हुए 5 सितंबर 2024 तक अंतिम मौका दिया है। इस अवधि तक विवरणी जमा नहीं करने के बाद फिर से ऑनलाइन सुविधा बंद कर दी जाएगी।

# सीएम हेमंत से मिले कांग्रेस प्रदेश प्रभारी मीर, राजनीतिक हालत पर की चर्चा

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** कांग्रेस प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने रविवार को मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में सीएम हेमंत सोरेन से मुलाकात की। इस दौरान झारखंड कांग्रेस के नये प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश और झारखंड कांग्रेस विधायक दल के नेता रामेश्वर उरांव भी मौजूद रहे। हेमंत सोरेन से बातचीत के दौरान जनहित से जुड़े कई अहम मुद्दों, राज्य में चल रहे विकासात्मक योजनाओं के कार्यान्वयन और झारखंड के वर्तमान राजनीतिक हालात पर चर्चा की गयी। मौके पर मंत्री बन्ना गुप्ता, मंत्री इरफान अंसारी, विधायक कल्पना सोरेन, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता प्रणव झा, झारखंड कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर सहित अन्य मौजूद रहे।



# प्रतिमा हटाने की मांग पर आदिवासी संगठनों का विरोध



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** रांची के जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र स्थित गोल चक्कर (पुराना विधानसभा मैदान) के पास रविवार को कैलाश पति नाथ मिश्रा की स्थापित प्रतिमा को हटाने की मांग को लेकर विभिन्न आदिवासी संगठनों ने विरोध-प्रदर्शन किया। विरोध-प्रदर्शन को देखते हुए सिटी एसपी राज कुमार मेहता, हटिया डीएसपी, कोतवाली डीएसपी सहित कई पुलिस और अधिकारी के साथ भारी संख्या में पुलिस बल मौके पर तैनात है। इससे पहले हजारों की संख्या में आदिवासी समाज के लोग पहाड़ी मंदिर के सामने जुटे। फिर वहां से बाइक से जुलूस के शक्ल में पुरानी विधानसभा मैदान के लिए निकले लेकिन उनको बिरसा चौक के पास स्थित पेट्रोल पंप के पास ही बैरिकेडिंग लगाकर रोक दिया गया। आदिवासी संगठनों का कहना है कि कैलाश पति नाथ मिश्रा का झारखंड में कोई योगदान नहीं है। इसलिए इस प्रतिमा को यहां से हटाना होगा। दूसरी ओर, प्रतिमा स्थापित करने वाले लोगों का कहना है कि संवैधानिक तरीके से 15 अगस्त को कैलाश पति नाथ मिश्रा की प्रतिमा स्थापित की गयी है।

# एफआईआर करने के लिए हेमंत का आभार : बाबूलाल

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** रांची के मोरहाबादी मैदान में 23 अगस्त को आयोजित युवा आक्रोश रैली के बाद भाजपा नेताओं पर हुए एफआईआर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर निशाना साधा है। बाबूलाल ने रविवार को एक्स पर एक पोस्ट कर कहा कि सूचना मिली है कि मोरहाबादी मैदान में आयोजित युवा आक्रोश रैली की सफलता से तिलमिलाकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मुझ पर और भाजपा के नेताओं व कार्यकर्ताओं सहित हजारों युवा साथियों पर मुकदमा दर्ज कराया है। इस एफआईआर के लिये सोरेन राजघराने के एक्सीडेंटल राजकुमार हेमंत सोरेन और उनकी 2020 खतियानधारी दलाल-बिचौलिया मित्र मंडली का आभार। बाबूलाल ने कहा कि हेमंत सोरेन जी ये केस-मुकदमे हमारे लिए पारितोषिक के समान है, जितना जोर लगाना है, लगा लीजिए, जितने केस मुकदमे दर्ज करने हैं, कर दीजिए। भाजपा युवाओं की लड़ाई सड़क से लेकर सदन तक और आंदोलन की रणभूमि से लेकर कोर्ट कचहरी तक पूरी मजबूती के साथ लड़ेगी। वैसे राजनैतिक विरोधियों पर मुकदमा दर्ज करने का दुरुपयोग करवाने में आप तो विश्व रिकॉर्ड कायम कर चुके हैं। काहे नहीं झारखंड के साढ़े तीन करोड़ लोगों पर एक साथ मुकदमा दर्ज करवा देते हैं? इस कदम से आप अपने कलेजे में जल रहे राजनीतिक बदला और प्रतिशोध की आग को ठंडा कर लेते। क्या पता, यह मौका आपको दोबारा कभी ना मिले।



## कांग्रेस विधायक दल की बैठक में विस चुनाव की तैयारियों पर मंथन

# पहली प्राथमिकता सीटिंग सीटों पर जीत सुनिश्चित करने की : मीर

नवीन मेल संवाददाता


**रांची।** रांची के सर्किट हाउस में रविवार को कांग्रेस विधायक दल की बैठक हुई। इस बैठक में विधानसभा चुनाव पर मंथन किया गया। विधायकों से चुनाव की तैयारियों पर फीडबैक भी लिये गये। साथ ही संयुक्त घोषणा पत्र के लिए विधायकों से सुझाव मांगे गये।

मौके पर प्रदेश कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने कहा कि विधायक चुनाव की रूपरेखा तैयार करें और बूथ स्तर तक पहुंचे। बीते 5 वर्षों में किए गए सरकार के कार्यों को जनता के बीच ले जाने का समय आ गया है। उन्होंने विधायकों को निर्देश देते हुए कहा कि अब हमें पूरी मजबूती के साथ अपनी बातों को आवाम के सामने रखना होगा। जनता की जरूरतों के अनुसार भविष्य की नीति निर्धारित करनी होगी। कांग्रेस की ओर से घोषणा पत्र के अनुसार किए गए कार्यों का प्रचारित-प्रसारित करना होगा। जिसका जो हक है उसे मिलना चाहिए झारखंड में चल रही कल्याणकारी योजनाओं को लोगों के बीच रखें ताकि उनके बीच कोई भ्रम ना रहे। कांग्रेस ने वर्तमान 18 सीटिंग सीट (बाद में आये प्रदीप यादव और जेपी पटेल) की जीत सुनिश्चित करने पर भी मंथन किया गया। प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने कहा कि पहली प्राथमिकता सीटिंग सीटों पर जीत सुनिश्चित करने की होनी चाहिए। इसके अलावा बैठक में राहुल गांधी के झारखंड दौरे को लेकर भी चर्चा की गयी। इसके लिए विधायकों को तैयारी करने का निर्देश दिया गया। बैठक में निजी कारणों से मंत्री दीपिका पांडे सिंह, विधायक अंबा प्रसाद और पूर्णिमा नीरज सिंह बैठक में शामिल नहीं हो सकीं।

### गठबंधन सरकार का कार्य मील का पत्थर साबित होगा



बैठक में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि महागठबंधन सरकार की ओर से किए गए कार्य झारखंड के विकास के इतिहास में मील का पत्थर साबित होगा। विधायकों का दायित्व है कि सिर्फ अपने क्षेत्र में ही नहीं बल्कि नजदीकी विधानसभा क्षेत्र में भी महागठबंधन के उम्मीदवारों के लिए सक्रिय रहे अभी से ही महागठबंधन दलों के नेताओं और कार्यकर्ताओं से संपर्क स्थापित कर चुनावी रणनीति पर कम करें। बैठक में कांग्रेस विधायक दल नेता डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि जनता ने जिस भरोसे और विश्वास पर हमें सत्ता सौंप थी उसे पर हमने खरा उतरने का प्रयास किया। जरूरत के अनुसार सरकार ने नीतियां बनाई और उसका भली-भांति क्रियान्वयन किया। खाली खजाने के साथ हमने सरकार का गठन किया था कोविड जैसी महामारी महागठबंधन सरकार के कार्यकाल में आई लेकिन इच्छा शक्ति और जनता के सहयोग से सरकार विपरीत परिस्थितियों रहते हुए भी अपना कार्यकाल पूरा कर रही है। कांग्रेस नेतृत्व के दिशा निर्देशों के अनुसार ग्रामीण क्षेत्र से लेकर राज्य स्तर तक आधारभूत संरचनाओं के निर्माण और विकास में कई अहम कार्य किए गए। बैठक में मंत्री बन्ना गुप्ता, डॉ इरफान अंसारी, प्रदीप यादव, बादल पत्रलेख, उमाशंकर अकेला, कुमार जयमंगल, नमन विक्सल कोंगारी, सोना राम सिंकू, रामचन्द्र सिंह, राजेश कच्छप, भूषण बाड़ा, शिल्पी नेहा तिर्की और कालीचरण मुंडा शामिल थे।



# महत्तम संयम का परिचय देते हुए न्यूनतम बल का प्रयोग किया

**▸ बाबूलाल मरांडी के आरोपों पर बोली रांची पुलिस**

नवीन मेल संवाददाता। रांची

बीजेपी विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी के आरोपों का रांची पुलिस ने जवाब दिया है। रांची पुलिस ने अपने एक्स हैंडल के जरिये बाबूलाल के आरोपों का खंडन किया है। रांची पुलिस की ओर से कहा गया है कि आपके द्वारा रांची पुलिस के ऊपर लगाए गए सभी आरोप तथ्य से सर्वथा परे और निराधार हैं। पुलिस की ओर से सभी जिम्मेदारियों का सम्यक निर्वहन किया गया है। सार्वजनिक तौर पर उपलब्ध वीडियो फुटेज का यदि निष्पक्ष अवलोकन किया जाए तो ज्ञात होगा कि रांची पुलिस ने महत्तम संयम का परिचय देते हुए, विधि-व्यवस्था संधारण के लिए आवश्यक न्यूनतम बल प्रयोग किया है। वरीय पुलिस अधीक्षक और अन्य पदाधिकारियों द्वारा कार्यकर्ताओं से लगातार अनुरोध किया जा रहा था कि वे पत्थर न चलाएं, बैरिकेड न तोड़ें और अपना कार्यक्रम शांतिपूर्ण तरीके से चलाएं।सांसदों और विधायकों से भी अनुरोध किया जा रहा था कि वे कार्यकर्ताओं को ऐसा करने से रोकें परंतु इसके बावजूद पुलिसकर्मियों पर बड़े पत्थर बरसाए गए और बैरिकेडिंग तोड़ने का प्रयास जारी रहा। इससे कुछ पुलिस पदाधिकारी और कर्मी घायल भी हुए हैं। कई कार्यकर्ता पुलिसकर्मियों पर पत्थर फेंकते समय भारत माता की जय के नारे लगा रहे थे। इस दृश्य के परिप्रेक्ष्य में मीडिया की ओर से पूछे जाने पर ही एसएसपी द्वारा यह बयान दिया गया था। इसे आपत्तिजनक कहना युक्तियुक्त नहीं होगा। अपनी जिम्मेदारियों को छोड़, झामुमो कार्यकर्ता की तरह कार्य करने के भवदीय आरोप के संबंध में विदित है कि एसएसपी रांची जब सरायकेला-खरसावां के एसपी (2017-18) के रूप में पदस्थापित थे, तब तत्कालीन मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में व्यवधान पहुंचाने का प्रयास कर रहे झामुमो कार्यकतार्ओं को कड़ाई से न केवल रोका गया था बल्कि प्राथमिकी दर्ज कर तत्कालीन झामुमो जिलाध्यक्ष को हिरासत में भी भेजा गया था।मुख्यमंत्री का पद एक उच्चस्तरीय संवैधानिक पद है जिसकी सुरक्षा के सभी पहलू संवेदनशील होते हैं और इसके संधारण के लिए पुलिस को दृढ रहना ही पड़ता है।

## अल्बर्ट एक्का चौक पर होगा भव्य आयोजन

# कृष्ण बाल रूप झांकी आज दही हांडी प्रतियोगिता कल

नवीन मेल संवाददाता। रांची

श्री कृष्ण जन्माष्टमी सोमवार को मनाया जायेगा। इसके लिए सभी मंदिरों व अन्य जगहों पर तैयारियां पूरी कर ली गयी है। श्री कृष्ण जन्मोत्सव समिति तत्वावधान में अल्बर्ट एक्का चौक, मेन रोड में 26 व 27 अगस्त को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव मनाया जाएगा। समिति के संरक्षक और केंद्रीय मंत्री संजय सेठ, पूर्व सांसद अजय मारू, अध्यक्ष मुकेश काबरा ने कहा कि समिति के द्वारा जन्माष्टमी महोत्सव 2009 में प्रथम बार प्रारम्भ किया गया था। अब 14 वर्ष हो गये। दो दिवसीय आयोजन के प्रथम दिन 26 अगस्त को अपराह्न चार बजे श्रीकृष्ण के बाल रूप में भव्य झांकी का उद्घाटन रांची की विभिन्न सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं सहित व्यापारिक संस्थाओं के अध्यक्ष, सचिव एवं पदाधिकारी करेंगे।

इस संबंध में रविवार को पत्रकार वार्ता में संजय सेठ ने कहा कि धरित्री कला केंद्र की निर्देशिका गार्गी मलकानी के नेतृत्व में बाल कलाकारों के द्वारा नृत्य प्रस्तुति एवं कोलकाता के कलाकारों के द्वारा भगवान श्रीराधा कृष्ण के भावपूर्ण नित्य नाटिका का भी आयोजन रखा गया है। आयोजन स्थल पर भव्य निर्जीव झांकी का भी श्रीकृष्ण भक्तगण अवलोकन कर सकेंगे। श्री कृष्ण के विभिन्न रूपों के साथ बाल गोपाल बच्चे और बच्चियां, जिनकी उम्र 10 वर्ष तक हो, वह श्री कृष्ण झांकी स्वरूप प्रतियोगिता में भी भाग ले सकेंगे। अबतक करीब 100 बच्चों का रजिस्ट्रेशन हो चुका है।



**इस अवसर पर भगवान श्रीकृष्ण को मोटे अनाज सहित माखन मिश्री ,पंजीरी, फल, रखड़ी का भोग लगाया जाएगा। महिलाओं और बुजुर्गों के बैठने के लिए कुर्सी की भी व्यवस्था रखी गई है। 27 अगस्त को संध्या चार बजे से दही हांडी फोड़ो प्रतियोगिता सह भजन संध्या सहित नित्य नाट्य मंचन का आयोजन रखा गया है। साथ ही उत्सव के साथ हांडी फोड़ प्रतियोगिता भी होगी। पुरुष गोविंदा टीम के लिए प्रथम पुरस्कार एक लाख रुपये, द्वितीय पुरस्कार 41 हजार और तृतीय पुरस्कार 21 हजार रुपये तय किए गए हैं। साथ ही साथ पुरुष गोविंदा में प्रथम स्थान पाने वाले को समिति की ओर से शील्ड भी दिया जायेगा। महिला गोविंदा के लिए प्रथम पुरस्कार 51 हजार, द्वितीय पुरस्कार 21 हजार की राशि दी जाएगी। पुरुष गोविंदा के लिए 25 फीट एवं महिला गोविंदा के लिए 20 फीट पर हांडी रहेगी। हांडी के ऊपर रखे नारियल से ही हांडी को फोड़ना है। प्रत्येक टीम को हांडी फोड़ने का चार मिनट का समय दिया जाएगा।**

इस अवसर पर पुरस्कार वितरण आयोजन समिति द्वारा किया जायेगा। प्रथम, द्वितीय, तृतीय पुरस्कार के अलावा प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी बच्चों को भी सांत्वना पुरस्कार दिया जायेगा। संजय सेठ ने कहा कि आयोजन स्थल को फूलों व रंग-बिरंगी लाइटों से सजाया जा रहा है। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण आयोजन स्थल पर भक्त गण बड़े आकार के एलईडी स्क्रीन पर भी देख सकेंगे।

# सुविधाओं से वंचित ग्रामीणों की समस्याओं का करेंगे समाधान

नवीन मेल संवाददाता। रांची

**▸ ग्रामीण की समस्याओं को देखते हुए एक माह के अंदर 30 लाइट देने की घोषणा**

नामकुम के पाहन टोली में मुख्य अतिथि राज्य रक्षा मंत्री सांसद संजय सेठ, पूर्व राज्यसभा सांसद अजय मारू व पूर्व विधायक रामकुमार पाहन ग्रामीणों के साथ बैठक कर उनकी समस्याओं को सुना। इस दौरान उन्होंने पहनटोली, गुरु टोली अन्य टोला में रह रहें ग्रामीणों ने अपनी समस्याओं को रखा। उन्होंने बताया कि उनके पूर्वज आजादी से पूर्व रहते आ रहे हैं, लेकिन देश के आजाद होने के पश्चात भी सड़क व बिजली की उचित व्यवस्था मुहैया नहीं हो सकी है, क्योंकि सैनिक छावनी के अंदर होने के कारण सैनिक द्वारा ना तो ग्रामीणों को पक्का मकान, बिजली का पोल वह पक्की सड़क का निर्माण नहीं करने दिया जाता है। जिससे ग्रामीण पिछले 70 वर्षों से आज तक मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। सांसद संजय सेठ ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुनते हुए उन्होंने तत्काल तीनों टोला के लिए 30 सोलर लाइट एक माह के भीतर देने की घोषणा की। वहीं सैनिक के वरीय पदाधिकारी से बात कर सड़क व अन्य सुविधाओं को पहुंचने का आश्वासन दिया।

इस दौरान ग्रामीणों द्वारा पूर्व पार्षद किरण सांगा, पार्षद कविता सांगा, बिरसा पाहन,बादल सांगा, अरुण पहन के नेतृत्व में ग्रामीणों का समस्याओं का ज्ञापन मंत्री संजय सेठ को सौंपा गया।

वही इस दौरान ग्रामीणों को छोटे बच्चों के द्वारा सांसद संजय सेठ के जन्मदिन के अवसर पर केक काटा गया इस दौरान बच्चों व ग्रामीणों के बीच मिठाई व चॉकलेट बाटी। इस मौके पर बादल सांगा, जयंत ठाकुर, पिंटू सिंह, आकाश सांगा, शंकर तिर्की, आशा सांगा, दिलीप महतो, बसंत सांगा शाहिद अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

# रांची में घर-घर 5,07,474 बच्चों को दिया जाएगा पोलिया ड्रॉप

**रांची।** स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव अजय कुमार सिंह ने रविवार को नवजात को पोलिया ड्रॉप पिलाकर पल्स पोलियो अभियान की शुरूआत की। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय प्रतिरक्षण दिवस पल्स पोलियो रविवार को बूथ पर और 26-27 अगस्त को घर-घर जाकर दवा पिलायी जाएगी। पूरे राज्य में 61 लाख का 0-5 वर्ष के बच्चों को दवा देने का लक्ष्य है। रांची जिले में यह लक्ष्य 5,07,474 बच्चों का है। इसके लिए कुल 3893 बूथ बनाये गए है। इसमें 7778 वैक्सीनेटर, 573 सुपरवाइजर, 22 ट्रांजिट प्वाइंट, 104 मोबाइल टीम एवं 195 सब डिपो बनाये गए हैं। उन्होंने कहा, अभियान की सफलता के लिए विभिन्न माध्यमों से प्रचार-प्रसार किए जा रहे हैं। बता दें कि इसके सफल संचालन के लिए शनिवार को बैठक आयोजित किया गया था।

# श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर मन्दिर में कल मनाया जाएगा जन्माष्टमी पर्व

नवीन मेल संवाददाता। रांची



श्रीकृष्ण का मंगलमय चरित्र वैष्णवों का जीवन है और श्रीरामानुज सम्प्रदाय वैष्णवों का धन है। इसलिए श्रीवैष्णवजन श्रीकृष्ण जन्म व्रत को श्रीजयन्ती के रूप में विशेष पद्धति के साथ मनाते हैं। श्रीवैष्णवजन सदा से सौर सिद्धान्त पद्धति के आधार पर बने पंचांगों से अष्टमी तिथि सूर्योदय व्यापिनी ग्रहण करते हैं। सौर सिद्धान्त से बने विश्व पंचांग, हृषीकेश पंचांग, महावीर पंचांग, श्रीअन्नपूर्णा, काशी विश्वनाथ पंचांग, रंगपंचांग वृंदावन आदि समस्त पंचांगों के अनुसार जन्माष्टमी सूर्योदय व्यापिनी 27 अगस्त को ही है। अस्तु श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर (तिरुपति बालाजी) मन्दिर में भी 27 अगस्त मंगलवार को श्रीजयन्ती - श्रीकृष्णजन्मव्रत मनाने की तैयारी चल रही है।

स्मार्तजन जन्माष्टमी चान्द्रमास गणितीय निर्णय के आधार पर बने पंचांगों से अष्टमी तिथि अर्धरात्रि व्यापिनी ग्रहण करते हैं। इसलिए चान्द्रमासी पंचांगों के निर्णयानुसार स्मार्तों का जन्माष्टमी 26-अगस्त को ही होना उचित है।

# संस्कृत देवताओं की भाषा है : डॉ चन्द्रमाधव



नवीन मेल संवाददाता। रांची

अंतर्राष्ट्रीय मैथिली परिषद, झारखण्ड प्रदेश के द्वारा रांची जिला के हरमू स्थित स्वागतम वैंक्वेट हाल में 'संस्कृत दिवस सह कार्यकर्ता सम्मलेन' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम दो चरणों में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम का शुभारम्भ कवि कोकिल विद्यापति रचित गोसवनि गीत जय जय भैरवी, असुर भयावनी से हुई। संस्कृत दिवस पर वक्ता के रूप में आये हुए डॉ चन्द्रमाधव सिंह ने संस्कृत भाषा की विशिष्टता एवं महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया की संस्कृत देवताओं की भाषा है। इस भाषा का सम्मान अपने भारत देश की सभ्यता एवं संस्कृति का सम्मान करना होगा।स्वागत भाषण अमरनाथ झा एवं धन्यवाद ज्ञापन प्रांतीय अध्यक्ष गंगा प्रसाद यादव ने किया।

मौके पर संरक्षक विनोदानंद झा, अमरनाथ झा, अजय झा, विलट पोद्दार,गंगा प्रसाद यादव, वीरेंद्र कुमार झा, राजीव झा, आशुतोष त्रिवेदी, मृत्युंजय झा,काशी कांत झा, सुधीर ठाकुर, उपेंद्र झा, भुवन किशोर झा, अवधेश ठाकुर, कुमुद झा सहित कई लोग उपस्थित थे।

# हरमू में महिला चिकित्सक से चेन छीन भागे बदमाश

**रांची।** हरमू निगम पार्क के पास रहने वाली डॉ अनुराधा शर्मा से बाइक सवार दो अपराधी गले से सोने की चेन छीनकर फरार हो गए। घटना शनिवार की है। इस संबंध में चिकित्सक ने अरगोड़ा थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि वह शनिवार को घर के समीप एक दुकान से अगरबत्ती खरीदकर लौट रही थीं। इसी दौरान एक बाइक पर सवार दो अपराधी अचानक आ धमके। उनके गले से चेन छीना और फरार हो गए। हालांकि उन्होंने शोर मचाया और पीछे दौड़ीं, लेकिन अपराधी फरार हो गए।

# श्री राधा कृष्ण मंदिर से निकाली गयी भव्य शोभायात्रा

नवीन मेल संवाददाता। रांची

जन्माष्टमी पर रविवार को कृष्णा नगर कॉलोनी के श्री राधा कृष्ण मंदिर से बाल गोपाल कृष्ण की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा ने कृष्ण नगर कॉलोनी की गलियों में घूम-घूम कर इलाके को कृष्णमय कर दिया। शोभा यात्रा का मुख्य आकर्षण लड्डु गोपाल की अलौकिक झांकी रही। शोभा यात्रा का कॉलोनी के चौक चौराहों पर फूल बरसाकर स्वागत किया गया। इस दौरान श्री दुर्गा जागरण मंडली के सदस्यों द्वारा भजनों की सरिता का प्रवाह किया और माहौल को कृष्ण के रंग में रंग दिया। श्री दुर्गा जागरण मंडली के केसर पपनेजा ,पवन मनुजा, मनोज किंगर, ज्योति अरोड़ा और चंदन सरदाना ने एक के बाद एक भजन गाकर कॉलोनी को कृष्ण के रंग में रंग दिया। इस दौरान शोभायात्रा में शामिल भक्तों पर भी कॉलोनी वासियों ने फूल बरसाए और सुगंध का छिड़काव किया। श्री राधा कृष्ण मंदिर प्रबंध समिति के मीडिया प्रभारी अरुण जसूजा ने बताया कि 26 अगस्त को मंदिर में जन्माष्टमी का पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। वृंदावन से आए श्री रसिक पुराण पागल द्वारा सु मधुर भजन पेश किए जाएंगे। श्री दुर्गा जागरण मंडली द्वारा भजनों का कार्यक्रम पेश किया जाएगा। सुबह 11:30 से रात 1:00 तक मंदिर के पंडितों और पुजारी द्वारा संस्कृत में श्री भागवत गीता का पाठ किया जाएगा दोपहर 2 बजे से शाम के 6 बजे तक सामूहिक हरि गीता का पाठ भक्तों द्वारा किया जाएगा।

## झारखंड विधानसभा की पर्यावरण एवं प्रदूषण नियंत्रण समिति की हुई बैठक

# माइनिंग, क्रशर व उद्योग से खेती को किसी प्रकार का कोइनुकसान नहीं हो : सभापति

नवीन मेल संवाददाता। रांची

झारखंड विधानसभा पर्यावरण एवं प्रदूषण नियंत्रण समिति के सभापति समीर मोहंती, सदस्य समरीलाल एवं झारखंड विधानसभा के अवर सचिव रविशंकर प्रसाद ने मोरहाबादी स्थित राजकीय अतिथिशाला सभागार में जिलास्तरीय पदाधिकारियों के साथ बैठक की।

बैठक के दौरान सबसे पहले सभापति ने झारखंड विधानसभा की पर्यावरण एवं प्रदूषण नियंत्रण समिति के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए विभिन्न मामलों पर चर्चा के क्रम में आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिए। इसके बाद उन्होंने विभागावार संबंधित अधिकारियों से वर्तमान में किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली। मौके पर उन्होंने प्राप्त अद्यतन कार्रवाई प्रतिवेदन तथा क्रियान्वित योजनाओं की रिपोर्ट के आधार पर विभागीय पदाधिकारियों से जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए।



बैठक के दौरान जिले में पर्यावरण संरक्षण एवं प्रदूषण नियंत्रण हेतु संपादित की जा रही गतिविधियों सहित अलग-अलग विभागों के माध्यम से संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की रिपोर्ट का भी समिति द्वारा अवलोकन किया गया। सभापति ने जिला खनन पदाधिकारी को कहा कि माइनिंग, क्रशर तथा उद्योग आदि से खेती को नुकसान न हो, यह सुनिश्चित करें। उन्होंने जिले में चल रहे सभी माइंस के सीमांकन की जानकारी ली। बैठक के दौरान सभापति एवं सदस्य द्वारा लाइन एजेंसियों जैसे- भवन, पथ प्रमंडल आदि के कार्यपालक अभियंताओं से वर्तमान में निर्माणाधीन योजनाओं, संचालित योजनाओं एवं उनके माध्यम से लोगों को मिल रहे लाभ की जानकारी ली गई। इस दौरान उन्होंने गुणवत्ता सुनिश्चित करते हुए योजनाओं को पूर्ण करने सहित अन्य आवश्यक निर्देश अधिकारियों को दिए।

# मारवाड़ी भवन में सजा राणी सती दादी का दरबार

नवीन मेल संवाददाता। रांची



**▸ आज दिनभर देश के नामी-गिरामी भजन गायक करेंगे दादी का गुणगान**

श्री राणी सती मंडल के वार्षिकोत्सव में श्री राणी सती दादी नव-दुर्गा के रूप में पंच देवों के साथ विराजित होकर अपने भक्तों को दर्शन देंगी। सोमवार सुबह 7 बजे आचार्य श्याम सुंदर भारद्वाज मंत्रोच्चारण के साथ महोत्सव संयोजक सुशील केडिया सपत्नीक गणेश पूजन संपन्न कराएंगे। उसके बाद समाजसेवी संजय चौधरी दीप-प्रज्ज्वलित कर महोत्सव का उद्घाटन करेंगे। मंडल की भजन मंडली द्वारा दादी के चरणों में पांच भजनों की माला अर्पित की जाएगी। सूरत की सुरभि बिरजूका दादी के जीवन चरित्र पर आधारित मंगल पाठ का वाचन करेंगी। मंगल पाठ में पारंपरिक राजस्थानी वेशभूषा में 700 महिलाओं द्वारा पाठ किया जाएगा। दोपहर में रांची की धार्मिक संस्था श्री हनुमान मंडल के सदस्य दरबार में हाजिरी लगाएंगे। वाराणसी की पायल अग्रवाल और कोलकाता के विजय सोनी भजनों के माध्यम से दादी का गुणगान करेंगे। महाआरती के साथ रात 9 बजे महोत्सव का समापन होगा। प्रचार और मीडिया प्रभारी निर्मल बुधिया ने बताया कि महोत्सव के सफल आयोजन में विनोद झुनझुनवाला, राजेन्द्र केडिया, अरविंद मंगल, सुशील केडिया, निर्मल बुधिया , महेश कानोडीया, मनोज अग्रवाल, अमित खेमका, पवन फोगला, विजय खोवाल, राजेश पोद्दार , राजन प्रसाद, दिनेश गोयल, सुमित गारोदिया, मनीष बागला, विशाल सिंघानिया, अशोक सर्राफ , आनंद टाईवाला आदि के साथ ही सैंकड़ों सदस्य योगदान दे रहे हैं।

## न्यूज बॉक्स

### अकाशवाणी ने श्रावणी संगीत उत्सव का किया आयोजन




**रांची।** अकाशवाणी की ओर से शनिवार को रांची में स्वाधीनता संगीत उत्सव श्रावणी का आयोजन किया गया। श्रावणी संगीत उत्सव आर्यभट्ट सभागार में किया गया। संगीत उत्सव का उद्घाटन अकाशवाणी के केंद्र प्रमुख डीसी हेंब्रम, दूरदर्शन के केंद्र प्रमुख आरके राव और कार्यक्रम प्रमुख गौरव शेखर राय ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस मौके केंद्र प्रमुख और कार्यक्रम प्रमुख ने पंडित मोर मुकुट केडिया, पंडित मनोज कुमार केडिया और तबला वादक श्रीजीत चटर्जी को पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर कार्यक्रम प्रमुख गौरव शेखर राय ने स्वागत संबोधन किया। उत्सव में सितार सरोद जुगलबंदी सुनने को मिली।मौके पर श्रीजीत चटर्जी ने तबला संगत प्रस्तुति दी।

### रिम्स मेडिसिन ओपीडी में आज डॉ विद्यापति देंगे परामर्श

**रांची।** रिम्स में मरीजों को सोमवार को मेडिसिन ओपीडी में डॉ विद्यापति परामर्श देंगे। वहीं, सर्जरी में डॉ शीतल मलुआ, ऑर्थो में डॉ विनय प्रभात, न्यूरो सर्जरी में सुरेंद्र, ईएनटी में डॉ आरके चौधरी और आई में डॉ सुनील मरीजों को परामर्श देंगे।

### श्री द्वारिकाधीश धाम में जन्माष्टमी महोत्सव आज

**रांची।** श्री द्वारिकाधीश धाम राम मंदिर, गाड़ीखाना में सोमवार की शाम सात बजे से श्रीकृष्ण जन्मोत्सव सह भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। इसमें गायक भजन प्रस्तुत कर भक्तों को झुमाएंगे। मंदिर के मुख्य पुजारी अमरदास महाराज ने बताया कि रात 12 बजे लड्डू गोपाल का जन्मोत्सव मनाया जाएगा। मंदिर की मनोहारी सजावट की जाएगी। वहीं, तीन सितंबर को दिन के तीन बजे से श्रीकृष्ण की छट्ठी पर प्रसाद महोत्सव का आयोजन होगा।

### डिस्ट्रिक्ट मेंबरशिप सेमिनार में क्लब के विकास पर चर्चा

**रांची।** रोटरी क्लब ऑफ, रांची की ओर से रविवार को रांची के एक होटल में डिस्ट्रिक्ट मेंबरशिप सेमिनार ह्यइग्निट का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में सदस्यता, क्लब का विस्तार, विभिन्न प्रोजेक्ट, क्लब का उद्देश्य, क्लब में महिला सदस्यों की भूमिका, गांवों में रोटरी की उपस्थिति पर चर्चा की गई। मुख्य अतिथि रवि सहगल, समीर हरियानी, क्लब के अध्यक्ष गौरव बागरॉय, संजीव ठाकुर, कमल सांघवी व विपिन चाचन ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम में बिहार-झारखंड के 60 क्लबों के 356 से अधिक सदस्य शामिल हुए। मौके पर अजॉय छाबड़ा, राजीव मोदी, नम्रता, अनु नारंग, मयार्दा गंभीर मौजूद थे।

### एचईसी यूनियनों का प्रतिनिधिमंडल चिराग पासवान से मिला



**रांची।** एचईसी की चार यूनियनों के प्रतिनिधिमंडल ने रविवार को केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा और एचईसी की समस्याओं से अवगत कराया। मंत्री ने सभी बातों को सुनने के बाद कहा कि जल्द ही भारी उद्योग मंत्री से मुलाकात कर एचईसी को चलाने पर चर्चा करेंगे। केंद्रीय मंत्री से मिलने वालों में एचईसी लिमिटेड श्रमिक कर्मचारी यूनियन के महामंत्री प्रकाश कुमार, अध्यक्ष पवन सिंह, सुशील वाजपेयी, संजय सिन्हा, रामलाल सिंह, श्रमिक संघ यूनियन के अध्यक्ष सनी सिंह, लोकनाथ, हटिया लोकमंच के सचिव विमल महली और जनता मजदूर यूनियन के महामंत्री एसजे मुखर्जी और तरुण कुमार शामिल थे।

### असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने नामकुम में ग्रामीणों के साथ सुनी मन की बात



**रांची।** नामकुम प्रखंड के हुआंगहातू में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात के 121वें संस्करण को सुनने के लिए असम के मुख्यमंत्री सह झारखंड भाजपा के प्रभारी हेमंता विश्व सरमा उपस्थित हुए। इस दौरान पारंपरिक रीति रिवाज के साथ ग्रामीणों ने उनका स्वागत किया। हिमंता लगभग 400 लोगों के साथ प्रधानमंत्री के मन की बात सुनी। उनके साथ राज्य राज्यसभा सांसद प्रदीप वर्मा, पूर्व विधायक रामकमार पाहन, पूर्व जिलाध्यक्ष जैलेन्द्र कुमार, प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष आरती कुजूर, रितेश उरांव, जिला परिषद सदस्य राम अवतार केरकेट्टा, उमेश बड़ाइक, गोपाल चौधरी, अनिरुद्ध पांडेय, शंकर सिंह मुंडा आदि मौजूद थे। कार्यक्रम के बाद हिमंता ने स्थानीय बूथ अध्यक्षों के साथ बैठक कर उन्हें बूथ जिताने का मंत्र दिया। उन्होंने बूथ अध्यक्षों को महीने में एक बार बैठक कर केन्द्र सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं पर चर्चा कर उसका लाभ लेने और ग्रामीणों को दिलाने की बात कही। वहीं बूथ अध्यक्ष को अपनी टीम के साथ गांव में बैठकें करने और वर्तमान सरकार की नाकामियों को लोगों को बताने की बात कही। राज्य के सह प्रभारी हिमंता ने भाजपा कार्यकर्ता शंकर सिंह मुंडा के घर भोजन किया और गांव में लगभग साढ़े चार घंटे बिताने के बाद वापस लौटे।

### रेलवे मेंस फेडरेशन ने यूनिफाइड पेंशन को बताया बुढ़ापे का मजबूत सहारा

**रांची।** ऑल इंडिया रेलवे मेंस फेडरेशन ने देश में लागू की गई यूनिफाइड पेंशन को देश के कर्मचारियो और कामगारों के लिए बुढ़ापे का सशक्त शहर बताया है। ऑल इंडिया रेलवे मेंस फेडरेशन के महामंत्री और संयुक्त परामर्शदात्री समिति की राष्ट्रीय परिषद के सचिव शिव गोपाल मिश्रा ने बताया कि पिछले 10 वर्षों में पहली बार प्रधानमंत्री ने भारत के संगठित क्षेत्र के मजदूरों की समस्याओं को गंभीरता से लिया है और निदान के रूप में यूनिफाइड पेंशन का तोहफा दिया है। पेंशन का इससे बेहतर विकल्प नहीं हो सकता। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री के आवास पर हुई बैठक में उनके अलावा सभी सेक्टर के प्रतिनिधि मौजूद थे उनकी मौजूदगी में प्रधानमंत्री ने सब के विचारों को सुना और समाधान के लिए और स्वस्थ किया। शनिवार की शाम को कैबिनेट की बैठक में पेंशन की गारंटी स्वरूप यूनिफाइड पेंशन के मसूड़े को लागू करने की घोषणा की गई। यूनियन के मीडिया प्रभारी एनके खवास में बताया कि लंबे समय से उनका संगठन रेल कर्मियों के सेवानिवृत्ति पर एनपीएस समाप्त कर पुरानी पेंशन के रूप में पेंशन की गारंटी की मांग को लेकर राष्ट्रव्यापी आंदोलन कर रहे थे। संगठन के केंद्रीय अध्यक्ष डी के पांडे ने कहा कि रेल कर्मियों के संगठित संघर्ष से पेंशन की गारंटी मिली है एनपीएस के अधीन अभी भी जहां हजार ?1200 ही पेंशन के रूप में मिल रही थी अब यूनिफाइड पेंशन लागू होने पर अंतिम सेवा वर्ष के 12 महीना के वेतन के औसत की आधी राशि पेंशन के रूप में देने की गारंटी मिली है और यह बहुत बड़ी उपलब्धि है।

## एक नजर

### जिप सदस्य ने किया ट्रांसफॉर्मर का उद्घाटन



**मांडर।** तिगोई अम्बा टोली पंचायत के हेसल घुघरी में रविवार को 200 केवीए का ट्रांसफॉर्मर का उद्घाटन जिला परिषद् सदस्य परमेश्वर भगत ने किया। मौके मुस्तक अंसारी, सफिक अंसारी, परवेज अंसारी, मुना गोप, समसाद अंसारी समेत कई लोग मौजूद थे।

### लापुंग में किया गया लखपति दीदियों को सम्मानित



**लापुंग।** एक तरफ जहां देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को महाराष्ट्र के जलगांव में लखपति दीदी कार्यक्रम में शामिल हुए और देशभर की दीदियों को सम्मानित किया वहीं दूसरी ओर लापुंग प्रखंड में जेएसएलपीएस द्वारा संकुल स्तरीय लखपति दीदी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह जेएसएलपीएस की बीपीएम सविता सांगा, एफटीसी सीमा सिंह, आजीविका बीआरपी कार्तिक भगत व जूही सुल्ताना की उपस्थिति में आयोजित किया गया। इस मौके पर लापुंग प्रखंड की सभी लखपति दीदी और जेंडर सीआरपी उपस्थित हुईं। इस मौके पर लखपति महिला किसान दीदियों को सम्मान पत्र दिया गया। जिन लखपति दीदियों को सम्मानित किया गया उनमें रंथी देवी, प्रभा देवी, सावित्री देवी, सरिता देवी, इंदू देवी, सुमति देवी, राधिका देवी, जमावति देवी, अनिता देवी के साथ ही सीआरपी लखपति दीदी सुनीता देवी, शांति भेंगरा, अंजनी देवी, श्यामा मुंडा और सविता देवी को सम्मानित किया गया।

### अंतरराष्ट्रीय नवोदय चैंबर ऑफ कॉमर्स ने आयोजित किया स्किल डेवलमेंट जागरूकता सेमिनार

**रांची।** रांची प्रेस क्लब सभागार में अंतर्राष्ट्रीय नवोदय चैंबर ऑफ कॉमर्स के तत्वाधान में स्किल डेवलमेंट जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया गया । कार्यक्रम में राज्यभर के सैकड़ों प्रतिभागियों ने भाग लिया। फाइनेंस में ए आई का उपयोग के बारे में सुरेश बहेरा, चीफ मैनेजर सीएमपीडीआई ने विस्तृत में जानकारी दी। सेमिनार को संबोधित करते हुए सीएमए संदीप कुमार ने कहा झारखंड के सभी पेशेवर छात्र छात्राओं को लघु उ?द्योगों ओर अन्य संगठनों के साथ मिलकर रोजगार के लिए कार्य किया जा रहा है। कार्यक्रम के मुख्य अथिति सीएमए मुकेश कुमार, वित्त निदेशक मेकॉन ने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा तकनीकी ज्ञान ओर कौशल विकास ही जीवन को बेहतर बनाने के लिए उपयोगी है। कार्यक्रम में मुख्य रूप सीएमए मुकेश कुमार, प्रभास मिश्रा, वेणी माधव झा, मनोज सिंह, गौतम सरकार, राजकिशोर साहू सहित कई सदस्य उपस्थित रहे।

# हेमंत ने भाजपा के षड्यंत्र का हर बार दिया करारा जवाब : झामुमो

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने भाजपा के 'मिला क्या' अभियान को हताशा का परिणाम बताया है। झामुमो महासचिव सह प्रवक्ता विनोद कुमार पांडेय ने प्रेस बयान जारी कर कहा है कि पूर्व की भाजपा सरकारों की तुलना में हेमंत सरकार ने कई-कई गुना ज्यादा दिया है। भाजपा ने 20 साल तक सुनियोजित तरीके से जानबूझकर झारखंड को पिछड़ा रखने का काम किया। हेमंत सोरेन के नेतृत्व में गठबंधन सरकार बनी तो सत्ता लोलुप भाजपा को खून के घूंट पीने पड़ गए। हेमंत सोरेन ने 2019 से लेकर अभी तक भाजपा के हर षड्यंत्र को हर बार करारा जवाब दिया है और आगे भी विभाजनकारी राजनीति करने वाली भाजपा को और करारा जवाब दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि राज्य में हेमंत सरकार हर क्षेत्र में ऐतिहासिक कार्य कर रही है। प्रत्येक गांव और टोला को सारी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में काफी तेजी से काम हो रहा है। केंद्र के असहयोग के बावजूद राज्य सरकार सभी गरीबों को अबुआ आवास राज्य के पैसे से दे रही है। हेमंत सरकार ने भाजपा की तुच्छ और षड्यंत्रकारी राजनीति को बार-बार धूल चटवा कर लोगों को हमेशा अधिकार देने का काम किया। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार की उपलब्धियों की सूची इतनी लंबी और गहरी है कि भाजपा के नेता उसे न तो छू पाएंगे, न ही हल्की करने में कभी कामयाब हो पाएंगे। भाजपा के नापाक मंसूबे झारखंड में कभी पूरे नहीं होंगे। विनोद पांडेय ने कहा कि झारखंड के युवाओं को राज्य में ही रोजगार के अवसर उपलब्ध कराकर उनके पलायन को रोकने के लिए हमारी सरकार द्वारा झारखंड राज्य के निजी क्षेत्र में स्थानीय उम्मीदवारों का नियोजन अधिनियम, 2021 लागू किया गया है। जिसके तहत 40 हजार रुपए तक मासिक वेतन या मजदूरी पाने वाले पदों के विरुद्ध 75 प्रतिशत पद पर स्थानीय निवासियों की नियुक्ति की जानी है। राज्य सरकार द्वारा संचालित प्रशिक्षण कार्यक्रम से लाभ लेकर अब तक दो लाख से ज्यादा नौजवान युवा एवं युवती निजी क्षेत्र में रोजगार प्राप्त कर चुके हैं।

# श्री श्याम मंदिर में श्री कृष्ण का 5249 वां जन्मोत्सव आज

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा संचालित हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में सोमवार 26 अगस्त को जगद्गुरु 16 कलाओं से युक्त पूर्णावतार भगवान श्री कृष्ण का 5249 वां जन्मोत्सव श्री कृष्ण जन्माष्टमी के रूप में मनाया जाएगा। उत्सव को लेकर वृहद तैयारी की जा रही है। ज्ञातव्य है कि पिछले 52 वर्षों से श्री श्याम मित्र मंडल श्री कृष्ण जन्माष्टमी कार्यक्रम आयोजित कर रहा है। श्री श्याम मंदिर हरमू रोड में इस बार अष्टम आयोजन है। श्री श्याम मित्र मंडल के प्रथम महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने बताया कि खाटू धाम के श्री श्याम मंदिर की परंपरा के अनुसार समारोह आयोजित किया जाएगा। प्रातः 5:00 बजे मंदिर खोल दिया जाएगा। 5:30 बजे पंच दीप की आरती और बाल भोग लगाया जाएगा। कोलकाता से आने वाले विभिन्न रंगों के फूलों से भव्य श्रृंगार करके 8:30 बजे आरती व भोग का कार्यक्रम होगा। दोपहर 12:00 बजे भोग अर्पित करके शंख आरती के बाद सभी गर्भ गृहों के पट बंद कर दिए जाएंगे जो सायं 4:30 बजे खुलेंगे। रात्रि 7:00 बजे ग्वाल भोग एवं ग्वाल आरती तथा रात्रि 8:00 बजे भोग लगाकर भोग दर्शन भक्तजन कर सकेंगे। बेंगलुरु कोलकाता आदि से लाए गए लाल एवं पीला टच गुलाब तथा तुलसी दल से जन्मोत्सव श्रृंगार की तैयारी की जाएगी। महास्नान अनुष्ठान किया जाएगा। सभी देवी देवताओं को नवीन पोशाक पहनाकर दिव्य एवं मनमोहक श्रृंगार किया जाएगा। मंदिर के गर्भ गृहों के बाहर चौखट पर भी फूल पत्तों की विशेष सजावट की जाएगी।

## न्यूज बॉक्स

### पोलियो उनमूलन सप्ताह को लेकर कैंप का आयोजन



**सिल्ली।** 25 से 27 अगस्त तक चलने वाले पोलियो उनमूलन सप्ताह को लेकर रविवार को मुरी, सिली के बाजार बस स्टैंड, स्टेशन समेत कई जगह पर पोलियो कैप लगाया गया। जहाँ शून्य से पॉच वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को पोलियो की बूदें पिलाया गया। 26 एवं 27 को वेकसीनेटर टीम के सदस्य द्वारा घर घर जाकर पोलियो ड्रॉप्स पिलाया जायेगा। इन दिनों पडोसी मुल्क पाकिस्तान, अफगानिस्तान से पोलियो के कुछ मामले सामने आ रहे हैं, इसको देखते हुए एहतियात के तौर पर देश में 25 से 27 अगस्त तक सघन प्लस पोलियो अभियान चलाया जायेगा।

### हरिमोहन साहु के घर पहुंची गांगोत्री कुजूर



**लापुंग।** मांडर विधानसभा क्षेत्र की पूर्व विधायक और भाजपा नेत्री गंगोत्री कुजूर एवं एसटी मोर्चा के भोगेन सोरेन लापुंग प्रखंड के कचनपुर गांव पहुंचकर लापुंग मंडल अध्यक्ष हरिमोहन साहु एवं उनके परिवार को ढांढस बंधाया। भाजपा मंडल अध्यक्ष हरिमोहन साहु के छोटे भाई शंकर साहु का पिछले दिनों वज्रपात की घटना में आकर निधन हो गया था। पीड़ित परिवार से मिलकर भाजपा नेत्री एवं पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर ने कहा कि शंकर साहु बहुत ही कुशल किसान और मृदुभाषी थे। उनके निधन से उनका पूरा परिवार बहुत मर्माहत हो गया है। उनकी धर्मपत्नी भी बहुत गहरे सदमे में है। श्रीमती कुजूर ने परिवार से मिलकर इस दुख के घड़ी में हमेशा साथ खड़े रहने का भरोसा जताया तथा हर संभव मदद का भी विश्वास दिलाया। उन्होंने ईश्वर से इस दुःख के घड़ी में पूरे परिवार को साहस प्रदान करने की कामना की। इस मौके पर एसटी मोर्चा रांची ग्रामीण जिला प्रभारी भोगेन सोरेन , मंडल महामंत्री जितेंद्र पाल सिंह और ओबीसी मोर्चा के अध्यक्ष नंदलाल साहु सहित कई लोग मौके पर उपस्थित थे।

### खलारी में 8306 बच्चों को पिलाया गया पोलियो ड्राप



**खलारी।** पोलियो मुक्त भारत अभियान के तहत खलारी प्रखंड क्षेत्र में 0 से 5 साल तक के बच्चों को पोलियो ड्राप पिलाने की शुरूआत हुई। प्रखंड क्षेत्र के 107 पोलियो बूथ सहित 5 ट्रांजिट बूथ बनाए गए हैं। ट्रांजिक बूथों में खलारी रेलवे स्टेशन, राय स्टेशन, मैकलुस्कीगंज स्टेशन, डकरा रीजनल हॉस्पिटल व मीना बाजार शामिल है। इन सभी जगहों पर बच्चों को पोलियो की दवा पिलायी गई। रविवार को 0 से 5 साल तक के कुल 8306 बच्चों को पोलियो ड्राप पिलायी गई। प्रखंड के जो बच्चे किसी कारण से 25 अगस्त को दवा पीने से वंचित रह गए हैं, उन्हें 26 व 27 अगस्त को एएनएम तथा सहिया दीदीयों द्वारा घर-घर जाकर दवा पिलायी जाएगी। डा इरशाद, डा रवीन्द्र कुमार व डा पूजा कुमारी ने बूथों में घूम घूमकर पोलियो ड्राप अभियान का निरीक्षण किया। इस अभियान को लैब टेकनिशियन परवेज खान, एमपीडब्लु सुमित कुमार, सुरेन्द्र उरांव, राजीव रंजन, एएनएम सिन्टु कुमारी, अर्पणा उरांव, किरण एक्का, नम्रता तिग्गा, मीना कुमारी के अलावा सेविका, सहायिका, सहिया सहित समाजसेवियों का सराहनीय योगदान रहा।

### स्मार्ट बैंक्वेट हॉल में मन की बात कार्यक्रम सुनने के लिए इकट्ठा हुए भाजपाई



**चान्हो।** बीजूपाड़ा स्थित स्मार्ट बैंक्वेट हाल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात सुनने के लिए पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा समेत भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के कई पदाधिकारी मौजूद हुए। मन की बात की 113 वीं एपिसोड को भारत के 13 राज्यों में लाइव प्रसारण किया गया जिसमें झारखंड भी शामिल है। इस केंद्र को टी वी पर लाइव देखा गया। मौके पर बोलते हुए श्री मुंडा ने कहा कि प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ऊँचाइयों को छु रहा है। वहीं सन्नी टोप्पो ने कार्यक्रम के सफल बनाने के लिए सभी कार्यकर्ताओं का धन्यवाद किया। इससे पहले पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा को झारखंड भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के उपाध्यक्ष सोनी तबस्सुम ने बुके देकर स्वागत स्वागत किया। यह कार्यक्रम भाजपा नेता सन्नी टोप्पो की अगुवाई में की गई। मौके पर पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर, सोनी तबस्सुम, शफीक अंसारी, सतेंद्र प्रसाद, भाजपा नेता राम नारायण भगत, नीतू कुजूर,अमित सिंह, सुधाकर चौबे, अमित कुमार, तनवीर आलम, मो रिजवान, मो जियाउल हक, मनोज किस्पोट्टा, पटेल, अरविंद सिंह, विजय महतो, मुकेश सोनी, विजय सोनी, प्रदीप महली समेत सैकड़ो लोग मौजूद थे।

### हटिया विस्थापित ग्रामीणों की बैठक में आंदोलन शुरू करने पर सहमति

**पिस्कानगड़ी।** प्रखंड के कुटे गांव में हटिया विस्थापित गांवों के ग्रामीणों की बैठक विस्थापित परिवार समिति के अध्यक्ष पंकज शाहदेव की अध्यक्षता में हुई। समिति के अध्यक्ष पंकज शाहदेव ने कहा कि विस्थापित ग्रामीणों की जमीन पर नई राजधानी बनाई जा रही है। विस्थापितों से सरकार द्वारा वार्ता के दौरान कई वायदे किए गए थे। लेकिन उसकी अवहेलना कर यहां विधानसभा, हाईकोर्ट बन गए और अन्य कार्यालयों का निर्माण किया जा रहा है। सरकार विस्थापितों से किए गए वादों और वार्ता के दौरान बनी सहमति का उल्लंघन कर रही है इसलिए हम विस्थापित फिर से आंदोलन की राह पकड़ने को मजबूर हैं। आनेवाले समय में सरकार ने क्षेत्र में होटल ताज और अन्य संस्थान को जो जमीन दी है इसका निर्माण किसी भी सूरत में विस्थापित इस क्षेत्र में नहीं होने देंगे।

# संपूर्ण भारतवर्ष से पोलियो को जड़ से उखाड़ फेंकना है : सविता उरांव



**नवीन मेल संवाददाता। लापुंग**

लापुंग प्रखंड में राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस पल्स पोलियो कार्यक्रम के तीसरे चरण में विशेष अभियान चलाकर 132 पोलियो केंद्र में लक्ष्य 12175 बच्चों में से 9010 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई गई। शेष बच्चों को 26 एवं 27 अगस्त को घर घर जाकर पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी। प्रखंड स्तरीय पोलियो केंद्र सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में फीता काटकर बतौर मुख्य अतिथि सापुकेरा पंचायत की मुखिया सविता उरांव ने अभियान का शुभारंभ किया। इस मौके पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ नमिता लकड़ा और मुखिया सविता उरांव ने 0 से 5 साल के बच्चों को पोलियो की खुराक दी। इस मौके पर सविता उरांव ने कहा कि संपूर्ण भारतवर्ष से पोलियो को जड़ से उखाड़ फेंकना आवश्यक। इसी लक्ष्य के लिए हम सभी प्रयास कर रहे हैं। ग्रामीण इलाकों में पल्स पोलियो कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए ग्रामीणों में जागरूकता की बहुत आवश्यकता है। जब सभी जागरूक होंगे तभी कार्यक्रम शत प्रतिशत सफल होगा।

# मांडर विधानसभा से स्थानीय माटी पुत्र को प्रतिनिधित्व करने का मौका दें : शमीम अख़्तर

**नवीन मेल संवाददाता। मांडर**



आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर रविवार को बाइक रैली कर मांडर प्रखंड के बिसाहाखटंगा में सभा का आयोजन किया गया। मौके पर बोलते हुए समाजसेवी अब्दुल गफ्फार ने कहा कि आज तक हम सभी लोग शोषित हो रहे हैं। इस बार मांडर विधानसभा क्षेत्र की जनता को शिक्षित, ईमानदार, कर्मठ व्यक्ति को विधायक बनाना है। वहीं मोमिन कांफ्रेंस के अध्यक्ष शमीम अख़्तर आजाद ने कहा कि इस बार मांडर विधानसभा क्षेत्र की जनता स्थानीय माटी पुत्र को प्रतिनिधित्व करने का मौका दें। डॉ मंजू मिंज ने कहा कि मेहनती, ईमानदार जो कि युवा, बड़े बुजुर्गों, महिलाओं को सम्मान बच्चो से स्नेह करने, प्रशासनिक सेवा में एक लंबी अवधि व्यतीत किए हुए व्यक्ति को मांडर की जनता को अवश्य चुनना चाहिए। डॉ परमेश्वर भगत ने ग्रामीणों से कहा कि बीते 20 वर्ष में जो काम देखने को नहीं मिल रहा है चाहे वह स्थाई डोमिसाइल नीति, पेसा कानून, आदिवासी सरना कोड, नियोजन नीति, पलायन रोकने की नीति और कुटीर उद्योग लगाने से संबंधित नीति, टाना भगत विकास प्राधिकरण का पुनर्गठन, उर्दू एकेडमी एवं मदरसा बोर्ड का गठन हो इन तमाम बिंदु पर काम करने की जरूरत है। मौके पर हातिम अंसारी, अमानत अंसारी, जुमाउद्दीन अंसारी, फिरदौस खान, अली अंसारी, महबूब अंसारी, अनिल गोप, राजू महतो, बालसिंग महकी, मनोहर गुप्ता, विष्णु गोप, मुदीन अंसारी, रोजिद अंसारी, सलीम अंसारी, जहरुद्दीन अंसारी, अजबुल अंसारी, सोहैल अख्तर, मन्नू खान, इस्तियाक खान, मकसूद अंसारी, विजय सिंह, अशोक साहू, कयूम अंसारी सहित सैंकड़ों लोग उपस्थित थे।

### रणविजय नाथ शाहदेव को दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि

# अकमरोमा की टीम बनी लाल रणविजय नाथ स्मृति फुटबॉल प्रतियोगिता की चैंपियन



**लापुंग।** लापुंग प्रखंड के पोकटा गांव के खेल मैदान में झारखंड रत्न झारखंड आंदोलनकारी दिवंगत लाल रणविजय नाथ शाहदेव स्मृति फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। पोकटा ग्राम युवा समिति के तत्वावधान में आयोजित फुटबॉल प्रतियोगिता के फाइनल मैच में अकमरोमा की ग्रामीण टीम ने डुरु ग्रामीण टीम को 2-0 गोलों से हराकर चैंपियन बनने का गौरव प्राप्त किया। वहीं दरमीटोली की टीम तृतीय स्थान पर रही। कार्यक्रम के आयोजक दिवंगत झारखंड रत्न लाल रणविजय नाथ शाहदेव के पौत्र ऋतुराज शाहदेव ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ियों में प्रतिभा कूट-कूट कर भरी हुई है। उन्हें तराशना और उन्हें आगे बढ़ाना हम सभी का कर्तव्य है। वहीं बतौर मुख्य अतिथि कर्नल ज्योतिंद्र नाथ शाहदेव, विशिष्ट अतिथि लापुंग के थाना प्रभारी संतोष कुमार यादव, डॉ अजय नाथ शाहदेव, समाजसेवी राम शंकर सिंह गंझु ने संयुक्त रूप से प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। उन्होंने विजेता और उपविजेता टीम को सम्मानित एवं पुरस्कृत किया। इसके पूर्व दिवंगत झारखंड रत्न लाल रणविजय नाथ शाहदेव के चित्र पर माल्यार्पण कर अतिथियों ने भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस मौके पर प्रताप सिंह, शिवम सिंह, यस चौरसिया, गुड्डु उरांव, विवेक कुमार सहित अन्य लोगों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### 26 दिन के काम पर देना होगा एक महीने का वेतन

# कंपनी को महीने भर की मजदूरी का भुगतान करना होगा : अब्दुल्ला

**नवीन मेल संवाददाता। खलारी**



असंगठित मजदूरों की बैठक की गई। अध्यक्षता अशोक सिंह ने किया। बैठक में मुख्य रूप से आरसीएमएस एनके एरिया सचिव सह मजदूर नेता अब्दुल्ला अंसारी उपस्थित थे। बैठक के दौरान मजदूरों के समस्या पर चर्चा की गयी। बैठक को संबोधित करते हुए अब्दुल्ला अंसारी ने कहा कि श्रम विभाग ने एक आदेश जारी किया है, जिसमें कहा गया है मजदूरों को माह में चार दिन की छुट्टी देना अनिवार्य है। इस अवकाश का भी मजदूरी भुगतान करना होगा। इसके बदले में उनकी मजदूरी नहीं काटी जाएगी। महीने में 26 दिनों के कार्य के बदले श्रमिक को महीने भर की मजदूरी का भुगतान करना है। साथ ही साप्ताहिक अवकाश के दिन काम लिया गया तो मजदूर को दोगुनी हाजरी देनी होगी। अब्दुल्ला ने मजदूर हित में इस सराहनीय कार्य के लिए श्रम विभाग का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने मांग किया है कि एनके क्षेत्र में कार्य कर रहे मधुकान प्रोजेक्ट लिमिटेड, मोनेट डेनियल कोल वाशरी, राइट्स, जेएमएस माइनिंग प्राइवेट लिमिटेड सहित अन्य सभी ट्रांसपोर्ट कंपनी इस नियम को लागू करें। अब्दुल्ला ने इस कार्य के लिए एनके प्रबंधन को भी पहल करने कहा है ताकि असंगठित मजदूरों को उनका हक मिल सके। उन्होंने कहा कि जल्द इस पर पहल नहीं हुआ तो सभी मजदूर हड़ताल पर चले जाएंगे। बैठक में संदीप कुमार, अफजल अंसारी, अमजद खान, रोहित राय, विकास कुमार, शिव तूरी, विजय कुमार, सुनील चौहान, जॉर्ज चौहान, धर्मेंद्र चौहान, राकेश कुमार, प्रमोद कुमार आदि उपस्थित थे।

### खलारी कैथोलिक चर्च में मना संत मोनिका दिवस

# माताओं की आदर्श हैं संत मोनिका: फादर आस्कर

*पारिवारिक जीवन कठिनाइयों से संत मोनिका का परिवार ने 33 वर्षों तक प्रभु की प्रार्थना की*



**नवीन मेल संवाददाता। खलारी**

खलारी शांतिनगर स्थित कैथोलिक चर्च में संत मोनिका दिवस मनाया गया। फादर आस्कर टोप्पो व फादर हेलारियुस तिग्गा के साथ सभी मसीही विश्वासियों ने संत मोनिका की तस्वीर के साथ जुलूस के रूप में चर्च में प्रवेश किया। महिलाएं गीत गाती और झूमती हुई शामिल हुई। संत मोनिका के चित्र के समक्ष कैंडल जलाया। फादर द्वारा मिस्सा पूजा कराया गया। फादर ने संत मोनिका की जीवनी पढ़ा। संदेश देते हुए कहा कि उत्तरी अफ्रीका में जन्मी संत मोनिका का पारिवारिक जीवन कठिनाइयों से भरा पड़ा था। उन्होंने पति व बेटे के जीवन में परिवर्तन लाने के लिए 33 वर्षों तक प्रभु की प्रार्थना की। जिसका परिणाम रहा कि उनके पति और बेटे अगस्तिन आध्यात्मिक जीवन जीते हुए मानव सेवा में लग गए। कहा कि संत मोनिका के जीवन से हम सभी को प्रेरणा लेने की जरूरत है। संत मोनिका माताओं की आदर्श हैं। उन्होने सभी महिलाओं को संत मोनिका के धीरज, दया और त्याग जैसे आदर्श गुणों को अपनाकर एक आदर्श मां बनने और अपने परिवार तथा समाज के लिए त्याग व तपस्या के साथ दूसरों की हमेशा मदद करने कहा। अंत में महिला मंडल द्वारा पारंपरिक गानों पर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया। इस मौके पर मुख्य रूप से सिस्टर जयंती केरकेट्टा, सिस्टर सुपीरियर नेली लकड़ा, सिस्टर निर्मला सामुएल, नरेश करमाली, सी कुजूर, डा ए कुजूर, विनीता जालक्सो, टेरेसा कुजूर, नेली, टेरेसा तिग्गा, तुलसी लकड़ा, प्रफुल्लित बोदरा, मटिल्डा कुजूर सहित काफी संख्या में मसीही विश्वासी उपस्थित थे।

### खस्सी व्यापारी को अपराधियों ने मारी गोली, रिम्स रेफर



**तमाड़।** खस्सी व्यापारी दुर्गा कंसेरा को रविवार को अपराधियों ने गोली मार दी। गोली लगने के बाद घायल दुर्गा कसेरा पंद्रह किमी जंगल के रास्ते भाग कर थाने पहुंचे। यहां पुलिस ने उन्हें इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया। घटना तमाड़ थाना क्षेत्र अंतर्गत होनलोर गांव की है। घटना के प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि तमाड़ के पुंडीदीरी गांव निवासी दुर्गा कंसेरा अपने साथी दिनेश कंसेरा और भरत कंसेरा के साथ दलभंगा बाजार खस्सी खरीदने के लिये बाइक से जा रहे थे। इसी दौरान होनलोर गांव के पास दो अपराधियों ने उनसे रुकने का इशारा किया। रुकते ही अपराधी इनसे मारपीट करने लगे।अपराधियों से बचने के लिए जब ये भागे तो अपराधियों ने फायरिंग कर दी जिसमें दुर्गा कंसेरा के कंधे के नीचे गोली लगी। गोली लगते ही ये तीनो लोग जंगल की ओर भाग कर अपनी जान बचायी।

# कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का किया गया आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

पूर्णब्रह्म परमात्मा की अपार कृपा श्री राज श्यामा जी महाराज एवं संत शिरोमणी श्री श्री 1008 स्वामी सदानंद जी महाराज के आशीर्वाद से एमआरएस श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट एवम स्वामी सदानंद प्रणामी चैरिटेबल ट्रस्ट (रजि.) दिल्ली शाखा रांची के सयुंक्त तत्वावधान में अध्यक्ष/सचिव के दिशानिर्देश के अनुसार प्रणामी समाज के सेवाभावी सदस्यों के सहयोग से राँची के पुंदाग स्थित गांव के आसपास के स्लम बस्तीयों के जरूरतमंद प्रभु जी लोगों को एवं दैनिक मजदुरी करने वाले मजदूर, दिनबंधुओं और सद्गुरु कृपा अपना घर आश्रम में रह रहे निराश्रित मंदबुद्धि दिव्यांग प्रभु जी एवं उनके सेवाधारी साथियों के बीच श्री कृष्ण प्रणामी (मंगल राधिका सदानंद दिव्यांग सेवाधाम आश्रम) के परिसर मे बने हुए मंदिर के प्रांगण अभी तक 163 निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का सफलता पूर्वक वितरण कर सफल संचालन किया जा चुका है। आज भी इसी क्रम में रविवार को 164 वें निःशुल्क प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे में लगभग 1100 बच्चों प्रसाद पाया। प्रसाद में आलु चिप्स,भेजिटेबल पुलाव एवं मिठाई में केसरीया खीर का वितरण किया गया। इसके सफल आयोजन में अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल सचिव मनोज चौधरी कार्यक्रम संयोजक विशाल जालान सह-संयोजक ओमप्रकाश सरावगी पुर्णमल सर्राफ एवं संस्था के सदस्यों के द्वारा किया।

## एक नजर

### संकुल स्तरीय लखपति दीदी सम्मान समारोह का आयोजन




**रामगढ़।** जेएसएलपीएस रामगढ़ द्वारा रविवार को रामगढ़ प्रखंड के क्लस्टर लेवल फाउंडेशन कार्यालय बारलौंग में संकुल स्तरीय लखपति दीदी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान स्वयं सहायता समूह की वैसी महिलाएं जो वार्षिक आय 1 लाख से अधिक कर रही है वैसी 25 लखपति दीदी को सम्मानित किया गया। मौके पर उपस्थित स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को विभिन्न माध्यमों से रोजगार के नए अवसरों से जुड़कर अपनी आय को बढ़ाने के प्रति विभिन्न जानकारियां दी गई। इस दौरान जेएसएलपीएस रामगढ़ के जिला प्रबंधक अजय कुमार लाल, बीपीएम रेखा कुमारी, एफटीसी विनय कुमार, सीसी सिकंदर महतो, विवेकानंद महतो एवं सीएलएफ पदाधिकारी आशा देवी सहित स्वयं सहायता समूह की महिलाएं उपस्थित हुई।

### भाजपा नेता, वसुधा कल्याण व पीपी फाउंडेशन ने चलाया अभियान

**हजारीबाग।** शहर के सरकारी बस पड़ाव में रविवार को सफाई मुहिम के तहत भाजपा नेता प्रदीप प्रसाद की टीम वसुधा कल्याण व पीपी फाउंडेशन के सदस्यों ने मिलकर सफाई अभियान चलाया। बताते चले कि पिछले कई महीनों से पर्यावरण संरक्षण व सफाई अभियान की मुहिम को लेकर भाजपा नेता प्रदीप प्रसाद पौधरोपण, वितरण व सफाई अभियान एक्टिव मोड़ में हैं। लोगों से अपील करते हुए श्री प्रसाद ने कहा कि साफ सफाई के लिए हमें जागरूक होने की आवश्यकता है। साथ हीं उन्होंने लोगों को कूड़ेदान का इस्तेमाल करने की भी सलाह दी। वहीं वसुधा कल्याण की कुमारी अंजली नीरज ने बस पड़ाव में दुकानदारों से अपील करते हुए कहा कि कूड़ेदान का इस्तेमाल जरूर करें ताकि अपनी धरा स्वच्छ व सुंदर रह सके।

### श्री कृष्ण जन्माष्टमी मनाने को लेकर बैठक का आयोजन

**बरकट्ठा।** प्रखंड के ग्राम बड़ासिंघा काली मंडप प्रांगण में श्री कृष्णा जन्माष्टमी पूजा की तैयारी को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता बेलकपी उत्तरी पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि संजय साव और संचालन कुलदीप पांडेय ने किया। मौके पर पूजा की तैयारी को लेकर कमेटी का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष शंकर गोस्वामी, सचिव गणेश नायक, कोषाध्यक्ष तुलसी नायक को बनाया गया। पूजा को धूमधाम से मनाने को लेकर निर्णय लिया गया ।साथ ही गांव के सभी टोले से हरि कीर्तन में बारी बारी से भाग लेने की अपील की गई। वहीं पूजा को लेकर गांव में सर्वसम्मति से शराब पर पाबंदी लगाई गई। मौके पर बेलकपी पंचायत के पूर्व मुखिया प्रतिनिधि अर्जुन राणा, महेश मोदी,आचार्य जयप्रकाश पांडेय, लखन यादव , इंद्रदेव साव समेत आदि लोग उपस्थित थे।

विधायक के प्रयास से बरही व चौपारण के मार्गों का होगा कायाकल्प

# मौलिक समस्याओं को दूर करना मुख्य लक्ष्य : विधायक अकेला



*आठ करोड़ की लागत से चौपारण प्रखंड के मुख्य तीन सड़कों का होगा जीर्णोद्धार*

**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
स्थानीय विधायक सह निवेदन समिति सभापति उमाशंकर अकेला यादव के प्रयास से बरही प्रखंड के पांच और चौपारण प्रखंड के तीन प्रमुख मार्गों का शीघ्र ही कायाकल्प होने वाला है. इस बाबत ग्रामीण कार्य विभाग कार्य हजारीबाग प्रमंडल ने 11,20,29,500 (गयारह करोड़ बीस लाख उन्तीस हजार पांच सौ) रुपये का निविदा आमंत्रित किया है. इसमें बरही प्रखंड के मुख्य पांच सड़कें और 8,14,33,709 (आठ करोड़ चौदह लाख तैतीस हजार सात सौ नो) रुपये की लागत से चौपारण प्रखंड के मुख्य तीन सड़कों का मरम्मती किया जाना है. जानकारी के अनुसार बरही प्रखंड में 1,85,21,900 रुपए की लागत से जीटी रोड पंचमाधव से धुरगरगी नदी तक 1.9 किमी का पथ, 1,84,94,200 रुपए की लागत से जीटी रोड बभनाडीह मोड़ से धनवार आ ईओ रोड़ भाया बमहाडीह तक 1.6 किमी का मार्ग, 2,13,28,200 रुपए की लागत से दौरवा में वासुदेव दुकान से जगदीश उराँव के घर तक 1.65 किमी के पथ, 2,68,18,500 रुपए की लागत से जीतपुर से चलांगा तक 2.45 किमी का पथ निर्माण और 2,68,66,900 रुपए की लागत से कुटमा में सीताराम हांसदा के घर से कुरहरिया तक 2.05 किमी के पथ निर्माण कार्य शामिल है. वही चौपारण प्रखंड में 2,95,39,800 रुपए की लागत से पी डब्लू डी रोड़ से सवैया से परसावां भाया कब्रिस्तान तक 2.9 किमी का पथ, 2,28,63,500 रुपए की लागत से मध्य विद्यालय बेन्दूवारा से हारपुरा भाया केंदुआ तक 2.3 किमी के पथ तथा 2,90,30,400 रुपए की लागत से हथिंदर से मुख्य पथ गुरी भाया भदान तक पथ 3 किमी के पथ निर्माण कार्य शामिल है. इस बाबत विधायक श्री अकेला ने बताया कि अपने विस क्षेत्र में पानी, बिजली और सड़क जैसे मौलिक समस्याओं को दूर करना उनका पहला मुख्य लक्ष्य रहा है. इस दिशा में वह लगातार प्रयास रहे और बड़ी योजनाओ को धरातल पर मूर्त रूप दिलवाने का काम किया है.

## जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में भजन संध्या सह श्री कृष्ण झांकी का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
महालक्खी ट्रस्ट के सौजन्य से प्रखंड मैदान बरही में भजन संध्या सह श्रीकृष्ण झांकी का आयोजन किया गया. जिसका शुभारंभ एसडीपीओ सुरजीत कुमार व कोबरा एसिस्टेंट कमांडेंट अविनाश कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया. ट्रस्ट के संचालक सह कार्यक्रम के आयोजक अविनाश आर्य चंद्रवंशी ने उपस्थित अतिथियों को श्रीराम की मूर्ति व अंगोछे देकर किया. कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों व श्रोताओ का अभार व्यक्त किया. अपनी भावनाओं से अवगत कराते हुए कहा कि निर्धन, असहाय व वृद्धों की सेवा करना, गरीब बेटियो की शादी करवाना आदि जैसे हरसंभव जनकल्याण कार्य करना ही उनका मुख्य लक्ष्य है. उन्होंने कहा कि उनके ट्रस्ट के द्वारा वृद्ध व असहाय के लिए तीर्थयात्रा की व्यवस्था की गई है. जल्दी ही रोजगार मेला आयोजित कर 200 बेरोजगारों को विभिन्न कंपनियों में नियोजित किया जायेगा. इच्छुक व्यक्ति उनके ट्रस्ट या उनके नंबर 9060610777 से संपर्क कर सकते हैं.

## न्यूज बॉक्स

### झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा की बैठक में पंचायत कमेटी का विस्तार



**रामगढ़।** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा रामगढ़ इकाई के मांडू प्रखण्ड अन्तर्गत मांडूडीह पंचायत में रविवार को बैठक आयोजित हुईं। अध्यक्षता अजय कुमार एवं संचालन अमित कुमार द्वारा किया गया। बैठक के दौरान महिला एवं पुरुष दोनों का पंचायत कमेटी विस्तार किया गया। बैठक में उपस्थित सभी लोगों के सर्वसम्मति से पुरुष वर्ग का संरक्षक अजय कुमार, अध्यक्ष दीपक कुमार कश्यप, सचिव गणेश करमाली, कोषाध्यक्ष दीपक कुमार, उपाध्यक्ष सुजीत धनराज, भीम कुमार, सहसचिव पिंटू कुमार और प्रमोद कुमार 'संगठन सचिव दिलीप कुमार विकी कुमार,मीडिया प्रभारी सूरज कुमार, रमेश कुमार को बनाया गया। साथ ही महिला मोर्चा का संरक्षक रूबी देवी, अध्यक्ष रीता देवी, सचिव मालती देवी, कोषाध्यक्ष रुक्मिणी देवी, उपाध्यक्ष शांति देवी, बसंती देवी, तन्नू कुमारी आदि उपस्थित थे।

### विधायक ने कराई जर्जर सड़क की मरम्मत, ग्रामीणों को मिली राहत



**बरकट्ठा।** प्रखंड अंतर्गत ग्राम मासीपीढ़ी स्थित उ. मध्य विद्यालय मासीपीड़ी के पास जल जमाव के कारण सड़क पर बड़े बड़े गड्ढे बन गए थे। इस निमित ग्रामीणों द्वारा प्राप्त सूचना के बाद विधायक अमित कुमार यादव के द्वारा जेसीबी और डस्ट के माध्यम से रोड का मरम्मती कार्य किया गया। इस कार्य से स्कूली बच्चों के साथ साथ ग्रामीणों को आने जाने में परेशानी का सामना नहीं करना होगा। ज्ञात हो इस सड़क से प्रतिदिन सैकड़ो वाहनो का आना जाना होता है। यह मार्ग दर्जनों गांव को प्रखंड मुख्यालय से जोड़ने वाली एक मात्र मुख्य संड़क है। वहीं इस नेक कार्य के लिए विधायक के प्रति विद्यालय के प्रधानाध्यापक, शिक्षक योगेश्वर चौधरी, समाजसेवी दिलीप कुमार, बालगोबिन्द प्रसाद, बैजनाथ मंडल ,प्रसादी मंडल, प्रवीण कुमार समेत दर्जनों ग्रामीण ने आभार प्रकट किया ।

### विधायक ने किया पल्स पोलियो कार्यक्रम का शुभारंभ



**बरकट्ठा।** सामूदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरकट्ठा में राष्टीय पल्स पोलियों कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। शुभारंभ विधायक अमित कुमार यादव, प्रमुख रेणु देवी, बीडीओ रोशमा डुंगडुंग, चिकित्सा प्रभारी डॉ रत्ना रानी कुंज ने दीप प्रज्वलित कर किया। तत्पश्चात उपस्थित बच्चों को अतिथियों ने दो बूंद पोलियो की खुराक दिया। मौके पर उपस्थित विधायक अमित कुमार यादव ने कहा कि दो बूंद दो दिन तक बच्चों को दवा पिलाई जाएगी। कोई भी बच्चा छूटने न पाए इसका पूरा ध्यान स्वास्थ्य कर्मी रखें। वहीं चिकित्सा प्रभारी ने कहा कि जन्म से पांच वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो की खुराक दी जाएगी। कहा कि 25 से 27 अगस्त तक बच्चों को घर घर जाकर पोलियो की खुराक दी जाएगी। कोई भी बच्चा छूटने न पाए इस प्रकार की व्यवस्था की गई है ।मौके पर डॉ जसीम अख्तर, बीपीएम रंजीत सिंह,धर्मेंद्र कुमार समेत अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

### मां विंध्यवासिनी शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय से राज्य स्तरीय योगासन टीम जमशेदपुर के लिए रवाना



**हजारीबाग।** पदमा स्तिथ माँ विंध्यवासिनी कॉलेज ऑफ एजुकेशन के प्रो. अविनाश कुमार के नेतृत्व में तीन प्रशिक्षु कामेश्वर कुमार, मोहित गिरि एवं सोनू मेहता की टीम प्रातः 04:35 बजे जमशेदपुर के मोतीलाल नेहरू पब्लिक स्कूल में आयोजित हो रहे '24वें राज्य योगासन स्पोर्ट्स चैंपियनशिप' में भाग लेने के लिए रवाना हुई। ज्ञात हो कि राज्य स्तरीय इस चैंपियनशिप में विगत दिनों जिला स्तर के चैंपियंस को शामिल किया गया है। महाविद्यालय परिवार ने एक दिन पूर्व ही टीम को प्रदर्शन की शुभकामनाओं के साथ विदा किया जिसमें प्रमुख रूप से संस्थाध्यक्ष डॉ अनूप कुमार मेहता, सचिव हरि कुमार, उपसचिव अजीत कुमार तथा निदेशक रवि प्रकाश के साथ प्राचार्य डॉ. चेतलाल प्रसाद उपस्थित थे। प्रशिक्षण की राज्य स्तरीय भागीदारी के लिए महाविद्यालय प्रबंधन द्वारा पूर्ण वित्तीय सहयोग प्रदान किया गया।

## पूर्व विधायक ने अपने कार्यकर्ताओं के साथ सुनी पीएम की मन की बात



**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने कार्यकताओं संग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मन की बात का 113वाँ एपिसोड बूथ संख्या 312 के अधीन होटल हाई वे इन के सभागार में सुना. इस दौरान उपस्थित लोगो ने पीएम की बातो को गंभीरता से सुनते हुए उनके विचारों को आत्मसात किया. पूर्व विधायक ने बताया कि देश के पहले ऐसे प्रधानमंत्री है जो मन की बात के तहत देश की जनता से सीधे तौर पर जुड़ने का काम किया है. विकास योजनाओं को जाना और अपनी बातो को आम जनता तक पहुंचाने का काम किया है. उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम किसी पार्टी विशेष के लिए नहीं बल्कि देश की जनता और देश के सार्जनिक हित के लिए है. इससे देश की जनता को ऊर्जा और कार्य करने के प्रेरणा मिलते है. इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, मण्डल अध्यक्ष पश्चिमी भगवान केशरी, मण्डल उपाध्यक्ष नवल किशोर सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता सुरेंद्र रजक, संतोष निषाद और अनुज अंबेदकर आदि कई लोग मौजूद थे. ज्ञात हो कि 28 जुलाई को पीएम मोदी ने 112 वें मन की बात एपिसोड में पेरिस ओलिंपिक, मैथ्स ओलंपियाड, असम मोइदम, टाइगर डे, वनों के संरक्षण और स्वतंत्रता दिवस के बारे में चर्चा किया था. जिसका काफी सकारात्मक प्रभाव देखे गए हैं प्रधानमंत्री के इस कार्यक्रम की सराहना करते हुए एक बेहतर विकल्प बताया.

प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत 150 कारीगरों को मिली सहायता

# जीवन को बेहतर बनाने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम : शेफाली



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत 150 कारीगरों को सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से हजारीबाग के प्रोवेस रिजॉर्ट एंड बैंक्वेट में एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि शेफाली गुप्ता ने योजना के महत्व और इसके द्वारा लाभार्थियों के जीवन में आए सकारात्मक बदलावों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की शुरूआत में शेफाली गुप्ता ने प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना का परिचय देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू की गई यह योजना पारंपरिक कारीगरों और शिल्पकारों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। इस योजना का उद्देश्य कारीगरों को आर्थिक और तकनीकी सहायता प्रदान करना है, जिससे वे अपने व्यवसाय को सशक्त बना सकें और बाजार में उचित मूल्य प्राप्त कर सकें। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि हजारीबाग में 150 लाभार्थियों को इस योजना का लाभ पहुंचाने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। इन लाभार्थियों में बुनकर, लोहार, मोची, बढ़ई, और अन्य परंपरागत कामगार शामिल हैं। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना ने न केवल इन कारीगरों को आर्थिक रूप से सशक्त किया है, बल्कि उनके जीवन स्तर में भी सुधार किया है। कार्यक्रम के दौरान शेफाली गुप्ता ने योजना के विभिन्न लाभों का उल्लेख किया, जिसमें आर्थिक सहायता, तकनीकी प्रशिक्षण, बाजार तक पहुंच, स्वावलंबन, और बीमा व पेंशन योजनाएं शामिल हैं। उन्होंने कहा, इस योजना से हमारे कारीगर आत्मनिर्भर बन रहे हैं और उन्हें अब अपने व्यवसाय को स्वतंत्र रूप से संचालित करने का अवसर मिल रहा है। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित 150 लाभार्थियों ने भी अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना ने उनके जीवन में किस प्रकार बदलाव लाए हैं।

मारवाड़ी युवा मंच के तत्वावधान में साइक्लोथॉन 4.0 का हुआ आयोजन

## मंच का उद्देश्य लोगों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता फैलाना : विनीत



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
शहर को स्वच्छ सुंदर एवं समृद्ध बनाने के निमित्त शहर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किए जाते हैं।इसी कड़ी में मारवाड़ी युवा मंच के द्वारा रविवार को प्रातः 7:00 बजे मालवीय मार्ग स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर से साइक्लोथॉन 4.0 साइकिल यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा का शुभारंभ युवा समाजसेवी हर्ष अजमेरा,सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के प्राचार्य एवं युवा मंच के पदाधिकारियों के द्वारा हरी झंडी दिखलाकर की गई। साइकिल यात्रा में मेडिकल सुविधा उपलब्ध की गई थी। मौके पर युवा समाज सेवी हर्ष अजमेरा ने कहा कि आज के समय में स्वस्थ जीवनशैली अपनाना अत्यंत आवश्यक है। साइकिलिंग एक सरल और प्रभावी माध्यम है, जिससे न केवल हमारा स्वास्थ्य बेहतर होता है बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी मदद मिलती है। वहीं युवा मंच के अध्यक्ष विनीत अग्रवाल ने कहा कि यह साइक्लोथॉन मंच द्वारा आयोजित होने वाली श्रृंखला का चौथा संस्करण है। मंच का उद्देश्य लोगों में स्वास्थ्य और पर्यावरण के प्रति जागरूकता फैलाना है। उन्होंने इस आयोजन को सफल बनाने में योगदान देने वाले सभी सदस्यों, प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया।

सीएस ने किया पल्स पोलियों अभियान की शुरूआत

# बरही में 200 बूथों पर कुल 30,053 बच्चों को पिलाया गया पोलियो की खुराक



**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
रविवार को डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी की निगरानी में।अनुमंडलीय अस्पताल में पल्स पोलियों अभियान की शुरूआत की गई. जिसका शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि सिविल सर्जन डॉ एसपी सिंह सहित प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष इकबाल रजा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, बरही विस विधायक प्रतिनिधि छट्ठू गोप आदि ने उपस्थित बच्चो को पोलियो के दो बूंद पिलाकर किया. सीएस ने बताया कि पूरी दुनिया से पोलियो को खत्म करना ही इस अभियान का मुख्य उद्देश्य है. जा अभियान के तहत 0 से 5 वर्ष के बच्चो को पोलियो के ड्रॉप पिलाए जा रहे है. इसके लिएं जिले के विभिन्न स्थानों पर बूथ बनाए गए है. उन्होंने आम लोगो से इस अभियान को सफल बनाने की अपील किया. जानकारी देते हुए डीएस डॉ ज्ञानी ने बताया कि पोलियो अभियान की सफल बनाने के लिए अनुमंडलीय अस्पताल के द्वारा कुल 202 बूथ बनाए गए है. जिसमे 491 स्वास्थ्यकर्मी अपनी सेवा देंगे. रविवार के अभियान में कुल 37,112 बच्चो को पोलियो का टीका पिलाने का रखा गया है. उन्होंने भीं सबों से पोलियो अभियान में सहयोग करने की अपील किया. देर संध्या बीपीएम नारायण राम से मिली जानकारी के अनुसार कुल 30,053 बच्चो को पोलियो की खुराक दी गई. इसके साथ ही शेष लक्ष्य पूर्ति के लिए सहिया व स्वास्थ्यकर्मी घर घर जाकर पोलियो के खुराक पिलाने का काम करेंगे. मौके पर पीआरआई सदस्य सहित कई चिकित्सक व स्वास्थ्यकर्मी मौजूद थे.

बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना को लेकर प्रशिक्षण का आयोजन

# उप निबंधक ने फसलों का बीमा कराने का दिया निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना मौसम खरीफ 2024 के तहत गत शनिवार को जिला समाहरणालय सभाकक्ष में उप निबंधक सहयोग समितियां उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल हजारीबाग राम कुमार की अध्यक्षता में प्रशिक्षण सह बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान जिला सहकारिता पदाधिकारी रामगढ़ मनोज कुमार, प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी रामगढ़, गोला, चितरपुर, मांडू, एचडीएफसी ईगो के प्रतिनिधि, सभी प्रखंड के एटीएम, बीटीएम उपस्थित हुए। मौके पर सभी को बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत किए जाने वाले बीमा को लेकर तकनीकी जानकारी दी गई। साथ ही सभी को कृषक मित्र के माध्यम से शत-प्रतिशत किसानों के फसलों (अगहनी धान एवं भदई मकई) का बीमा कराने का निर्देश दिया गया। गौरतलब है की बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत किसान अपने नजदीकी प्रज्ञा केंद्र तक जाकर अथवा डब्लूडब्लूडब्लू. पीएमएफबीवाय. गोव. इन पर स्वतः आवेदन फार्मर लॉगिन के माध्यम से दे सकते है। बीमा कराने की अंतिम तिथि 31अगस्त तक है। पंजीकरण में 1. आधार कार्ड 2. बैंक पासबुक 3. राजस्व पदा० द्वारा निर्गत भूगि प्रमाण पत्र (नवीनतम) तत्काल उपलब्ध नहीं होने की स्थिति में मुखिया / प्रधान से सत्यापित वंशावली एवं भूमि विवरणी 4. बटाई प्रमाण पत्र (नोटराईज्ड शपथ पत्र) 5 स्वसत्यापित फसल बुआई प्रमाण पत्र 6. मोबाईल नम्बर वांछित है।

## बड़कागांव वासियों को विधायक अंबा प्रसाद ने भगवा वस्त्र प्रदान कर किया रवाना



**नवीन मेल संवाददाता। बड़कागांव**
हरिवंश गोतिया समाज के लोग चार दिवसीय दार्शनिक स्थल यात्रा पर निकले हैं. तमाम लोग पहले बिहार के बोधगया, राजगीर, सीतामढ़ी होते हुए पड़ोसी देश नेपाल में जनकपुर मंदिर, पशुपति नाथ मंदिर का दर्शन करते हुए प्रभु राम की जन्मस्थली अयोध्या पहुंचेंगे। प्रस्थान के दौरान बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद ने सूर्य मंदिर पहुंच कर भगवा वस्त्र व फल आदि सामग्री वितरण कर दो बसों को रवाना की। विधायक ने सभी श्रद्धालुओं के सकुशल यात्रा संपन्न होने की कामना की। मौके पर पंचायत अध्यक्ष गौतम कुशवाहा, युवा समाजसेवी रोहित सिंह,हरिश्चंद्र प्रसाद, धर्मनाथ महतो, कीर्तिनाथ महतो, जयनाथ महतो, देवेंद्र महतो, मुकेश कुमार, सूरज कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

एनटीपीसी के रांची मुख्यालय पहुंचे सांसद

# अधिकारियों को जनहित में दिए कई निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने शनिवार को एनटीपीसी कोयला खनन मुख्यालय,रांची पहुंचकर झारखंड के मुख्य कार्यकारी पदाधिकारी अनिमेष जैन एवं अन्य वरीय पदाधिकारियों से मुलाकात किया। उन्होंने यहां एनटीपीसी अधिकारियों से हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में एनटीपीसी के चल रहे कोयला परियोजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर विस्तृत चर्चा की और जनहित से संबंधित कई महत्त्वपूर्ण दिशा- निर्देश भी दिए ।मांडू विस क्षेत्र का दौरा कर जन-समस्याओं से रूबरू हुए सांसद सांसद मनीष जायसवाल ने शनिवार मांडू विधानसभा क्षेत्र का सघन दौरा किया और क्षेत्रवासियों से मिलकर स्थानीय समस्याओं से रूबरू हुए। इस दौरान सांसद श्री जायसवाल का चरही चौक और गिद्दी- सी चौक पर स्थानीय भाजपा कार्यकताओं ने गर्मजोशी से फूल माला पहनाकर स्वागत किया। सांसद मनीष जायसवाल चरही के रांची- पटना राष्ट्रीय राजमार्ग के सर्विस रोड पर जल जमाव की समस्या से अवगत हुए और इस समस्या को लेकर एनएचएआई के अधिकारियों से बात की एवं जनहित में तत्काल इस समस्या के निदान का निर्देश दिया। जिसके बाद विगत दिनों मांडू विधानसभा के डाडी और कनकी ग्राम को जोड़ने वाले पूल के भारी बारिश में बह जाने की सूचना मिलने पर पूल का जायजा ग्राउंड जीरो पर जाकर लिया। मौके पर डाड़ी के जिप सदस्य सर्वेश सिंह, रंजीत पांडेय, मुरारी सिंह, खोखा सिंह समेत कई अन्य लोग सांसद के साथ थे।

# अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है आरसी प्राथमिक विद्यालय

▸ 1924 में हुई थी स्कूल की स्थापना, 1936 में मिली सरकारी मान्यता पर अब तक नहीं हुआ भवन का निर्माण





नवीन मेल संवाददाता

**जलडेगा।** शिक्षा विभाग की अफसरशाही में फंसकर जलडेगा प्रखंड के लम्बोई में संचालित आरसी प्राथमिक विद्यालय अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। वर्ष 1924 में ग्रामीणों के प्रयास से स्थापित यह विद्यालय अब अस्तित्व बचाने के लिए संघर्ष कर रहा है। मिट्टी की दीवार और खपरैल विद्यालय भवन में अभाव कर कारण मात्र दो कमरे में कक्षा- एक से पांच तक के छात्राओं की पढ़ाई की जाती है बार-बार गुहार के बाद भी शिक्षा की दुर्गति को दूर करने के लिए शिक्षा विभाग, पंचायत प्रतिनिधि, राजनीतिक दल, विधायक या सांसद की दिलचस्पी नहीं है। राष्ट्रीय नवीन मेल की टीम ने जब इस विद्यालय का दौरा किया तो स्कूल को देखकर दंग रह गए। खपरैल घर के दो कमरों में विद्यालय का संचालन हो रहा है। किसी में दरवाजा और खिड़की तक नहीं है, डेस्क - बेंच तो दूर कमरे में बच्चों को पढ़ाने के लिए ब्लैकबोर्ड तक नहीं है। बच्चे जमीन पर बैठ कर पढ़ाई करते हैं। यहां लकड़ी के बोर्ड में लिखकर बच्चों को पढ़ाया जाता है। स्कूल में कुल 55 बच्चे नामांकित है। सरकार की ओर से इन बच्चों को पढ़ाने के लिए एक प्रधानाध्यापक और एक सहायक आचार्य को पदस्थापित किया गया है। इस संबंध में प्रधानाध्यापक पंकज किशोर तिग्गा ने बताया कि विद्यालय का निर्माण वर्ष 1924 में ग्रामीणों के प्रयास से किया गया था। उस समय विद्यालय का खपरैल भवन में तीन कमरा बनाया गया था। रख-रखाव के अभाव में केवल दो कमरों में ही बच्चों की पढ़ाई होती है जबकि 1936 में ही इस स्कूल को सरकार की ओर से मान्यता दी गई थी तब से इसे अल्पसंख्यक स्कूल के नाम से भी जाना जाता है। सरकारी सुविधाओं के नाम पर सिर्फ बच्चों को एमडीएम और छात्रवृति दिया जाता है। स्कूल आने जाने के लिए सड़क तक नहीं है और कोई सुविधा नहीं है तब से लेकर आज तक विद्यालय अपनी सरकारी सुविधाओं के लिए तरस रहा है।



# भाजपाईयों ने जिला कार्यालय में सुनी पीएम के मन की बात

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का सीधा प्रसारण हुआ।भाजपा जिला कार्यालय सहित सभी मंडलों में मन की बात कार्यक्रम का आयोजन हुआ। मन की बात के सिलसिले में प्रधानमंत्री ने भारत के स्पेस कार्यक्रम को लेकर कहा, आज हम एक बार फिर से बात करेंगे–देश की उपलब्धियों की, देश के लोगों के सामूहिक प्रयासों की। 21वीं सदी के भारत में इतना कुछ हो रहा है, जो देश की नींव को मजबूत कर रहा है। 23 अगस्त को ही हम सब देशवासियों ने पहला राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस मनाया। पिछले वर्ष इसी दिन चंद्रयान-3 ने चांद के दक्षिणी ध्रुव में शिव-शक्ति पॉइंट पर सफलतापूर्वक लैंडिंग की थी।भारत इस गौरवपूर्ण उपलब्धि को हासिल करने वाला दुनिया का पहला देश बना।भाजपा के जिला महामंत्री मुकेश श्रीवास्तव, भाजपा जिला कार्यालय मंत्री श्रीलाल साहू, पूर्व जिलाध्यक्ष संजय ठाकुर, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष अनिरुद्ध सिंह, युवा मोर्चा जिला महामंत्री विधा बड़ाईक, एस. टी. मोर्चा जिलाध्यक्ष राकेश रविकांत, जिला कार्यकारणी सदस्य रामबिलास बड़ाईक, ओ.बी. सी. मोर्चा जिलाध्यक्ष शंभू भगत, जिला आईटी सेल प्रभारी मनोज चौबे, नगर मंडल अध्यक्ष दिलीप साहु, भाजपा जिला मीडिया सह प्रभारी रंजन शाह ने भाजपा कार्यालय में मन की बात कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देख और सुन रहें थें। मौके पर मुकेश श्रीवास्तव ने कहा कि नरेंद्र मोदी ने अपने मन की बात में युवाओं के सोच की प्रगति को सराहा।

# माताओं की संरक्षिका हैं संत मोनिका, प्रेरणा लें: जोसिमा



नवीन मेल संवाददाता

▸ सोगड़ा में धूमधाम से मना संत मोनिका का पर्व

**सिमडेगा।** सोगड़ा पल्ली में रविवार को संत मोनिका का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मौके पर जेवियर कॉलेज सिमडेगा के उप प्राचार्य फा ब्रूनो टोप्पो की अगुवाई में मिस्सा पूजा हुई। मौके संत पल्ली पुरोहित फा सिलबानुश केरकेट्टा, सन्त मेरीज इंग्लिश मीडियम स्कूल सामटोली के प्राचार्य फा बिपिन तिर्की, कार्डोन विद्यालय के प्राचार्य फा प्रदीप मिंज उपस्थित थे। इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। फा ब्रूनो टोप्पो ने कहा कि संत मोनिका के जीवन से प्रेरणा लें। वे हमारी आदर्श मां है। उन्होंने कहा कि संत मोनिका माताओं की संरक्षिका है। उनका जीवन कठिन चुनौतियों से भरा हुआ था। फिर भी उन्होंने हिम्मत नहीं हारी। आदर्श जीवन व्यतीत करते हुए उन्होंने ख्रीस्तीय जीवन को अपनाया। पति की मृत्यु के बाद उन्होंने अपने पुत्र अगुस्टीन के मन फिराव में अहम भूमिका निभाई। मौके पर उपस्थित बीरू भिखारिएट की सभा नेत्री सह जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने कहा कि संत मोनिका माताओं की संरक्षिका है। संत मोनिका की तरह ही काम करना चाहिए। इससे परिवार सहित घर में ईश्वर का वास के साथ सुख, शांति और समृद्धि बनी रहती है। जोसिमा ने सभी माताओं से अपने अपने बच्चों को बेहतर संस्कार देने की बात कही। उन्होंने कहा कि सभी माताओं को उनकी जीवनी से प्रेरणा लेकर अपने कर्तव्यों का पालन करना चाहिए। जीवन में संघर्ष का फल मिठा होता है। मौके पर विधायक ने चर्च के लिए जमीन देने वाले 15 जमीन दाता सहित सभी पल्ली पुरोहितों का स्वागत किया।

# शिव चर्चा का आयोजन भजन कीर्तन से भक्तिमय हुआ माहौल

**जलडेगा।** रविवार को पतिअम्बा गांव निवासी सविता देवी के घर में एक दिवसीय शिव चर्चा के आयोजन किया गया। जिसमें कई लोगों ने देवाधिदेव महादेव का शिष्य बनकर खुद का अहोभाग्य माना। एक दिवसीय शिव चर्चा में स्थानीय बहन मुनिता देवी, किरण देवी, बूटी देवी और सरिता देवी ने अपने-अपने विचार व भजन प्रस्तुत कर लोगों को गुरू के प्रति समर्पित होने के लिए प्रेरित किया। शिव भक्तों ने शिव महिमा के बारे में लोगों को बताया और चर्चा की। कलाकारों के भजन, कीर्तन और संगीत से पूरा इलाका भक्तिमय हो गया। वक्ताओं ने कहा सभी के गुरु एकमात्र शिव हैं। शिव भक्ति और चर्चा करने से जीवन के सभी दुःख व कष्ट दूर हो जाते हैं। उन्होंने बताया कि शिव शिष्य बनने से मनुष्य का जीवन सफल हो जाता है। बताया गया कि वरेण्य गुरू भ्राता साहब हरीन्द्रानंद और नीलम दीदी जी ने हम लोगों को बताया है कि शिव जगत गुरू है अर्थात संसार के जितने भी लोग है सभी उनके शिष्य हैं। हम सदियों से उनका श्रद्धा भाव से पूजा अर्चना करते आ रहे हैं। यदि हम उन्हें गुरू भाव से याचना पूर्वक दया मांगे तो हमारा कल्याण निश्चित होगा।

# 45 दिनों तक दिव्यांग बच्चों के लिए चले विशेष अभियान का हुआ समापन





नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** रविवार को एसएस +2 हाई स्कूल सिमडेगा में जिला विधिक सेवा प्राधिकार, सिमडेगा के तत्वावधान में " 45 दिनों तक दिव्यांग बच्चों के लिए चले विशेष अभियान का समापन हुआ। मौके पर दिव्यांगता प्रमाण पत्र एवं उपकरण वितरण किये जाने का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यकम की शुरूआत प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, उपविकास आयुक्त सिमडेगा, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश ।, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी द्वारा संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्वलन कर किया गया। उक्त कार्यकम के अवसर पर प्रधान जिला जज राजीव कुमार सिन्हा के द्वारा दिव्यांग बच्चों को मिलने वाले सुविधाओं एवं अन्य जानकारीयों के बारे में विस्तार पूर्वक बतलाया गया। साथ ही साथ जिला विधिक सेवा प्राधिकार, सिमडेगा द्वारा जारी क्यू आर कोड के बारे में भी जानकारी दी गई एवं उपविकास आयुक्त, सिमडेगा, जिला एवं एडिजे सिमडेगा, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सिमडेगा द्वारा वहाँ उपस्थित विद्यार्थियों एवं शिक्षकों तथा उक्त शिविर में मौजूद दिव्यांग बच्चों के अभिभावकों को दिव्यांग बच्चों को मिलने वाली सुविधाओं एवं अन्य जानकारियों के बारे में बताया गया। चिन्हित बच्चों को 07 ट्राईसाइकिल, 02 व्हील चेयर, 01 वैशाखी, 24 विकलांगता सिंबोल के रुप में दिए गए एवं विभिन्न प्रखण्डों में भी दिव्यांगता प्रमाण पत्र एवं उपकरण का वितरण किया गया। सिमडेगा के कुल 34 बच्चों को कार्यशाला में दिया गया एवं जिले के विभिन्न प्रखण्डों में चिन्हित विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को 214 उपकरण उपलब्ध कराया जाएगा साथ ही उक्त कार्यक्रम में कुछ दिव्यांग बच्चों का गलत प्रमाण पत्र जारी कर दिया गया था। जिसे पुनः सुधार कर उनके घरों तक पहुँचाने हेतु प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा सिविल सर्जन सिमडेगा को दिशा निर्देश दिया गया।

## कुआं में डूबने से किशोर की हुई मौत

**सिमडेगा।** सिमडेगा सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत शहरी क्षेत्र के सामटोली पूरनापानी में रविवार की सुबह कुआं में 11 वर्षीय किशोर का तैरता हुआ शव देखा। स्थानीय लोगों ने शव देख मामले की जानकारी पुलिस को दी। जिसके बाद मौके पर पुलिस पहुंची और किशोर के शव को बाहर निकाला। मृतक की पहचान विदयान तिर्की के रूप में हुई। जानकारी देते हुए पुलिस ने बताया कि किशोर के माता-पिता का बचपन में ही निधन हो गया है और वह अपने चाचा के घर में रहता था। इधर चाचा चाची किसी काम को लेकर बाहर गए थे।किशोर का शव घर के पास ही जमीन के बराबर कुआं में बरामद हुआ है ।कयास लगाया जा रहा है कि वह अंधेरे की वजह से कुआं में गिरा और आसपास मदद नहीं मिलने की वजह से ही कुआं में उसकी मौत हो गई। इधर पुलिस सभी बिंदुओं पर छानबीन कर रही है।

# सदर अस्पताल में पल्स पोलियो अभियान का हुआ उद्घाटन

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** सिमडेगा सदर अस्पताल में पल्स पोलियो अभियान के तहत रविवार की सुबह उद्घाटन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में डीडीसी सन्दीप कुमार दोराईबुरु,सिविल सर्जन डॉ रामदेव पासवान उपस्थित हुए। जहां पर सभी लोगों ने अभियान की शुरुआत दीप प्रज्वलित करते हुए किया। इस मौके पर लोगों को संबोधित करते हुए सिविल सर्जन डॉक्टर रामदेव पासवान ने कहा कि पल्स पोलियो अभियान की जिला स्तरीय शुरुआत की गई है। जिसके तहत जिले में 0 से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को स्वास्थ्य विभाग द्वारा अलग-अलग जगह पर कैंप आयोजित करते हुए दो बूंद पोलियो की दवा पिलाने का काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग का प्रयास है कि जिले में कोई भी बच्चा ना छूटे और शत प्रतिशत सभी लोगों को पोलियो रोधी दवा पिलाई जाए। जिससे कि भारत आने वाले दिनों में पूरी तरह से पोलियो मुक्त भारत बन सके। उन्होंने कहा इसके लिए सभी स्वास्थ्य कर्मी आंगनबाड़ी सेविका सहायिका एवं स्थानीय लोगों की भी महत्वपूर्ण भूमिका होगी। मौके पर डीडीसी ने कहा कि हमारा सिमडेगा सभी अभियान को चुनौती के रूप में लेता है और हर अभियान को बेहतर से करने के लिए जाना जाता है जिसमें की पल्स पोलियो अभियान भी है। इस प्रकार अन्य अभियान को स्वास्थ्य विभाग बखूबी से करती है उसी प्रकार से इस अभियान को भी बेहतर से करें ताकि राज्य भर में सिमडेगा जिले का नाम बेहतर हो सके। उन्होंने आगे कहा कि जहां भी स्वास्थ्य केंद्र है, उपकेंद्र है, वहां पर 0 से 5 साल के बच्चों को दवा पिलाने का काम किया जा रहा है।

### विधायक ने विभिन्न गांवों का किया दौरा, कहा

# ग्रामीण सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक हों और उनसे लाभ उठाएं

नवीन मेल संवाददाता



**ठेठईटांगर।** कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी ने अपने विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ठेठईटांगर प्रखंड के विभिन्न गांवों का दौरा किया।इस दौरान वह लोगों से मिले और उनके समस्याओं से अवगत होते हुए एवं निदान का आश्वासन दिया। इस दौरान उन्होंने केरया के चाकोरबेड़ा गांव में ग्रामीणों के साथ बैठक कर उनके समस्याओं से अवगत हुए। ग्रामीणों ने गांव की बदहाल सड़क और खराब पड़े जलमीनार के कारण पेयजल की समस्या विधायक के समक्ष रखा। जिस पर विधायक ने सड़क का जल्द कायाकल्प होने की बात कही।वहीं खराब जलमीनार पर भी उन्होंने कार्य कर रही एजेंसी से जल्द बनवाने का निर्देश अपने प्रतिनिधि को दिया। वहीं केरया के पाहनटोली में ग्रामीणों से मुलाकात के दौरान महिलाओ को साड़ी प्रदान करते हुए परम्परा और संस्कृति को बचाने के लिए सामूहिक रूप से प्रयास करने को कहा। इसके उपरांत जोराम खास पहुंचे जहाँ उन्होंने ट्रांसफार्मर के खराबी के कारण विद्युत समस्या से झूझ रहे ग्रामीणों से मिले और जल्द से जल्द उन्हें नया ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराने का निर्देश दूरभाष पर विद्युत विभाग के अधिकारियों को दिया। मौके पर उन्होंने कहा कि महागठबंधन की उनकी सरकार अंतिम व्यक्ति तक योजना का लाभ पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। मौके पर जिला विधायक प्रतिनिधि सह अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष रॉवेल लकड़ा, प्रखंड प्रमुख विपिन पंकज मिंज, प्रखण्ड अध्यक्ष अशफाक आलम प्रखण्ड विधायक प्रतिनिधि मोहम्मद कारू, पंचायत समिति सदस्य मनोहर बागे,जॉन लुगुन, कोषाध्यक्ष कय्यूम आलम, जेम्स कांडूलना, मोहम्मद राजा, आदि उपस्थित थे।

# नगर पंचायत सफाई कर्मियों की हड़ताल दूसरे दिन भी जारी

नवीन मेल संवाददाता



**कोडरमा।** नगर पंचायत कोडरमा के सफाई कर्मी समेत कर्मियों का बेमियादी हडताल दूसरे दिन शनिवार को भी अपनी मांगों को लेकर जारी रहा। उनके हडताल में चले जाने से शहर में गंदगी का अंबार लगना शुरू हो गया है। नगर पंचायत कार्यालय के सामने धरना बैठे हड़ताली सफाई कर्मियों का समर्थन करते हुए सीटू के सचिव संजय पासवान ने कहा कि देश के मजदूर कर्मियों, किसानों,बेरोजगारों को तबाह करने का मोदी सरकार का जनविरोधी एजेंडा जारी है। मजदूर विरोधी चार लेबर कोड लागू कर मजदूर को गुलाम बनाए जाने की साजिश हो रही है। कई बार सरकार से निगम कर्मियों के मांगों को लेकर वार्ता की गई और लिखित समझौता होने के बाद भी निकाय कर्मियों की मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया। सरकार द्वारा कई बार सफाई कर्मियों की मांग को पूरा करने का भरोसा भी दिया गया, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट का आदेश है कि लगातार 10 साल से अधिक काम करने वाले कर्मियों को नियमित किया जाए। आउटसोर्सिंग कंपनी के कुछ दलाल कर्मियों को काम से हटाने की धमकी देते हैं और गाली- गलौज करते हैं। विरोधी कर्मचारी को काम से हटाया जाना चाहिए। लोकल बॉडी फेडरेशन के स्थानीय अध्यक्ष मुरारी मनोहर यादव ने कहा कि दैनिक वेतन कर्मियों को स्थाई करने, आउटसोर्सिंग ठेका व्यवस्था बंद करने, दुर्घटना बीमा का लाभ देने, सामाजिक सुरक्षा के तहत सेवानिवृत्ति के बाद पेंशन देने, समान काम का समान वेतन देने सहित छह सूत्री मांगों के लिए बेमियादी हडताल जारी है।

### विश्व हिंदू परिषद की स्थापना दिवस पर हुआ कार्यक्रम

# हिन्दू समाज के हितों की रक्षा के लिए महत्वकांक्षाओं का करें त्याग : कौशल सिंह

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** विश्व हिंदू परिषद स्थापना दिवस के मौके पर रविवार को सिमडेगा आनंद भवन में षष्टिपूर्ति वर्ष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मार्गदर्शन शीतल प्रसाद, एवं रामरेखा धाम के सचिव ओम प्रकाश श्रीहरि सत्संग समिति अध्यक्ष साहू पुरुषोत्तम अग्रवाल मुख्य रूप से उपस्थित रहे ।कार्यक्रम की शुरुआत भगवान राम ,भारत माता भगवान श्री कृष्ण एवं हनुमान जी के तस्वीर पर दीप प्रचलित करते हुए शुरुआत की गई। इस मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए ओम प्रकाश साहू ने कहा कि लंबे संघर्ष और बलिदान का परिणाम है कि आज विश्व हिंदू परिषद एक विशाल बरगद पेड़ बनकर उभरा है। उन्होंने राम मंदिर आंदोलन के समय के इतिहास को याद करते हुए सिमडेगा से किए गए कर सेवा के बारे में भी याद किया। मुख्य वक्ता के रूप में शीतल प्रसाद ने अपनी धर्म संस्कृति और समाज के प्रति सभी लोगों को आगे आकर समाज हित में कार्य करने तथा अपनी विलुप्त होती सभ्यता संस्कृति और अपने परिवार के बच्चों में धर्म के प्रति चेतना जगाने की बात कही। मौके पर विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष कौशल राज सिंह देव ने कहा की विश्व हिंदू परिषद का एकमात्र उद्देश्य है कि समस्त हिंदू समाज की रक्षा करना सन 1964 में सांदीपनि आश्रम मुंबई में साधु संतों ने देश में हो रहे।



## कई समितियों की हुई घोषणा

स्थापना दिवस कार्यक्रम के मौके पर जिला समिति सहित कई समितियां की घोषणा की गई जिसमें मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष किरण चौधरी, आशा देवी,उपाध्यक्ष ओमप्रकाश शर्मा बालमुकुंद सिंह जिला विशेष सम्पर्क प्रमुख संजय महतो, जिला समाजिक समरसता प्रमुख गोवर्धन कोस्टा जिला गौ रक्षा प्रमुख रामजी यादव नगर अध्यक्ष शम्बू प्रसाद,मंत्री आनद गिरी,नगर गौ रक्षा प्रमुख बलराम झा बांसजोर प्रखंड अध्यक्ष मोहन बेहरा,सम्पर्क प्रमुख प्रदीप सिंह इसके अलावा तामडा दुर्गावाहिनी सयोजिका निशा केशरी,सह सयोजिका स्वेता केशरी,सलोनी केशरी सहित आदि घोषणा की गई।मौके पर विश्व हिंदू परिषद सिमडेगा जिला समिति, नगर समिति, प्रखंड समिति दुर्गा वाहिनी मातृशक्ति सहित सैकड़ो की संख्या में लोग उपस्थित थे।

# न्यूज बॉक्स

## पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ, अभिभावकों से बच्चों को खुराक पिलाने की अपील



▸ बीडीओ महेंद्र रविदास ने पोलियो खुराक पिलाकर देश को पोलियो मुक्त बनाने की अपील की

**गावां / कोडरमा।** आंगनबाड़ी मुस्लिम टोला गावां में रविवार को तीन दिवसीय राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ हुआ। अभियान के तहत पहले दिन बीडीओ महेंद्र रविदास व डॉ महेश्वरम ने शून्य से पांच वर्ष के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलायी। मौके पर बीडीओ महेंद्र रविदास ने कहा कि पल्स पोलियो अभियान के तहत गावां में शून्य से पांच वर्ष के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य है। उन्होंने सभी अभिभावकों से अपील की कि वह अपने बच्चों को पोलियो की दवा पिलायें। साथ ही आसपास रहने वाले लोगों को भी बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने के लिए प्रेरित करने को कहा। महेंद्र रविदास ने कहा कि बच्चों को पोलियो खुराक जरूर पिलाएं और अपने देश को पोलियो मुक्त बनाये।

**पहले दिन बूथ पर, दूसरे-तीसरे दिन घर-घर जाकर पिलायी जायेगी खुराक :** चिकित्सा पदाधिकारी डॉ महेश्वरम ने राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के संबंध में विस्तृत जानकारी दी । उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान तीन दिनों तक चलेगा। रविवार को बूथ पर पोलियो की खुराक पिलायी जा रही है। वहीं 26 और 27 अगस्त को घर-घर जाकर छूटे हुए बच्चों को पोलियो की खुराक पिलायी जायेगी। बताया कि सभी गांवों में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका समेत अन्य स्टाफ दवा पिलाने का काम करेंगे। मौके पर गुलशन आरा, संजू देवी, प्रमोद बरनवाल, रेशमा प्रवीण समेत स्वास्थ्य विभाग के अन्य कर्मी उपस्थित रहे।

## चोरी हुए दो पिकअप वाहन बरामद, दो हिरासत में

**डोमचांच।** थाना क्षेत्र अंतर्गत जयनगर रोड स्थित मंझलीटांड के समीप से पिछले दिनों चोरी हुई दो पिकअप वाहन को पुलिस ने बरामद कर लिया है। मामले में दो लोगों को भी हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। जानकारी के मुताबिक सीसीटीवी फुटेज और मोबाइल नेटवर्क के जरिए पुलिस ने एक पिकअप को ढाब से जब्त करते हुए दो लोगो को पकड़ा। इसके बाद सख्ती से पूछताछ पर युवकों ने पिकअप चोरी को कबूला। चोरी कर वाहन को ढाब में छिपा कर रखा गया था। चोरों ने दूसरी पिकअप को डुमरी,तीसरी,जिला गिरिडीह की तरफ ले जा रहे थे,जिसे स्थानीय पुलिस के मदद से जब्त कर लिया है। पुलिस जब्त करने के लिए टीम को भेजी। जबकि पिछले 19 अगस्त को चोरी हुई पिकअप वाहन को पुलिस ने जब्त कर थाना में रखा है। मामले में जब थाना प्रभारी प्रेम कुमार से बात की गई तो उन्होंने दोनों चोरी हुई पिकअप वाहन बरामद करने की पुष्टि नहीं किया। उन्होंने कहा अभी वाहन को बरामद नहीं किया गया है। युवकों से पूछताछ की जा रही है।

## जहरीले सांप के काटने से एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल

**बोलबा।** बोलबा प्रखण्ड मुख्यालय स्थित मुखिया टोली में जहरीले साँप के काटने से एक व्यक्ति गम्भीर रूप से घायल हो गया।प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधराम सिंह पिता कृष्णा सिंह उम्र 56 वर्ष गाँव मालसाडा खंडानिशसन को बोलबा मुखिया टोली में जहरीले साँप ने काट लिया,जिससे उसकी हालत गंभीर हो गई। जिसे तत्काल बोलबा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इलाज हेतु लाया गया। जहां डॉ0 देबोतोष भुटिया की देखरेख में प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए सिमडेगा सदर अस्पताल रेफर कर दिया। जहां उसका इलाज जारी है।

## सामुदायिक स्वास्थ केंद्र जलडेगा में मरीज को नहीं मिला एंटी वेनम इंजेक्शन

**जलडेगा।** थाना क्षेत्र के बनजोगा गांव में जहरीले सांप के काटने से बिमल गुड़िया 62 वर्षीय व्यक्ति की जान चली गई। परिवार वालों ने बताया कि बनजोगा गांव रात को खाना खाने के बाद बिमल गुड़िया अपने पीएम आवास घर के अंदर जमीन में सोया था। इसी क्रम में रात लगभग दो बजे एक जहरीले सांप ने उसे काट लिया। सांप काटने के बाद पीड़ित बिमल गुड़िया ने गांव के पुराने घर में सो रहे अपने बेटे को फोन कर जानकारी दिया। सांप काटने की खबर सुनते ही सभी परिवार वाले घबरा गए और अस्पताल ले जाने की तैयारी में जुट गए। परिवार वालों ने बिना देर किए 108 एंबुलेंस को कॉल लगाया लेकिन किस्मत को कुछ और ही मंजूर था। 108 आया भी तो सुबह 5.30 बज चुका था। तब तक परिजनों ने ऑटो से ही बिमल गुड़िया को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जलडेगा में भर्ती करा लिया था लेकिन जलडेगा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एमबीबीएस डॉक्टर नहीं होने के कारण किसी ने भी पीड़ित को एंटी वेनम इंजेक्शन नहीं लगाया और सदर अस्पताल सिमडेगा रेफर कर दिया। 108 एंबुलेंस से सदर अस्पताल सिमडेगा ले जाने के क्रम में देखते - देखते आंखों के सामने बिमल गुड़िया की जान चली गई। घटना के बाद परिवार वालों का रो रो कर बुरा हाल है।

## अंचल पुलिस निरीक्षक ने किया पोलियो बूथ का उद्घाटन

**कुरडेग ।** रविवार को कुरडेग प्रखण्ड के झिरकामुण्ड में बने पोलियो बूथ का उद्घाटन अंचल पुलिस निरिक्षक हनुमान शरण सिन्हा ने एक बच्चे को पोलियो ड्रॉप पिलाकर किया । इस दौरान अनेको लोग मौजूद रहे। रविवार सुबह झिरकामुण्डा बाजार टांड में पोलियो बूथ बनाया गया। इस दौरान अंचल पुलिस निरिक्षक ने कहा कि पोलियो एक गंभीर बीमारी है जो अनेक देशो में समाप्त हो चुका है , लेकिन अब इसका भारत देश में सफाया होने जा रहा है।आने वाले समय में हमें पोलियो से निजात मिल जाएगी। पोलियो के अलावा भारत सरकार ने मुहिम चलाकर अनेकों बीमारियों का खात्मा किया है। उन्होंने लोगो से अपिल करते हुए कहा कि शुन्य से पाँच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो ड्रॉप पिलाना बहुत जरूरी है। पहले कुछ लोगों ने इसका विरोध किया था लेकिन आज के समय में ऐसा कोई व्यक्ति नही है जो पोलियो ड्राप बच्चों को पिलाने से इंकार करे ।

## काला बिल्ला लगाकर किया विरोध प्रदर्शन

**सिमडेगा।** डीलर मार्जिन बढ़ाने और वैट दर घटाने समेत अन्य मांगों को लेकर पेट्रोल पंप संचालक और कर्मियों ने काला बिल्ला लगाकर विरोध प्रदर्शन किया। झारखंड प्रदेश पेट्रोलियम डीलर्स एसोसिएशन के निर्देश पर पूरे राज्य में विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया। रविवार को नीचे बाजार स्तिथ पेट्रोल पंप में संचालक और कर्मियों ने काला बिल्ला लगाकर विरोध प्रदर्शन किया। संचालक दीपक ने बताया कि सात सूत्री मांगों को लेकर राज्यभर में पेट्रोलियम डीलर्स विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। यह विरोध प्रदर्शन एक सप्ताह तक चलेगा। इसके बाद भी अगर सरकार हमारी मांगों को नहीं मानती है तो आगामी 2 सितंबर को राज्यभर के पेट्रोल पंप 24 घंटे के लिए बंद रहेंगे।

## डॉक्टर एपीजे अब्दुल कलाम फुटबॉल टूर्नामेंट के पांचवें दिन दो मैच खेले गए

**ठेठईटांगर।** डॉ एपीजे अब्दुल कलाम सीजन 3 प्रखंड मैदान में खेले जा रहे टूर्नामेंट के पांचवें दिन दो मैच खेले गए। पहला मैच सिमडेगा टाइगर बनाम राइजिंग स्टार बेल पहाड़ उड़ीसा के बीच खेला गया। जिसमें सिमडेगा टाइगर ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए राइजिंग स्टार बेल पहाड़ उड़ीसा को 1-0 से पराजित किया एवं दूसरा मैच न्यू स्टार एफसी गड़गड़बाहर ठेठईटाँगर बनाम राउरकेला स्टील सिटी एफसी के बीच खेला गया। जिसमें गड़बड़बाहर की टीम राउरकेला स्टील सिटी एफसी 2-0 से पराजित कर अगले चक्र में प्रवेश किया।दोनों मैच 35-35 मिनट के खेले गए।इस खेल के मुख्य अतिथि समाजसेवी ऐरोन रेस्टोरेंट के मालिक अजीत नौरंगी सिमडेगा एवं विशिष्ट अतिथि अमित डुँगडुँग ठेठईटाँगर कुलदीप किंडो संजय हेरेंज थे। इन सभी अतिथियों ने दोनों टीमों के खिलाड़ी से परिचय प्राप्त कर टूर्नामेंट की शुरुआत की।

## एक नजर

### शून्य से पांच वर्ष के बच्चों को पिलायी गयी पोलियो की खुराक

**जमशेदपुर।** स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के आदेशानुसार एग्यारकुंड मध्य विद्यालय निरसा-3 में राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया. यहां प्रभारी प्रधानाध्यापक प्रमोद कुमार झा के नेतृत्व में शून्य से पांच वर्ष के बच्चों को रविवार को पोलियो की खुराक पिलायी गयी। मौके पर प्रमोद कुमार झा ने विद्यालय के पोषक क्षेत्र में आमजनों को जागरुक किया। उन्होंने कहा कि पोलियो एक संक्रामक रोग है, जो वायरस के कारण होता है। पोलियो वायरस गले और आंतों को संक्रमित करता है, जिससे फ्लू जैसे लक्षण पैदा होते हैं।

### बोकारो में राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान की हुई शुरूआत

**बोकारो।** बोकारो डीडीसी (उप विकास आयुक्त) गिरिजा शंकर प्रसाद ने रविवार (25 अगस्त) को दीप प्रज्वलित कर जिले में तीन दिवसीय राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान की शुरूआत की। इसके बाद उन्होंने सदर अस्पताल परिसर में बच्चों को पोलियों की खुराक पिलायी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डीडीसी ने पोलियो की खुराक पिलाने में किसी प्रकार की कोई लापरवाही ना बरतने की अपील की। ईमानदारी से शून्य से पांच वर्ष के बच्चों को पोलियो रोधी खुराक पिलायें। कहा कि अभियान को सफल बनाने के लिए 2099 बूथ बनाये गये हैं, , जिसमें 4188 वैक्सीनेटर पोलियो की खुराक पिलायेंगे। अभियान के पहले दिन बूथों पर शून्य से पांच वर्ष के बच्चों को खुराक पिलायी जा रही है।

### ओबी डंप से बर्बाद हो रही लाह की खेती

**धनबाद।** धनबाद के लिए कोयला जहां वरदान है, वहीं, यह अभिशाप भी बन रहा है। ताजा मामला लाह की खेती से जुड़ा है। झरिया की भौंरा जहाजटांड़ बस्ती के 20-25 बेरोजगारों ने रोजगार के मकसद से जनवरी से बस्ती के समीप लाह की खेती शुरू की है। मेहनत के दम पर इन युवकों ने पौधे में लाह के कीड़े बनने तक का सफर तय कर लिया था। उम्मीद की जा रही थी कि लाह की खेती स्थानीय लोगों के जीवन को बदल देगी। यहां का एक बड़ा तबका इस काम में जुट जाएगा, लेकिन अब इन युवकों पर ही बेरोजगार होने का खतरा मंडराने लगा है।

### सुंदरनगर पुलिस ने भुडरूडीह में चलाया नशा मुक्ति अभियान

**सुंदरनगर।** सुंदरनगर थाना प्रभारी के नेतृत्व में रविवार को थाना अंतर्गत ग्राम भुडरूडीह में नशा मुक्ति अभियान चलाया गया। इस दौरान ग्रामीणों को नशा के खिलाफ जागरूक किया जा रहा है। खासकर बच्चों को नशा से दूर रहने की सलाह दी जा रही है। बच्चों को अच्छा नागरिक बनने के लिए पढ़ाई पर ध्यान देने के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान बच्चों के बीच 120 सेट स्टेशनरी (कॉपी, कलम, पेंसिल, किताब, रबर, कटर, बिस्कुट, चॉकलेट, कलर एवम स्केल) का वितरण किया गया। मौके पर सुंदरनगर थाना प्रभारी शंकर प्रसाद कुशवाहा, सब इंस्पेक्टर मानिक बेहरा, करवाटुगरी पंचायत के मुखिया कानून मुर्मू तथा स्थानीय महिलाएं एवं बच्चे शामिल थे।

### नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के खिलाफ शिक्षा कन्वेंशन आयोजित

**जमशेपदुर।** ऑल इंडिया डेमोक्रेटिक स्टूडेंट्स ऑर्गेनाइजेशन के सरायकेला-खरसावां जिला कमेटी की ओर से रविवार को नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के खिलाफ जिला स्तरीय शिक्षा कन्वेंशन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप मे अर्का जैन यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर डॉ। रूपा सरकार उपस्थित थीं। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता संगठन के प्रदेश सचिव सोहन महतो ने कहा कि छात्रों और शिक्षा प्रेमियों की यह लड़ाई सिर्फ शिक्षा बचाने की ही लड़ाई नहीं है।

# जमशेदपुर में जो विकास ढाई वर्षों में हुआ वह पहले नहीं हुआ था : सरयू राय

**नवीन मेल संवाददाता। जमशेदपुर/रांची**



कोरोना के बाद बीते ढाई वर्षों में जो विकास हुआ वो बीते 20-30 वर्षों में भी नहीं हुआ। अपने विधायक कार्यकाल के दौरान मैंने 156 करोड़ रुपये से अधिक की योजनाओं का क्रियान्वयन क्षेत्र में कराया। रविवार को ये बातें जमशेदपुर पूर्वी विधायक सरयू राय ने कहीं। वे सिदगोड़ा टाउन हॉल में आयोजित भारतीय जनतंत्र मोर्चा के बूथ स्तरीय कार्यकताओं के सम्मेलन में बोल रहे थे। 2000 से भी अधिक कार्यकर्ता टाउन हॉल में उपस्थित थे।

**मुस्तैदी से डटे रहना होगा**

उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि हमें अगले कुछ महीनों में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए मुस्तैदी के साथ काम पर डटे रहना होगा। श्री राय ने कहा कि मोहरदा जलापूर्ति योजना देशभर में बनायी गयी सबसे घटिया जलापूर्ति योजना है। इसमें जितना भी सुधार बीते 4 वर्ष में किया गया है वह कम साबित हो रहे हैं। इसलिए मोहरदा जलापूर्ति योजना का फेज-2 आरंभ किया जा रहा है। जिस पर कुछ ही दिनों में काम शुरू हो जाएगा। करीब 10 हजार घरों में पानी का नया कनेक्शन दिलवाने का कार्य आरंभ हुआ है। पहले जहाँ तीन दिनों में मात्र एक बार जलापूर्ति होती थी अब वहीं हर दिन तीन बार पानी मिल रहा है। पेयजल की गुणवत्ता पहले से काफी सुधरी है। फिर भी यह संतोषजनक नहीं है। यह बात मैंने विधानसभा में भी उठाया और सरकार से मांग किया है कि स्वर्णरेखा नदी के गंदे पानी के साफ कर घरों में पंहुचाने के बदले चांडिल डैम से सीधा पानी जमशेदपुर शहर में दिया जाय।

उन्होंने कहा कि जमशेदपुर में वैधानिक म्यूनिसिपलिटी (नगरपालिका) के लिए मैं सतत प्रयास कर रहा हूं। काफी हद तक इसमें सफलता मिली है। परन्तु अभी तक यह सफलता कार्यरूप नहीं ले पायी है। अभी भी अवैधानिक जेएनएसी के साथ टाटा स्टील के बाहर नगरपालिका व्यवस्था चल रहा है। इन्हें मिलाकर एक औद्योगिक नगर समिति क्षेत्र बनाने का निर्णय सरकार ने लिया है। मगर पड़ोस के एक मंत्री ने दबाव डालकर इसमें अपना नाम अध्यक्ष के लिए डलवा दिया है। जबकि कानून के अनुसार औद्योगिक नगर समिति का अध्यक्ष संबंधित जिला के उपायुक्त होते है। इस कारण से यह निर्णय लागू नहीं हो पा रहा है। मैंने सरकार से कहा है कि इसे सुधारें और लागू करायें तथा इसमें जनता की सहभागिता भी सुनिश्चित करायें।

तीसरी समस्या मालिकाना हक का है, जिसके बारे में मैंने चार बार विधानसभा में अल्पसूचित प्रश्न, ध्यानाकर्षण प्रस्ताव एवं निजी संकल्प के रूप में उठाया है। इसमें सरकार ने जवाब दिया है कि 2018 में तत्कालीन मुख्यमंत्री ने मालिकाना हक की जगह अधिकतम 10 डिसमिल तक आवासीय भवन एवं भूमि का लीज देने के लिए अधिसूचना जारी कर दिया है। इस लिए मालिकाना हक देने में कठिनाई हो रही है।

सरयू ने कहा कि जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने के लिए कांग्रेस के जो नेता व्याकुल होकर घूम रहे हैं, उन्हें एक बार इस बारे में अपने सरकार की आलोचना करनी चाहिए और दबाव डालकर सरकार को इसके लिए तैयार करना चाहिए। परन्तु ये ऐसा नहीं करेंगे, यह मैं जानता हूं। उन्होंने कहा कि मैंने जमशेदपुर में नाला आधारित विकास योजना बनाने का प्रस्ताव सरकार के सामने रखा है।

### पैमार जा रही मालगाड़ी दुर्घटनाग्रस्त, सात डिब्बे उतरे

**धनबाद।** धनबाद रेल मंडल के बंधुवा रेलवे स्टेशन व दानापुर रेल मंडल के पैमार रेलवे स्टेशन सेक्शन लाईन पर रविवार शाम पांच बजे एक मालगाड़ी दुर्घटनाग्रस्त हो गया. उसके सात बोगी बेपटरी हो गये. मिली जानकारी के अनुसार अपलाइन की एक गिट्टी लोड मालगाड़ी बंधुवा रेलवे स्टेशन से खुल कर दानापुर डिवीजन के पैमार रेलवे स्टेशन की ओर जा रही थी. जिसके सात डिब्बे बेपटरी हो गए, ज्वाइंट टूटने से मालगाड़ी का आधा भाग इंजन से दूर खिंचता चला गया और काफी दूर जाकर रुका. तब घटना की सूचना चालक के द्वारा नियंत्रण रेलवे नियंत्रण कक्ष को दी गई. धनबाद डिवीजन को सूचना मिलते ही गोमो से राहत यान ट्रेन को दुर्घटनास्थल के लिए रवाना किया गया. बताया जाता है कि दुर्घटना स्थल दानापुर डिवीजन में होने के कारण दानापुर डिवीजन के द्वारा धनबाद डिवीजन को सूचना नहीं मिलने की स्थिति में राहत कार्य में विलंब हुआ. दुर्घटना स्थल दानापुर डिवीजन से काफी दूरी पर है. मालगाड़ी की दुर्घटना के बाद उक्त सेक्शन लाइन पर ट्रेनों का परिचालन बंद कर दिया गया

# गांडेय में तीन दिवसीय पल्स पोलियों अभियान की हुई शुरूआत

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**



सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गांडेय में रविवार को पल्स पोलियों अभियान की शुरूवात की गई ।

अभियान की शुरूवात प्रखंड प्रमुख राजकुमार पाठक, बीडीओ निशांत अंजुम, सी ओ मनोज कुमार चिकित्सा प्रभारी अब्बू कासिफ हसन प स स प्रतिनिधि श्याम पाठक ने बच्चो को दो बूंद पोलियो खुराक पिलाकर की । प्रमुख राजकुमार पाठक ने कहा कि दो बूंद जिंदगी की प्रखंड के सभी अभिभावक को अपने बच्चो के बेहतर स्वाथ्य के लिए जीरो से पांच साल तक के बच्चो को पोलियो की खुराक अवश्य पिलाए । चिकित्सा प्रभारी अबुल कासिफ हसन ने बताया कि आज से 27 अगस्त तक प्रखंड के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में सहिया दीदी द्वारा बच्चों को खुराक पिलाई जाएगी। वहीं 26,27अगस्त को घर घर जाकर छूटे हुए बच्चो को पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी। मौके पर उपस्थित बीपीएम शिव नारायण मंडल, एएनएम सहित कई स्वाथ्य कर्मी मौजूद थे।

# पेड़ से झूलता मिला व्यक्ति का शव

**नवीन मेल संवाददाता। तिसरी (गिरिडीह)**



लोकाय थाना क्षेत्र अंतर्गत दानोखुट्टा गांव के रनिया गड्ढा बांध स्थित नाला के पास रविवार की सुबह संदेहास्पद स्थिति में पेड़ की डाली से एक व्यक्ति का झूलता हुआ शव बरामद हुआ है। शव की पहचान थाना क्षेत्र के ही जमामो निवासी 25 वर्षीय सुरेश तुरी के रूप में की गई है। बताया जाता है कि मृतक जमामो के हरिजन टोला स्थित अपने ससुराल में ही रहता था। रविवार की सुबह कुछ चरवाहे जंगल की ओर गए तो पेड़ पर झूलते उसके शव को देखा। जिसके बड़ हो -हल्ला होने पर मृतक के परिजन वहां पर पहुंचे। वहीं घटना की जानकारी के बाद लोकाय थाना प्रभारी अमित कुमार चौधरी और मो. अकील अहमद दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। जहाँ शव को पेड़ से उतारकर थाना लाया गया, जिसके बाद पोस्टमार्टम के लिए गिरिडीह सदर अस्पताल भेज दिया गया। इस संबंध में उसकी पत्नी रीता कुमारी ने बताया कि उनका पति सुरेश सुबह उठकर जंगल की ओर गया था। इसी बीच उसकी मौत की खबर मिली।

## शहीद कैलाश यादव का राष्ट्रीय यादव सेना ने मनाया चौथी पुण्यतिथि



**नवीन मेल संवाददाता। बेंगाबाद, (गिरिडीह)**

आज दिनांक 25 8.2024 को राष्ट्रीय यादव सेना , गिरिडीह के द्वारा शहीद स्वर्गीय कैलाश यादव की चौथी पुण्यतिथि सह श्रद्धांजलि सभा का आयोजन खेरोन, मोतीलेदा में किया गया। अध्यक्षता राष्ट्रीय यादव सेना के जिला अध्यक्ष सह प्रदेश संगठन मंत्री धर्मेंद्र यादव और संचालन इंद्र लाल वर्मा ने किया।

मौके पर मौजूद सभी लोगों ने कैलाश यादव के प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित किया और उनकी चौथी शहादत दिवस मनाया। इस कार्यक्रम में धर्मेंद्र यादव ने अध्यक्षता करते हुए कहा कि कैलाश यादव जी के सभी हत्यारों को आजीवन कारावास की सजा माननीय न्यायालय द्वारा सुनाया जा चुका है लेकिन अभी भी एक अपराधी छोटू राय 4 वर्षों से फरार है जिसकी गिरफ्तारी नहीं होना जिला पुलिस प्रशासन के कार्य शैली पर सांवलिया निशान खड़ा करता है। वहीं उन्होंने कहा कि आज से 20 दिन पहले गिरिडीह में अनिल यादव की निर्मम हत्या अपराधियो के द्वारा कर दी गई और पुलिस प्रशासन सिर्फ एक अपराधी बैजू रविदास को गिरफ्तार करके अपना पीठ थपथपाने का काम कर रही है जिससे पूरे गिरिडीह की जनता में पुलिस प्रशासन के खिलाफ आक्रोश व्याप्त है। हम लोग मांग करते हैं कि अभिलंब अनिल यादव हत्याकांड मामले का पूर्ण रूपेण उद्वेदन किया जाए। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से सरिया में विश्वनाथ यादव पर दिन दहाड़े गोली चलाया गया और उसके बाद आज से 2 दिन पहले बिरनी प्रखंड के शाखाबारा पंचायत के एक नौजवान को मार करके तालाब में फेंक दिया गया।

# तेज रफ्तार कार ने व्यक्ति को रौंदा, विरोध में सड़क जाम

**नवीन मेल संवाददाता। सरायकेला**

खरसावां के बाजारसाही में तेज गति से आ रही एक कार चालक ने शनिवार देर शाम को सड़क किनारे खड़े व्यक्ति को रौंद दिया। जिससे उसकी मौत हो गई। घटना के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया। घटना से आक्रोशित लोगों ने सड़क पर जाम लगा आवागमन ठप कर दिया और आश्रितों को मुआवजा देने की मांग की है।जानकारी के अनुसार शनिवार की देर शाम खरसावां के बाजारसाही निवासी प्रशांत मोदक (48) की किराने की दुकान से कुछ सामान खरीद घर लौट रहा था। इस दौरान बाजारसाही हरिमंदिर के पास रोड के किनारे एक चापाकल के पास खड़ा था। तभी एक तेज रफ्तार कार ने उसे रौंद दिया और कार चालक मौके से भाग गया। आनन फानन में स्थानीय लोगों ने उन्हें खरसावां स्थित समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए जमशेदपुर रेफर कर दिया। रास्ते ही प्रशांत ने दम तोड़ दिया। घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने रविवार की सुबह खरसावां बाजार क्षेत्र में सड़क पर जाम लगाकर हाईस्कूल की ओर आने- जाने वाली सभी मुख्य सड़क को अवरुद्ध कर दिया गया है। इससे वाहनों का आवागमन पूरी तरह से बाधित हो गया। बाजार क्षेत्र के दुकानदारों ने भी अपने दुकानों को बंद रखा। स्थानीय लोग पुलिस- प्रशासन से दोषी वाहन चालक को चिन्हित कर कार्रवाई करने, मृतक के आश्रितों को मुआवजा दिलाने और सड़क दुर्घटनाओं पर रोक लगाने की मांग कर रहे हैं। जानकारी मिलने के बाद सभी प्रशासनिक अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे और लोगों को समझाने का प्रयास किया।

### 13 हजार बच्चों को पिलाई गई पल्स पोलियो की खुराक

**घाटशिला।** विशेष अभियान के तहत घाटशिला में 13 हजार 14 बच्चों को पल्स पोलियो की खुराक पिलाई गई. अभियान के दूसरे दिन सोमवार को और तीसरे दिन मंगलवार को डोर टू डोर अभियान चलाकर लक्ष्य को पूरा किया जायेगा।

## पांच- पांच किलो के चार आईईडी बरामद

**पश्चिमी सिंहभूम।** पुलिस ने रविवार को टोन्टो-गोईलकेरा थाना के सीमावर्ती इलाके से पांच- पांच किलो के चार आईईडी बरामद किया है। सभी आईईडी को डिफ्यूज कर दिया गया। एसपी आशुतोष शेखर ने बताया कि टोन्टो-गोईलकेरा थाना क्षेत्र के जिमकी इकिर-मुरुंबुरा-हुसिपी के आस-पास जंगली,पहाड़ी क्षेत्र में सुरक्षा बलों को लक्षित करने के उद्देश्य से नक्सलियों की ओर से लगाये गये चार आईईडी बरामद कर सुरक्षा के दृष्टिकोण से उसी स्थान पर बम निरोधक दस्ता के सहायता से डिफ्यूज किया गया। नक्सलियों के खिलाफ संचालित नक्सल विरोधी अभियान जारी है।

# जोड़ासिमर गांव में बढ़ता ही जा रहा डायरिया का प्रकोप

### स्वास्थ्य विभाग अलर्ट कैम्प लगाकर किया इलाज, कुएं में डाला ब्लीचिंग पाउडर

**नवीन मेल संवाददाता। तिसरी (गिरिडीह)**



तिसरी प्रखंड के जोड़ासिमर गांव में डायरिया का प्रकोप बढ़ता ही जा रहा है। शनिवार को गांव में डायरिया के दो नए मरीज मिले हैं,जिनका स्वास्थ्य विभाग ने उपचार किया। वहीं गांव में बीमारी से ही एक बच्ची की मौत होने की भी बात बताई जा रही है। हालांकि यह स्पष्ट नहीं है कि मौत डायरिया से ही हुई। बीते दिनों स्वास्थ्य विभाग ने गांव में शिविर लगाकर 7 मरीजों का इलाज किया था, जिसमें से दो मरीजों को बेहतर इलाज के लिए गिरिडीह रेफर किया गया था। वहीं विभाग ने शनिवार को फिर से गांव में कैम्प किया जिसमें दोनों मरीजों का इलाज किया गया। बता दें कि प्रखंड के गुमगी पंचायत अंतर्गत सुदूरवर्ती जोड़ासिमर गांव में अचानक डायरिया फैलने से पहले 7 लोग बीमार हुए थे। तिसरी स्वास्थ्य विभाग ने उनका उपचार किया था। वहीं प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी के नेतृत्व में जीएनएम अनूप कुमार, लखन कुमार, मोहन कुमार आदि ने जोड़ासिमर गांव पहुंचकर पुनः कैम्प किया। जहाँ दो नए मरीज मिलने पर स्वास्थ्य विभाग ने उनका भी उपचार किया। बताया जाता है कि गांव के लोग कुएं से पानी पिया करते हैं। कुएँ का पानी काफी दूषित होने के कारण लोग डायरिया का शिकार हो रहें हैं। इसको लेकर विभाग ने गांव के हर एक कुएं में ब्लीचिंग पाउडर भी डाला ताकि पानी में फैले बैक्ट्रीया से लोगों की सेहत खराब न हो। वहीं जोड़ासिमर गांव में बीमार होकर एक बच्ची की मौत होने की बात बताई जा रही है।

# गिरिडीह में चार बदमाश गिरफ्तार, हथियार बरामद

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

जिले की बगोदर थाना पुलिस ने चार शातिर बदमाशों को गिरफ्तार कर उनके पास से चार देसी कट्टा, 19 कारतूस और एक आईफोन बरामद किया है। आरोपित किसी बड़े आपराधिक घटना को अंजाम देने की फिराक में थे। एसपी दीपक कुमार शर्मा ने रविवार को पत्रकार वार्ता में बताया कि उन्हें गुप्त सूचना मिली थी कि देवघर के मधुपुर थाना क्षेत्र से दो बाइक पर सवार होकर चार अपराधी अवैध हथियार खरीदारी कर बगोदर की ओर जा रहे हैं। अपराधी किसी बडी घटना बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में हैं। उन्होंने तत्काल बगोदर- सरिया अनुमंडल पुलिस पदाधिकारियों धनंजय कुमार राम को मामले से अवगत कराते हुए चारों अपराधियों की धर-पकड़ का निर्देश दिया। इसके बाद एसडीपीओ के नेतृत्व में बगोदर के हरिहरधाम के निकट सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इसी बीच दो बाइक से आ रहे चारों अपराधी पुलिस को देखते ही द्वारा बाइक पीछे घूमाकर भागने लगे।

तभी एक बाइक के पीछे बैठे रंजीत कुमार साव को पुलिस ने दबोच लिया। तलाशी लेने पर उसके पास से चार देसी कट्टा, 7. 55 एमएम के 11 कारतूस, 8 एमएम के 8 कारतूस और आईफोन बरामद किया। बताया गया कि पकड़े गए अपराधी ने पुलिस को बताया कि मधुपुर थाना क्षेत्र से हथियारों को खरीदारी की थी। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने मधुपुर पहुंचकर अन्य तीन को गिरफ्तार किया। आरोपितों में सुधीर कुमार यादव, एंकर दास एवं मो आरिफ का अपराधिक इतिहास रहा है। चारों देवघर जिले के रहने वाले हैं।

## न्यूज बॉक्स

### चांडिल डैम से मिला अल्केमिस्ट एविएशन के प्रशिक्षक विमान का मलबा

**जमशेदपुर।** गत पांच दिनों से लापता प्रशिक्षक विमान की तलाश रविवार को आखिरकार पूरी हुई। सोनारी एयरपोर्ट से उड़ान भरने के 15 मिनट बाद लापता हुए अल्केमिस्ट एविएशन प्राइवेट लिमिटेड के विमान का मलबा चांडिल डैम में मिला है। भारतीय नौसेना की टीम ने डैम की गहराई में विमान का पता लगाया। विमान वनडीह नामक स्थान के पास डूबा हुआ मिला। नौसेना की टीम ने विमान का एक हिस्सा प्रमाण के तौर पर बाहर निकाला है लेकिन विमान को पूरी तरह से बाहर निकालने में अभी वक्त लग सकता है। टीम के पास डैम से भारी वस्तुओं को निकालने के उपकरण हैं और उम्मीद की जा रही है कि जल्द ही विमान को पानी से बाहर निकाल लिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि मंगलवार को विमान के लापता होने के बाद से एनडीआरएफ, स्थानीय प्रशासन और वन विभाग की टीम मिलकर लगातार तलाशी अभियान चला रही थी। प्रशिक्षु पायलट शुभ्रोदीप दत्ता और प्रशिक्षक पायलट जीत शत्रु आनंद के शव गुरुवार को मिले थे। इसके बाद से ही नौसेना की टीम विमान के मलबे की खोज रही थी।

### 2024 में 2014 वाला इतिहास दोहराएगी राजधनवार की जनता : राजकुमार यादव



**गिरिडीह।** भाकपा माले के पूर्व विधायक राजकुमार यादव ने गांवा महासम्मेलन को लेकर कहा कि कल की भीड़ इतिहास रचेगी। वे रविवार को तिसरी चौक पर प्रेस वार्ता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि 2014 का इतिहास फिर 2024 में भाकपा माले दोहराने जा रही है। कल यानि 26 अगस्त को धनवार विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता जीबी बैठक मालडा हाई स्कूल मैदान में रखा गया है। 2024 विधानसभा चुनाव जीतने के लिए भाकपा वाले द्वारा सम्मेलन के माध्यम से आम जनता और कार्यकताओं को एकजुट किया जा रहा है। आप देख रहे हैं 2019 विधानसभा चुनाव जीतने के बाद बाबूलाल मरांडी के द्वारा पूरे विधानसभा में विकास के नाम पर कार्य शून्य है। इन 5 सालों में जनता का एक भी कार्य बाबूलाल जी के द्वारा नहीं किया गया है। धनवार विधानसभा की जनता भाकपा माले के पक्ष में 2014 का इतिहास 2024 में पुनः दोहराने के लिए मालडा मैदान में पहुंच रहे हैं। इस मौके पर सोनू यादव, छोटी यादव , चंदन यादव आदि मौजूद थे।

### भाजपा चुटिया मंडल के 50 कार्यकर्ताओं ने पद से दिया इस्तीफा

**रांची।** भाजपा चुटिया मंडल के 50 से अधिक कार्यकताओं ने अपने पद इस्तीफा दे दिया है। प्रदेश के संगठन मंत्री कर्मवीर सिंह को कार्यकताओं ने पत्र लिखकर अपना इस्तीफा दिया है। कार्यकताओं का कहना है कि पार्टी में पुराने कार्यकताओं को उपेक्षित किया जा रहा है। जनसंघ काल के कार्यकताओं को संगठन में उचित मान-सम्मान नहीं दिया जा रहा है। कार्यकताओं ने कहा है कि पिछले साढ़े तीन साल से मंडल अध्यक्ष सुजीत शर्मा के कार्यों से कार्यकताओं में रोष था। दोबारा उन्हें ही मंडल का अध्यक्ष बनाया गया है। इसके खिलाफ पार्टी के वरिष्ठ नेताओं से विरोध दर्ज कराया गया था। कार्यकताओं ने कहा है कि यदि मंडल अध्यक्ष को बदला नहीं गया, तो सभी पार्टी छोड़ने को मजबूर होंगे।

### डॉक्टर के साथ दुष्कर्म के विरोध में मार्च निकाला

**रांची।** बंगाल में महिला डॉक्टर के साथ दुष्कर्म के बाद हत्या के विरोध में रविवार को जन सेवा मंच ने न्याय मार्च निकाला। मार्च जयपाल सिंह स्टेडियम से शुरू होकर अलबर्ट एक्का चौक पहुंचा। मार्च में शामिल लोगों ने दोषी को फांसी देने की मांग की। मंच के मुनचुन राय ने कहा कि ऐसे आरोपियों के लिए कड़े कानून बनाकर फांसी दी जानी चाहिए।

### कचरा प्रबंधन पर विद्यार्थियों ने दिए नए तकनीकी समाधान

**रांची।** बिड़ला प्रौद्योगिकी संस्थान (बीआईटी), मेसरा के उद्यमिता विकास प्रकोष्ठ ने एआईसीटीई आइडिया लैब, संस्थान की नवाचार परिषद और बिटोसा पुणे के सहयोग से इनोवेट-ए-थॉन का आयोजन किया। इस वर्ष प्रतियोगियों को- कचरा प्रबंधन, में नए तकनीकी समाधानों को प्रस्तुत करना था। कार्यक्रम में निर्णायक के रूप में एलुमनाई और इंटरनेशनल रिलेशन के एसोसिएट डीन विशाल एच शाह, रिसर्च इनोवेशन और एंटरप्रेन्युरशिप के डीन डॉ सी जेगनाथन, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ एस त्रिपाठी, मैकेनिकल इंजीनियरिंग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ राजीव कुमार और डेवटाउन के सह-संस्थापक शौर्य सिन्हा उपस्थित थे। प्रतियोगिता में 9 टीमों ने हिस्सा लिया, जिनमें से 7 टीमें बीआईटी मेसरा से थीं और बाकी की 2 टीमें ओडिशा से थीं। सभी प्रतियोगियों ने अपने अभिनव विचारों को प्रस्तुत किया। जिनमें यातायात, दूरी और कचरे की मात्रा के आधार पर कचरा साफ करने वाले ट्रक के लिए मार्गों का नक्श और वेबसाइट तैयार करने से लेकर छवि वर्गीकरण और भूवैज्ञानिक ट्रैकिंग का उपयोग करते हुए ई-कचरा प्रबंधन के लिए ग्राहक-एजेंट इंटरफेस मॉडल बनाने तक का यह सफर, मौलिक विचारों से ओतप्रोत था। प्रतिभागियों ने कचरे के कारण बढ़ते प्रदूषण और समस्या से निपटने के लिए सुझाव भी दिए। प्रतियोगिता की विजेता टीम 404 थी, जिसका नेतृत्व कृश सागर कर रहे थे, इस टीम ने लैंडफिल में मीथेन के स्तर का पता लगाने और उसका मानचित्रण करनेवाले एक रोवर की रचना की थी।

### ग्रामीणों को विस्थापित करने का भय दिखा रहा वन विभाग, होगा आंदोलन

**जमशेदपुर।** वन पर्यावरण व जलवायु परिवर्तन विभाग के उप वन संरक्षक एवं क्षेत्र निदेशक जमशेदपुर सह संयोजक, निगरानी समिति दलमा इको सेंसिटिव जोन दलमा वण्यप्राणी आश्रयणी की तराई में बसे गांवों के ग्रामीणों को पर्यावरण संरक्षण अधिनियम 1986 की धारा 19बी के तहत नोटिस जारी कर वन विभाग के कार्यालय में बुलाया है। इसको लेकर दलमा सुरक्षा मंच व संयुक्त ग्राम सभा मंच ने नाराजगी जताई है। इसको लेकर रविवार को चांडिल प्रखंड के आसनबनी स्थित नव प्राथमिक विद्यालय सालतेल के प्रांगण में गिद्दू मांझी की अध्यक्षता में दलमा ग्रामसभा सुरक्षा मंच व संयुक्तग्राम सभा मंच की बैठक हुई।

NILAMBER-PITAMBER UNIVERSITY
MEDININAGAR, PALAMU

Memo No.- NPU/CCDC/03/2024 Date-24/08/2024

NOTICE

Tender bearing no. NIT- NPU/CCDC/07/2023 dtd 11.11.2023 for supply of Manpower and security guards through outsource published by the Nilamber -Pitamber University, Medininagar is hereby Cancelled. This is for the information to the bidders and concerned persons. Consequently EMD deposited by bidders will be returned after completing the formalities.

Registrar
Nilamber- Pitamber University
Medininagar, Palamu.

Memo No.- NPU/CCDC/05/2024 Date-24/08/2024


संपादकीय

## भगवान श्रीकृष्ण और गीता की प्रासंगिकता

आज के परिवेश में भगवान श्री कृष्ण द्वारा दिए गए गीता में उपदेश, उनकी शिक्षाएं आज भी उतनी ही प्रासंगिक हैं जितने उस काल में थे। उन्होंने मानव जाति को परंपराओं और मयार्दाओं की बेड़ियों से मुक्त होकर जीवन जीने का उपदेश दिया। कर्म को प्रधानता दी। कर्म को ही धर्म बताया। बिना फल की आशा के कर्म करने की शिक्षा दी। सामाजिक व व्यावहारिक परेशानी हो या भावनात्मक तकलीफ गीता में हर समस्या का समाधान है। कर्म वही करें जिसकी ज्ञान इजाजत देता है। इस तरह से व्यक्ति सही-गलत और पाप-पुण्य के बीच का फर्क आसानी से समझ सकता है। वर्तमान समय में इसकी प्रासंगिकता कुछ इस तरह है कि व्यक्ति को ईश्वर और धर्म को जानने का प्रयास करना चाहिए। ऐसी स्थिति में वह कभी किसी भी गलत दिशा में नहीं जा सकता। उनके सफल होने की संभावनाएं अधिक होगी। जिस तरह से श्रीकृष्ण ने धर्मसंकट में पड़े अर्जुन को उपदेश दिया कि अधर्म के रास्ते पर अगर गुरु हैं या अपने पूज्यजन तो उनका संहार करना अधर्म नहीं कहलाता ठीक उसी तरह आज भी जिस तरह सत्ता पक्ष, विपक्ष या उच्च पद पर बैठे लोग भी जो गलत नीतियों पर चल रहे हो, भ्रष्टाचार में लिप्त हो, बलात्कारी हो, अगर उन्हें हम संरक्षण देते हैं तो हम भी अधर्मी ही कहलाएंगे। उनका संहार करना भी हमारा धर्म है। निष्पक्ष होकर पक्ष- विपक्ष सभी लोगों के गलत व्यवहारों के सजा का उचित प्रावधान होना चाहिए। अगर हम भगवान कृष्ण को मानते हैं तो हमें उनके दिखाए आदर्शों पर भी चलने की जरूरत है।सदियां बीत गईं। युग बदल गए मगर आज भी भगवान श्री कृष्ण के उपदेश हमें जीने की राह दिखाते हैं। जीवन जीने का नाम है हताश होकर हार मानकर बैठने का नहीं। हमें अपने कर्मों पर ध्यान देना है। वर्तमान ही जीवन है। कल जो बीत गया है सर तुम बदल नहीं सकते और भविष्य के गर्भ में क्या छिपा है कोई नहीं जानता। जो हैं बस वर्तमान ही है। यही गीता का सार है। मनुष्य अपने कर्म को अगर धर्म के अनुसार करता है तभी वह जीवन जी पाता है। विवेक और बुद्धि बल से ही विकट परिस्थितियों में निर्णय लिए जाते है जो वर्तमान के लिए कटु हो सकते हैं परंतु वही भविष्य में इतिहास के पन्नो पर दर्ज हो जाते हैं।कोरोना काल में हर कोई परेशान था। रोजगार छिन गए थे वैश्विक महामारी ने जीवन की रूपरेखा बदल दी थी परंतु फिर भी जीवन चलता है। समय कभी रुकता नहीं है। और आज जो समय के अनुसार खुद को तैयार कर सामंजस्य स्थापित कर लेगा वही सफलता की राह पर कदम रख सकता है। समय हमें सही दिशा में कर्म करने को प्रेरित करता है। यानि वर्तमान को संवार कर ही हम आगे बढ़ सकते हैं।

**कर्म को प्रधानता दी। कर्म को ही धर्म बताया। बिना फल की आशा के कर्म करने की शिक्षा दी। सामाजिक व व्यावहारिक परेशानी हो या भावनात्मक तकलीफ गीता में हर समस्या का समाधान है। कर्म वही करें जिसकी ज्ञान इजाजत देता है।**

# ब्याज दरों में कटौती के संकेत से शेयर मार्केट में तेजी



आज की बात



शशांक भारद्वाज

पिछले सप्ताह भारतीय शेयर मार्केट ने पुनः उभरे तेजी के मनोभाव को और भी सुदृढ़ किया। निफ्टी में 282 अंको की बढ़त रही तथा सप्ताह के पांचों व्यापारिक सत्रों में तेजी ही दिखी। इसका मुख्य कारण अमेरिका में ब्याज दरों में कमी आरंभ होने के स्पष्ट संकेत रहे।अमेरिका के केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व के चेयरमैन जेरोम पॉवेल ने कह ही दिया कि ब्याज दरों में कटौती का समय आ गया है। अब सितंबर में यदि यह कटौती होती है तो विश्व के प्रमुख शेयर मार्केट के लिए यह बहुत सकारात्मक होगा, निवेश प्रबंधकों के पास पड़ी बड़ी नकद धनराशि का शेयरों में निवेश होगा। मार्केट इस कमी की आशा में ब्याज दरों में कमी के पूर्व की रैली की तेजी दिखा रहें हैं। डाउ में पिछले सप्ताह 516 अंकों का बड़ा उछाल आया। यदि ब्याज दर कटौती पर कोई नकारात्मक बात नहीं आती तो डाउ नई सार्वकालिक ऊंचाई बना सकते हैं। इससे भारतीय शेयर मार्केट भी नई ऊंचाईयों की ओर बढ़ सकते हैं। भारतीय शेयर मार्केट अब बड़े बड़े नकारात्मक समाचारों को भी आत्मसात करने की क्षमता, शक्ति तथा प्रवृति दिखा चुकें हैं, उनके पास अब आत्मविश्वास से भरे खुदरा निवेशकों की बड़ी संख्या है। फिर अर्थव्यवस्था तथा जीडीपी वृद्धि दर के अच्छे बने रहने को लेकर कोई संशय भी नहीं है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष की उप प्रबंध निवेशक गीता गोपीनाथ ने 2027 तक भारत के विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की बात कही है। वित्त मंत्रालय की मासिक समीक्षा में भी जीडीपी में 6.5 से 7 प्रतिशत वृद्धि की आशा जताई गई है। विनिर्माण क्षेत्र ने अच्छी वृद्धि अच्छा संकेत है। अच्छे मानसून के कारण खरीफ तथा रबी की उपज भी अच्छा होने का अनुमान है जिससे मुद्रास्फीति में कमी आ सकती है। ऐसे में भारत में भी ब्याज दरों में छोटी कटौती तो करने का दबाव बढ़ जायेगा। भारत के डेट, बॉन्ड मार्केट में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों का निवेश एक लाख करोड़ रुपए के पार पहुंच गया है। किसी राष्ट्र में डेट मार्केट में बढ़ता निवेश उस राष्ट्र की अर्थव्यवस्था की सुदृढता का परिचायक होता है जबकि शेयर मार्केट तो फिर भी कभी कभी भावनाओं के अतिरेक में बढ़ जाते हैं। पिछले सप्ताह विदेशी निवेशकों ने नकद संभाग में 1609 करोड़ रुपए की बिकवाली की तथा अगस्त में अभी तक उन्होंने 30585 करोड़ रुपए के शेयर बेचे हैं परंतु भारतीय घरेलू संस्थागत निवेशकों ने समान अवधि में 47080 करोड़ रुपए के शेयर क्रय किए हैं अर्थात उनके विक्रय से 50 प्रतिशत से भी अधिक राशि के। यह डीआईआई के पास अच्छी निवेश योग्य राशि होना दर्शाता है तथा इस प्रवाह में कोई कमी का संकेत भी नहीं है एवं उन्होंने तो अनेक दिन एफआईआई की तुलना में उनकी बिकवाली से दुगनी राशि के शेयर भी क्रय किए है। सप्ताह के अंतिम दो व्यापारिक सत्रों में तो एफआईआई तथा डीआईआई, दोनो ने अच्छी खरीद की है। यह घबराए हाथों से आश्वस्त, सुदृढ़ हाथों में शेयरों के प्रवाह को भी दशार्ता है। एफपीआई थोड़े बिकवाल बने हैं तथा उन्होंने अगस्त में अभी तक 21102 करोड़ रुपए भारतीय शेयर मार्केट से निकाले हैं। ब्याज दरों में कमी आरंभ होने से वो पुनः भारतीय शेयर मार्केट में बड़े क्रेता हो सकते हैं। निफ्टी अभी 23 के पीई पर है। यह कोई बहुत अधिक ऊंचा मूल्यांकन नहीं है।भारतीय अर्थव्यवस्था के विकास की संभावनाओं को देखते हुए भी निफ्टी के मूल्यांकन को कुछ प्रीमियम मिलना उसका विशेषाधिकार है। डॉलर इंडेक्स धराशाई हो एक वर्ष से भी अधिक के निचले स्तर 100.68 आ गया है, यूएस बॉन्ड यील्ड भी गिरकर 3.804 पर है। ये दोनो शेयर मार्केट के लिए अच्छे संकेत हैं। ब्रेंट क्रूड अरब में भूराजनीतिक चिंताओं, युद्ध के पश्चात भी 80 डॉलर प्रति बैरल के नीचे 78.15 डॉलर पर है।शांति प्रयास चल रहे हैं। कोई समझौता हो जाता है तो क्रूड में बड़ी गिरावट भी दिख सकती है जो भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए एक और सकारात्मक बात होगी। इंडिया विक्स 13.55 पर है। रक्षा, शिपिंग, रेलवे क्षेत्र के शेयर अपने सार्वकालिक ऊंचे स्तरों से 20 से 40 प्रतिशत नीचे आए हैं।इनमे थोड़ी और गिरावट आने पर कुछ शेयर उचित पीई पर उपलब्ध हो जायेंगे। ऐसे शेयरों को इकट्ठा किया जा सकता है। कुछ प्रमुख शेयर जो काफी समय से उपेक्षित थे, उनमें खरीदारी की जा सकती है जैसे एचडीएफसी बैंक, टाटा केमिकल इत्यादि। वाहन क्षेत्र में इन्वेंटरी बढ़ने की बात कही जा रही। अतः उनमें निवेश के लिए थोड़ी प्रतीक्षा करनी चाहिए यद्यपि इसमें सरकार का दोष नही,यह एक सामान्य व्यापारिक चक्र है।

**(ये इनके निजी विचार हैं)**

अलग बात

## निष्काम कर्मयोगी भगवान श्रीकृष्ण

**डॉ. मुकेश कबीर**

भगवान श्रीकृष्ण को ज्यादातर प्रेम के प्रतीक के रूप में पूजा गया जबकि प्रेम के अलावा भी श्रीकृष्ण बहुत विराट हैं पूर्ण पुरुषोत्तम हैं। बेशक प्रेम उनका स्वभाव है इसीलिए उनका प्रेम इतना विशाल इतना अनंत है कि वे सम्पूर्ण कलाओं के स्वामी बन सके और हर कला में पूर्ण। श्रीकृष्ण जितने अच्छे प्रेमी हैं उतने ही अच्छे कूटनीतिज्ञ हैं। जितने अच्छे संगीतकार हैं उतने ही महान योद्धा हैं और जितने समर्पित रसिया हैं उतने ही समर्पित कर्मयोगी लेकिन श्रीकृष्ण के कर्मयोगी स्वरूप की चर्चा कम होती है। ज्यादातर कवि और कथाकार श्रीकृष्ण के प्रेमी रूप को महिमा मंडित करते रहे और उनको रासबिहारी ही बना दिया गया। श्रीकृष्ण से हमें सिर्फ प्रेम नहीं सीखना था बल्कि कर्म सीखना था, निष्काम कर्म सीखना चाहिए था तभी दुनिया से अन्याय और अधर्म समाप्त होता लेकिन हुआ उल्टा जब हम प्रेम करते हैं तो परिणाम की चिंता नहीं करते लेकिन कर्म तभी करते हैं जब उसमें कोई फायदा हो, हमारे कर्म रिजल्ट ओरिएंटेड हो गए इसीलिए सारा तनाव और फसाद जीवन में आया। कृष्ण के जीवन को देखें तो उन्होंने जो भी किया उससे उन्हें कभी कोई व्यक्तिगत फायदा नहीं हुआ लेकिन फिर भी वे अथक, अनवरत कर्म करते रहे और उनके जीवन में कभी अवसाद और आलस्य भी नहीं रहा चाहे परिणाम विपरीत रहा हो। गीता में वे कहते भी हैं कि "मुझे कुछ भी वस्तु प्राप्त करने की जरूरत नहीं है फिर भी मैं कर्म करता हूं, सारी दुनिया में जो कुछ भी होता है वो सब मेरे पास है फिर भी मैं कर्म करता हूं। श्रीकृष्ण सिर्फ कर्मयोगी नहीं हैं बल्कि निष्काम कर्मयोगी हैं, कर्मो में न उनको आसक्ति है न विरक्ति बल्कि अनासक्ति है यही कारण है कि उनके जीवन में किसी भी तरह का अहंकार नहीं रहा और उन्होंने छोटे बड़े काम में भेद नहीं किया, राजा होने के बाद भी उन्होंने सारथी बनना स्वीकार किया और मान अपमान से परे होकर युद्ध में हथियार न उठाने की प्रतिज्ञा भी तोड़ी यह उनका अर्जुन और भीष्म के प्रति प्रेम भी था। अपने युग के सबसे बड़े योद्धा और परम प्रतापी होने पर भी उन्होंने युद्ध से भागने से भी गुरेज नहीं किया, उनको रणछोड़ कहा गया लेकिन उन्होंने इसे सहर्ष स्वीकार किया क्योंकि तब यही उचित था ,कालांतर में हमने यह भी देखा कि बहुत सी सेनाएं इसलिए युद्ध हार गईं क्योंकि उन्होंने वक्त पर पलायन नहीं किया और विपरीत हाल में भी युद्ध में डटे रहे, यह वीर का लक्षण तो है लेकिन कूटनीतिज्ञ का नहीं। श्री कृष्ण की कूटनीति देखिए कि युद्ध से भागकर भी युद्ध नहीं छोड़ा, सही समय का इंतजार किया और आखिर में जरासंध को समूल नष्ट किया ही। **(ये इनके निजी विचार हैं)**





बोधि वृक्ष

**यह समस्त कष्टों, पीड़ाओं तथा शोकावस्थाओं के लिए राम-बाण उपचार है- अर्थात समस्त व्यक्तिगत एवं सामूहिक कर्मों से मुक्ति का मार्ग।**

## विपत्ति के समय शक्ति



श्री श्री परमहंस योगानंद

यह परमानन्द उस व्यक्ति को सदा के लिए अक्षय आनन्द प्रदान करता है जो इसे प्राप्त कर लेता है, चाहे वह शारीरिक कष्टों या मृत्यु के परीक्षणों से ही क्यों न गुजर रहा हो। भौतिक उपचार-औषधियाँ, भौतिक सुविधाएँ, मानवीय सान्त्वनाएँ - पीड़ा मिटाने में अपनी भूमिका रखते हैं, परन्तु महानतम उपचार है क्रियायोग का अभ्यास तथा यह प्रतिज्ञापन कि आप ईश्वर के साथ एक हैं। यह समस्त कष्टों, पीड़ाओं तथा शोकावस्थाओं के लिए राम-बाण उपचार है- अर्थात समस्त व्यक्तिगत एवं सामूहिक कर्मों से मुक्ति का मार्ग। अन्तमुर्खी ईश-सम्पर्क की एक वैज्ञानिक प्रविधि। क्रियायोग का विज्ञान परमहंस योगानन्दजी की 'योगी कथामृत' में वर्णित है। मानव जातियों, राष्ट्रों, या सम्पूर्ण संसार के अन्तर्गत किए गए एकत्रित कर्म, सामूहिक कर्म बनते हैं, जो अच्छाई या बुराई की प्रधानता और श्रेणी के अनुसार स्थानीय एवं दूरगामी प्रभावों को उत्पन्न करते हैं। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति के विचार मैं जानता हूँ कि ईश्वर की शक्ति असीम है; और क्योंकि मैं उनके प्रतिबिंब में बना हूँ, अतः, मेरे पास भी सभी बाधाओं को जीतने की शक्ति है। परमपिता! चाहे कैसी भी परिस्थितियाँ मेरे समक्ष आएँ, मैं जानता हूँ कि वे मेरे विकास में अगले कदम का प्रतीक हैं। मैं सभी परीक्षणों का स्वागत करूँगा क्योंकि मैं जानता हूँ कि मेरे भीतर समझने हेतु बुद्धि तथा परास्त करने हेतु सामर्थ्य है।


काव्य कोना

## सखा ओ मेरे सखा का

मेरे सह पथिक
मेरी चिट्ठियां सँजो न पाओगे
याद कहाँ भूला पाओगे !
न कोई रूका है
न कोई रूकेगा
चार काँधों की जरूरत सब
को है
मैं कौन-सा अछूता रह पाऊँगा
अंतिम मिलन होगी विदाई की
पराकाष्ठा।
अनुरोध बस एक है
शपथ है हमारी बहुत ही पुरानी
अगर जो आना, कंधा लगाना
हँसते ही आना
हँसते ही जाना
न चादर न फूल ना ही
अच्छत लाना।
सखा ओ मेरे सखा
मेरे सह पथिक
मेरी चिट्ठियां सँजो न पाओगे
याद कहां भूला पाओगे

-नाग मणि





सुनील बादल


## हे कृष्णा!

हे कृष्णा अच्छा हुआ
तुम आज नहीं हो
वर्ना हमलोग
तुम्हें भगवान तो क्या
कृष्ण ही नहीं मानते
लीलाधर क्या
एक सखा तक नहीं मानते
द्रौपदी से संबंध पर
सवाल उठाते
अर्जुन से धर्म नहीं
बहनोई की बात उठाते
तुम्हारी जात और नीयत पर
सवाल उठाते
बहेलिए से पहले
खाप वाले उड़ा डालते
प्रभु गीता के उपदेश तो क्या
हम तुम्हें ग्वाला बताते
जो भगवान बन ही नहीं सकता।

## हे कृष्ण

अपना नाम बदल डालो
लॉर्ड कृष्णा को सभी जानते हैं
सुदामा के सखा कृष्ण
अब इतिहास बन गए हैं !
हरे रामा हरे कृष्णा
भजने में नहीं
अब कुछ नया कर डालो
हे कृष्ण
अपना नाम बदल डालो
कर्म भले, कर्मा हो जाए
तुम एक बार फिर अर्जुन को
अधिकार के साथ कर्तव्य
और प्रेम समझा दो
बनकर कृष्ण से कृष्णा
भोग और प्रेम में
अंतर बता दो, न समझे कोई
तो सुदर्शन चक्र उठा लो
अब कुछ नया कर डालो
हे कृष्ण
अपना नाम बदल डालो।

फेसबुक वॉल से




X से




आपकी बात

## आगे भी 'राष्ट्रीय नवीन मेल' का यह 'साहित्यिकी' परिशिष्ट जारी रहे



विजय केशरी
कथाकार/स्तंभकार, हजारीबाग

बीते कुछ सप्ताह से रांची/डालटेनगंज से प्रकाशित हिंदी दैनिक 'राष्ट्रीय नवीन मेल प्रत्येक रविवार को साहित्यिकी परिशिष्ट निकालकर हिंदी साहित्य के प्रचार प्रसार के लिए एक सराहनीय पहल किया है। इतिहास बताता है कि जब से झारखंड में अखबारों का प्रारंभ हुआ था, तब के दैनिक अखबारों में हर सप्ताह झारखंड के साहित्यकारों की रचनाएं नियमित रूप से छपा करती थीं। लेकिन बाद के कालखंड में यह परंपरा धीरे-धीरे खत्म सी हो गई। फिर भी कुछ अखबार यद कथा साहित्यकारों की रचनाएं छाप दिया करते थे। यहां यह लिखना जरूरी हो जाता है कि इन अखबारों ने अपने प्रकाशन के प्रारंभिक काल में झारखंड के रचनाकारों को प्रकाशित कर उन्हें मानसिक रूप से बहुत ही प्रोत्साहित साहित्य किया था। झारखंड के कथाकरो, कवियों, समीक्षकों, समालोचको की रचनाओं को प्रकाशित कर इन अखबारों ने उन्हें साहित्य सृजन की आगे की आगे चलकर यही साहित्यकार राष्ट्रीय स्तर पर अपने अपने नाम रोशन किए थे। ये साहित्यकार अपनी कृतियों के बल पर झारखंड का नाम खूब रोशन किया। लेकिन इधर देख रहा हूं कि झारखंड से प्रकाशित होने वाले अखबार फिर से साहित्यकारों की रचनाओं को प्रमुखता से प्रकाशित करना प्रारंभ किया है। 'राष्ट्रीय नवीन मेल' का आज का अंक साहित्य की दृष्टि से गागर में सागर भरने के समान है। सर्वप्रथम में इस उत्कृष्ट और गागर में सागर भरने वाला अंक के लिए कार्यकारी संपादक व वरिष्ठ पत्रकार सुनील बादल को बधाई देता हूं। इस अंक में प्रकाशित पहला लीड आलेख 'दास्तान-ए-महान लेखक' एक व्यंग रचना है। पढ़कर बहुत ही अच्छा लगा है। लेखकों की नई नई श्रेणीयों और प्रजातियों से पहली बार परिचित हो पाया हूं। आज की बदली परिस्थिति में निश्चित रूप से लेखकों की एक बाढ़ से आ गई हैं। इसे सोशल मीडिया और डिजिटल पत्र पत्रिकाओं की नदियों में आसानी से देखा जा सकता है। इस बाढ़ से घबराने की जरूरत नहीं है। जिस लेखक में जितनी क्षमता है, जितनी बुद्धिमता है, उनकी रचनाओं के पाटन में दिख जाती है। शेष वही रचनाकार उभर कर आम पाठकों के बीच लोकप्रिय हो पाते हैं, जिनकी रचनाएं उनके मन मस्तिष्क को स्पर्श कर जाती ती हैं। 'दादा जी की टॉफियां' सुजाता प्रसाद की एक लघु कथा? है, बाल मनोविज्ञान पर आधारित है। पढ़कर बहुत ही अच्छा लगा। आज बच्चे अपने दादा दादी से दूर होते चले जा रहे हैं। बच्चों का जीवन फ्लैट का एकांकी जीवन बनता चला जा रहा है। बच्चे परिवार से कठतें चले जा रहे हैं। ऐसे में इस तरह की कहानी समाज के बदले इस रूप को आइना दिखाती नजर आती हैं। ऐसी कहानी को प्रमुखता के साथ छापना एक अच्छी परंपरा की शुरूआत है। यह कहानी दादा दादी और पोता पोती के बीच के संबंधों पर आधारित है। किस तरह एक शुगर रोग से ग्रसित दादा जी अपने पॉकेट में टॉफियां छुपा कर रखते हैं। जब पोता की नजर उस छुपाए टॉफियों पड़ती है, तब पोता एक चिकित्सक की तरह अपने दादा जी को पाठ पढ़ा देता है। पुष्पांजलि मिश्रा जी की 'गृहस्वामिनी' शीर्षक से कहानी दिल को स्पर्श करती हैं। घर गृहस्थी चलाना कोई साधारण काम नहीं होता है। पुष्पांजलि मिश्रा ने एक छोटी सी कहानी के माध्यम से घर की परेशानियों को बखूबी रखने सफल हुई हैं। ऐसी परेशानियों से कौन घर अछूता है?

वहीं दूसरी और मनोज कुमार झा मनु की 'लाल पानी' शीर्षक से एक रचना एक रिपोर्ताज जैसा प्रतीत होता है। यह रिपोर्ताज भी एक साहित्यिकी रचना ही मानी जाएगी। ऐसी मेरी दृष्टि है। चूंकि देश के महान कथाकार फणीश्वर नाथ रेणु भी कई रचनाएं रिपोर्ताज शैली में दर्ज हैं। आलोचक इस रचना को जिस रूप में लें, मुझे अच्छी लगी। आज समाज में पानी की किल्लत किस रूप है? इस परेशानी को बखूबी समझा जा सकता है। लेखक पानी की इस किल्लत को बहुत ही जीवंत रूप में प्रस्तुत किया है। एक वृद्ध महिला जो बीमार है। उसका नाम सुगनी उराईन है। वह कैसे पानी के लिए परेशान हो रही होती है? वह बीमारी की अवस्था में भी जरूरत भर घर का पानी लाने के लिए जब बाहर निकलती है, तब टैंकर की पानी उसे मिल नहीं पाता है। वह बोरवेल के पास घंटों खड़ी रह जाती है। लेकिन पानी उसे मिल नहीं पता है। पानी के लिए कैसे पढ़े लिखे संभ्रांत परिवार के लोग बोरवेल के पास लड़ते झगड़ते हैं। लेखक ने इसका चित्रण बहुत ही सुंदर ढंग से किया है। लगता है कि यह घटना मेरे आसपास की है। रीना सिंह सलोनी 'एक सज्जन ने पूछा मुझसे' शीर्षक प्रकाशित कविता बहुत अच्छी लगी। **(ये इनके निजी विचार हैं)**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# हर जेल, पुलिस लाइन व थानों में भव्यता से मनाई जाए जन्माष्टमी : सीएम योगी

एजेंसी। लखनऊ



- कृष्ण लीला, झांकी और शोभायात्रा के दौरान सुरक्षा, सफाई व अन्य व्यवस्थाएं दुरूस्त रखें

जन्माष्टमी के अवसर पर पूरे प्रदेश में घरों और मंदिरों के साथ-साथ पुलिस थानों, कारागारों और पुलिस लाइन में भी भगवान श्रीकृष्ण के जन्म का उत्सव पूरे हर्षोल्लास और भक्तिभाव से मनाया जाएगा। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जन्माष्टमी पर्व से पूर्व सभी रिजर्व पुलिस लाइंस, पुलिस थानों एवं कारागारों में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पावन पर्व परंपरागत भक्तिभाव से मनाए जाने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही उन्होंने प्रदेश भर में कृष्ण लीला, झांकी और शोभायात्रा के आयोजनों के दौरान वहां सुरक्षा, सफाई व अन्य व्यवस्थाएं सुचारू रूप से करने के आदेश दिए हैं। इसके अतिरिक्त भीड़भाड़ वाले स्थानों पर पर्याप्त पुलिस बल के प्रबंध करने के भी निर्देश दिए हैं। सीएम के निदेर्शों का अनुपालन करते हुए उत्तर प्रदेश कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवा के महानिदेशक पीवी रामाशास्त्री ने प्रदेश के समस्त कारागारों में श्री कृष्ण जन्माष्टमी को परंपरागत रूप से मनाए जाने के निर्देश जारी कर दिया। सीएम योगी ने सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद रखने का आदेश दिया है। कहा है कि भगवान श्रीकृष्ण की जन्मस्थली मथुरा में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व बड़ी श्रद्धा एवं धूमधाम से मनाया जाता है, जिसमें सम्मिलित होने के लिए देश-विदेश से लाखों की संख्या में श्रद्धालु आते हैं। मथुरा नगर स्थित श्रीकृष्ण जन्मभूमि/शाही ईदगाह मस्जिद स्थल अत्यन्त संवेदनशील है। यह स्थल आईएसआई व विभिन्न आतंकवादी संगठनों के निशाने पर भी है। इसको देखते हुए भी विशेष सतर्कता एवं समुचित पुलिस प्रबंध



## किसी भी तरह के विवाद की स्थिति न बने

योगी आदित्यनाथ ने पूजा अर्चना, शोभायात्रा के दौरान किसी भी तरह के विवाद की स्थिति न बने, इसको लेकर भी निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि विवादित स्थलों पर झांकियों को सजाने, शोभायात्रा के मार्ग में विवाद एवं नए मार्गों को लेकर अक्सर विवाद देखने को मिलते हैं। इसके साथ ही, परंपरा से हटकर कार्यक्रमों के आयोजन तथा गैर परंपरागत जुलूस/शोभायात्रा निकाले जाने, ध्वनि विस्तारक यंत्रों के प्रयोग का भी उपयोग किया जाता है। सीएम ने पुख्ता यातायात व्यवस्था करने का निर्देश भी दिया है। इसके मुताबिक समस्त जनपदों में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी से संबंधित समस्त आयोजन, लीला स्थल, पंडाल, मंदिर एवं शोभायात्राओं को सूचीबद्ध कर योजनाबद्ध पुलिस की व्यवस्था की जाए।

## अवैध रूप से रहने वाले के खिलाफ आटासू ने खोला मोर्चा

**शिवसागर (असम)।** राज्य के धींग में एक छात्रा के साथ गैरसम्प्रदाय के तीन युवकों द्वारा बलात्कार किए जाने की घटना की आक्रोश थमने का नाम नहीं ले रहा है। स्थानीय और मूल लोगों ने इस समस्या को जड़ से ही उखाड़ फेंकने के लिए अभियान शुरू कर दिया है। ऑल असम ताई आहोम स्टूडेंट यूनियन (आटासू) के नेतृत्व में 30 से अधिक राजकीय व स्थानीय संगठनों ने घुसपैठियों, विशेषकर बांग्लादेशी मुस्लिमों से अपना क्षेत्र एक सप्ताह में खाली कर जाने को कहा है। स्थानीय भाषा में इसे मियां मुस्लिम हटाओ अभियान कहा जा रहा है। उल्लेखनीय है कि असम में बांग्लादेशी घुसपैठियों को मियां मुस्लिम का संबोधन दिया जाता है।

# दोषी कोई भी हो, वह बचना नहीं चाहिए : मोदी

एजेंसी। महाराष्ट्र

- अस्पताल हो, स्कूल हो, दफ्तर हो या फिर पुलिस व्यवस्था, लापरवाही करने वालों का हिसाब होना चाहिए
- बहनों और बेटियों की पीड़ा और उनके गुस्से को मैं समझ रहा हूं, महिलाओं के खिलाफ अपराध अक्षम्य

महाराष्ट्र। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को महाराष्ट्र के जलगांव में लखपति दीदी सम्मेलन को संबोधित करते हुए नेपाल बस हादसे में जान गंवाने वाले लोगों के प्रति संवेदना व्यक्त की। इसके साथ ही, उन्होंने कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में जूनियर रेजिडेंट डॉक्टर से रेप और हत्या के मामले पर कहा कि महिलाओं के खिलाफ अपराध अक्षम्य है और दोषी कोई भी हो, बचना नहीं चाहिए। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश का कोई भी राज्य हो, अपनी बहनों और बेटियों की पीड़ा और उनके गुस्से को वह समझ रहे हैं। उन्होंने कहा, आज मैं एक बार फिर देश के हर राजनीतिक दल से कहूंगा और राज्य सरकार से कहूंगा कि महिलाओं के खिलाफ अपराध अक्षम्य पाप है। दोषियों को किसी भी रूप में मदद करने वाले बचने नहीं चाहिए। अस्पताल हो, स्कूल हो, दफ्तर हो या फिर पुलिस व्यवस्था, जिस भी स्तर पर लापरवाही होती है सबका हिसाब होना चाहिए। ऊपर से नीचे तक मैसेज एकदम साफ जाना चाहिए कि यह पाप अक्षम्य है। महिलाओं पर अत्याचार करने वालों को कड़ी से कड़ी सजा देने के लिए हमारी सरकार कानूनों को भी लगातार सख्त कर रही है। पीएम मोदी ने कहा कि नेपाल के बस हादसे में महाराष्ट्र के जलगांव के अनेक लोगों की मौत हो गई है। उन्होंने सभी पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की।



## तीन करोड़ बहनों को लखपति दीदी बनाना है

प्रधानमंत्री ने कहा, जैसे ही ये हादसा हुआ भारत सरकार ने तुरंत नेपाल सरकार से संपर्क किया और मृतकों के पार्थिव शरीर को हम वायुसेना के विमान से वापस लाए हैं। जो घायल हैं, उनका अच्छे से इलाज चल रहा है। मैं उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना करता हूं। उन्होंने कहा कि आज लखपति दीदियों का महासम्मेलन हो रहा है। मेरी बहनें यहां बड़ी संख्या में उपस्थित हैं। आज यहां से देशभर के लाखों सखी मंडलों के लिए छह हजार करोड़ से अधिक की राशि जारी की गई है। मेरी सभी माताओं-बहनों को बहुत-बहुत शुभेच्छा। इस कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 11 लाख लखपति दीदियों को प्रमाण पत्र सौंपेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, लोकसभा चुनाव के दौरान जब मैं आपके पास आया था, तो मैंने वादा किया था कि हमें तीन करोड़ बहनों को लखपति दीदी बनाना है। इसका मतलब है कि जो महिलाएं स्वयं सहायता समूहों में काम करती हैं और उनकी सालाना आय एक लाख रुपये से अधिक हो। पिछले 10 साल में एक करोड़ लखपति दीदी बनीं। महाराष्ट्र में माताओं-बहनों के लिए, नौजवानों और किसानों के लिए एक से बढ़कर एक स्कीम्स, नई-नई योजनाएं चलाई जा रही हैं। लखपति दीदी बनाने का यह अभियान... पूरे परिवार को और आने वाली पीढ़ियों को सशक्त करने का एक महा-अभियान है। ये गांव के पूरे अर्थतंत्र को बदल रहा है।

# यूपीएस लाना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का ऐतिहासिक फैसला : जीतन राम मांझी

एजेंसी। नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने शनिवार को सरकारी कर्मचारियों के लिए एकीकृत पेंशन योजना (यूपीएस) को मंजूरी दे दी। सरकार के इस कदम की एनडीए में शामिल प्रमुख घटक दलों के नेताओं ने प्रतिक्रिया दी। सभी ने इसकी प्रशंसा की। इस पर केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने कहा कि देशभर में इस योजना से 25 लाख कर्मचारियों को फायदा मिलेगा। अगर राज्य सरकार राजी हो जाए तो देशभर में कुल 90 लाख कर्मचारियों को इसका फायदा मिलेगा। यह पीएम नरेंद्र मोदी का ऐतिहासिक फैसला है। उन्होंने कर्मचारियों के परिश्रम का उचित मुआवजा और उचित दाम देने का काम किया है। इसके लिए हम सब पीएम मोदी का आभार व्यक्त करते हैं। मध्य प्रदेश सरकार के खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हर वर्ग के कल्याण के बारे में सोचते हैं। यूपीएस कर्मचारियों को बड़ी सौगात मिली है, कर्मचारी संघ इसका स्वागत कर रहा है। केंद्र सरकार द्वारा लिए गए फैसले से आने वाले समय में बड़े परिणाम सामने आएंगे, इस बड़े फैसले से कर्मचारियों को फायदा होगा। प्रधानमंत्री सभी वर्गों के अभिभावक के रूप में काम कर रहे हैं। वहीं, कांग्रेस के रवैए को लेकर पूछे सवाल पर विश्वास सारंग ने कहा कि कांग्रेस का काम हर मुद्दे पर द्वेष की राजनीति करना है। यूपीएस को लेकर सरकार के आयुष, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन मंत्री दयाशंकर मिश्र दयालु ने कहा कि लोगों में इस बात को लेकर नाराजगी थी कि सरकार ने पुरानी पेंशन योजना को खत्म कर दिया है।

## जेके में एससी-एसटी आरक्षण को खत्म करना चाहती है कांग्रेस व एनसी

**लखनऊ।** यूपी सरकार में कैबिनेट मंत्री और सुभासपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर ने कांग्रेस पार्टी पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा, वे जम्मू-कश्मीर में एससी-एसटी समुदाय को मिल रहे आरक्षण को समाप्त करना चाहती है। ओम प्रकाश राजभर ने दावा किया कि जम्मू-कश्मीर में कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस पार्टी के बीच एक समझौता हुआ है। इसके तहत कांग्रेस की मंशा है कि वहां एससी-एसटी को मिल रहे आरक्षण को समाप्त किया जाए।

## जातिगत जनगणना पर राहुल गांधी बहा रहे घड़ियाली आंसू : राजीव रंजन

एजेंसी। पटना



केंद्रीय पंचायती राज मंत्री राजीव रंजन उर्फ ललन सिंह ने रविवार को कांग्रेस सांसद राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि जातिगत जनगणना के मुद्दे पर वह घड़ियाली आंसू बहा रहे हैं। जनता दल (यूनाइटेड) नेता ने राहुल गांधी का जिक्र करते हुए कहा, ह्नउन्हें जातिगत जनगणना की बहुत चिंता हो रही है। मगर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जब बिहार में जातिगत जनगणना कराई तो उस समय हमारी पार्टी इंडिया गठबंधन का हिस्सा थी। मुंबई और बेंगलुरु में दो बैठकें भी हुई। इस दौरान हमारी ओर से लगातार कहा गया कि जातिगत जनगणना से जुड़ा एक प्रस्ताव पारित करें। लेकिन, उन्होंने इसे रिजेक्ट कर दिया। उन्होंने ममता बनर्जी पर इंडिया गठबंधन की बैठक में जातिगत जनगणना के प्रस्ताव को पारित नहीं करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, ममता बनर्जी के दबाव में ऐसा किया गया और हमारे प्रस्ताव को खारिज कर दिया गया। लेकिन, आज राहुल गांधी घड़ियाली आंसू बहा रहे हैं और मांग कर रहे हैं कि देशभर में जातिगत जनगणना होनी चाहिए। राजीव रंजन ने कहा, हमारी पार्टी ने बिहार में जातिगत जनगणना कराई। उस दौरान हम लोग एनडीए का हिस्सा भी नहीं थे। लेकिन, इसके बावजूद राहुल गांधी ने बिहार में कराई गई जातिगत सर्वे की प्रशंसा कभी नहीं की।

# आज का राशिफल

**मेष :** अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव। सुख आरोग्य प्रभावित होगा। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। किसी नजदीकी शुभचिंतक सलाह उपयोगी सिद्ध होगी।

**वृष :** संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। बुद्धि, बल व पराक्रम सफल होगा। व्यापार में वृद्धि व उत्तम लाभ मिलेगा। मित्रों की उपेक्षा करना ठीक नहीं रहेगा। आत्मचिंतन करें। पुराने मित्र से मिलन होगा। पुरुषार्थ का सहारा लें। यात्रा का योग बनेगा। विद्यार्थियों को लाभ।

**मिथुन :** शिक्षा में परेशानी आ सकती है। स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान रहें। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। स्वविवेक से कार्य करें। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा।

**कर्क :** कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। कामकाज की अधिकता रहेगी।

**सिंह :** प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। सभा-गोष्ठियों में सम्मान मिलेगा। प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच आनन्ददायक दिन रहेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा। व्यावसायिक प्रगति भी होगी।

**कन्या :** स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। उन्नति के योग हैं।

**तुला :** नवीन उद्योगों के अवसर बढ़ेंगे व अभिलाषाएं पूर्ण होंगी। कार्य साधक दिन है व्यर्थ न गंवाएं। विश्वस्त लोगों के कहे अनुसार चलें। राजकीय कार्यों में सतर्कता बरतें। जोश से कम व होश में रहकर कार्य करें। नये आगंतुकों से लाभ होगा। जो चल रहा हैं उसे सावधानीपूर्वक संभालें।

**वृश्चिक :** जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें। रुपये पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी।

**धनु :** कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया कमजोर बना रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। कुछ आर्थिक चिंताएं भी कम होंगी। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा। घर वाले मदद करेंगे।

**मकर :** बचते-बचते कलह विवाद का डर रहेगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा। कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दें।

**कुंभ :** सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों से समागम। व्यवसायिक अभ्युदय होगा और प्रसन्नताएं बढ़ेंगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। धार्मिक यात्रा का योग हैं।

**मीन :** धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। लाभ में आशातीत वृद्धि तय है मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। किसी पुराने संकल्प को पुरा कर लेने का दिन हैं। आगे-आगे गौरख जागे वाली कहावत चरितार्थ होगी। निष्ठा से किया गया कार्य पराक्रम व आत्मविश्वास बढ़ाने वाला होगा। इच्छित कार्य सफल होंगे।

## प्रधानमंत्री मन की बात कार्यक्रम में जो ज्ञान देते हैं, वह आश्चर्यजनक है : सिरसा



**नई दिल्ली।** रविवार को पीएम नरेंद्र मोदी ने 113वीं बार मन की बात के जरिए देशवासियों को संबोधित किया। विभिन्न राज्यों और जिलों में हर बार की तरह इस बार भी आम लोगों के साथ बैठकर भाजपा दिग्गजों ने कार्यक्रम सुना। दिल्ली में राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा और बीजेपी के राष्ट्रीय प्रवक्ता मनजिंदर सिंह सिरसा मौजूद रहे। मनजिंदर सिंह सिरसा के मुताबिक पीएम मोदी ने जो काम किया है वो किसी के बूते का नहीं था। उन्होंने कहा, पीएम मोदी ने आज जो जानकारी देश की जनता को दी है, वो ऐसी जानकारी है जो लोगों के पास नहीं थी। देश के प्रधानमंत्री द्वारा हर महीने एक कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। बड़ी बात ये है कि प्रधानमंत्री के जरिए जो जानकारी सामने आती है, वो हैरान करने वाली होती है। मैं प्रधानमंत्री को धन्यवाद देता हूँ जो हर महीने भारत के उन लोगों के बारे में ज्ञान देते हैं जो शायद कभी हमारे जीवन का हिस्सा नहीं रहे।

## जम्मू-कश्मीर की गांदरबल सीट से विधानसभा चुनाव लड़ेंगे उमर अब्दुल्ला



**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री और नेशनल कॉन्फ्रेंस (एनसी) के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला आगामी विधानसभा चुनाव में गांदरबल सीट से चुनाव लड़ेंगे। नेशनल कॉन्फ्रेंस के सांसद सैयद रुहुल्लाह मेहदी, पार्टी नेता नासिर असलम वानी और अनंतनाग-राजौरी से सांसद मियां अल्ताफ अहमद की मौजूदगी में रविवार को हुई बैठक के बाद उमर अब्दुल्ला के नाम का ऐलान किया गया। इससे पहले उमर अब्दुल्ला ने विधानसभा चुनाव लड़ने की अटकलों को खारिज कर दिया था। उन्होंने कहा था कि जब तक जम्मू-कश्मीर केंद्र शासित प्रदेश रहेगा, वह तब तक चुनाव नहीं लड़ेंगे। जानकारी के अनुसार, उमर अब्दुल्ला हाल ही में गांदरबल जिले के नुनेर गांव पहुंचे थे। उमर अब्दुल्ला 2009 से 2015 तक जम्मू-कश्मीर राज्य के मुख्यमंत्री रहे थे और वे नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष भी रहे हैं। इसके अलावा वे तीन बार लोकसभा सांसद रह चुके हैं और 2008 से 2014 तक गांदरबल सीट और 2014 से 2019 तक बीरवाह विधानसभा क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं।

## बद्रीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पागल नाला से नंदप्रयाग तक बाधित

**चमोली (उत्तराखंड)।** उत्तराखंड में इस बार भारी बारिश का कहर जारी है। इसकी वजह से चारधाम यात्रा भी प्रभावित हो रही है। रविवार को भारी बारिश के चलते बद्रीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक बार फिर सड़क पर भारी मलबा आने से राजमार्ग बाधित हो गया। भूस्खलन स्थल के दोनों तरफ गाड़ियों को रोका गया जिसके कारण सड़क पर गाड़ियों की लंबी कतार लग गई। पागल नाला से नंदप्रयाग के पास तक मार्ग अवरुद्ध हुआ है। इस कारण यहां चारधाम यात्रा के तीर्थयात्री से लेकर स्थानीय लोग भी भारी संख्या में फंसे हुए हैं। प्रशासन और पुलिस मार्ग को खोलने की कोशिश कर रही है।

## केंद्र ने सिर्फ नाम बदलने का किया काम : दीपक बैज



**रायपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने शनिवार को सरकारी कर्मचारियों के लिए एकीकृत पेंशन योजना (यूपीएस) को मंजूरी दे दी। इस योजना से केंद्र सरकार के लगभग 23 लाख कर्मचारियों को लाभ होगा। केंद्र सरकार के इस फैसले पर सवाल उठाते हुए छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) को भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने बंद कर दिया। कांग्रेस और सभी पेंशनधारी कर्मचारी लगातार ओपीएस को दोबारा लाने की मांग करते रहे हैं। पिछले समय छत्तीसगढ़ में हमारी कांग्रेस की सरकार ने ओपीएस को लागू किया। उसे देखते हुए फिर केंद्र सरकार ने सिर्फ पेंशन योजना का नाम बदलने का काम किया है।

# नारकोटिक्स केवल भारत की ही नहीं वैश्विक समस्या है: अमित शाह

- अफसरों से कहा कि ड्रग्स तस्करी की जांच साइंटिफिक तरीके से करें

एजेंसी। रायपुर

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने नशा मुक्त भारत अभियान के तहत नया रायपुर में रविवार को नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) के आंचलिक कार्यालय का उद्घाटन किया। इस अवसर पर अमित शाह ने अफसरों से कहा कि ड्रग्स तस्करी की जांच साइंटिफिक तरीके से करें। टॉप टू बॉटम अप्रोच को अडॉप्ट करना पड़ेगा। एक दुकान में नशे की पुड़िया आई तो पता करना होगा कि देश में कहां से आई, कहां बनी। इसके नेटवर्क को ध्वस्त करना पड़ेगा। छत्तीसगढ़ के तीन दिवसीय दौरे के अंतिम दिन उद्घाटन कार्यक्रम में केंद्रीय गृहमंत्री शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने साल 2047 में जब देश की आजादी की शताब्दी मनाई जाएगी तब तक इस देश को नशे से मुक्त करने का संकल्प लिया है। उन्होंने कहा कि धीरे-धीरे यह संकल्प 140 करोड़ लोगों का संकल्प बनता जा रहा है। वे मानते हैं कि नशामुक्त भारत का संकल्प समृद्ध-सुरक्षित और वैभवशाली भारत के संकल्प के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। एक प्रकार से देखें तो नारकोटिक्स केवल भारत की समस्या नहीं है, वैश्विक समस्या है, भारत को सबसे ज्यादा जागरूक रहने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि दुनिया के कई देश इस लड़ाई से हार चुके हैं। भारत में नारकोटिक्स के अवैध व्यापार से जो धन मिलता है वह धन आतंकवाद-नक्सलवाद को मजबूत करने के काम में भी आते हैं। युवा पीढ़ी को बर्बाद करने वाले ड्रग्स तस्करों पर लगाम लगेगी, उन्हें बख्शा नहीं जाएगा।




## हर राज्य में नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की स्थापना होगी

गृहमंत्री शाह ने कहा कि एनसीबी का यह नया आफिस पांच हजार वर्गफुट में फैला हुआ है जो नारकोटिक्स कंट्रोल के लिए अपने आप में कंप्लीट ऑफिस है। इसके अंदर प्रेस कॉन्फ्रेंस रूम समेत सारी व्यवस्थाएं उपलब्ध हैं। यह नारकोटिक्स कंट्रोल के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। हमारा लक्ष्य है कि हर राज्य में नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की स्थापना की जाएगी। शाह ने कहा कि ड्रग ट्रैफिकिंग का ट्रेंड बदल रहा है। इसके तस्कर तेजी से आगे बढ़ रहे हैं, जितनी कम मात्रा में ड्रग्स आती है और सबसे ज्यादा नुकसान उसी से होता है। छत्तीसगढ़ में इसका उपयोग का प्रतिशत 1.1 है, जो सबसे ज्यादा है। एक प्रकार से छत्तीसगढ़ में गांजा की तस्करी आंध्र प्रदेश और ओडिशा की सीमा से होती है। छत्तीसगढ़ में गांजा के नशे का उपयोग 4 फीसदी है जो राष्ट्रीय औसत से 2.83 प्रतिशत ज्यादा है। यह हमारे लिए चिंता का विषय है। जब तक हम पूरी चेन को खत्म नहीं करते तब तक इसके पूरे नेटवर्क को ध्वस्त नहीं कर पाएंगे। कुछ लोगों को जद में लेकर नारकोटिक्स कंट्रोल नहीं कर सकते। उनके पूरे नेटवर्क को ध्वस्त करने के लिए प्रयास होना चाहिए। ड्रग डिमांड डिडक्शन के लिए राष्ट्रीय कार्यालय के तहत यहां पर पुनर्वास केंद्र चल रहे हैं। छत्तीसगढ़ के चीफ सेक्रेटरी, डीजीपी से अनुरोध है कि सातों पुनर्वास केंद्र के एप्लीकेशन पर ध्यान देना होगा। 14 नशा मुक्ति केंद्र राज्य सरकार भी चला रही है। सारे पुनर्वास और नशा मुक्ति केंद्रों को हमारे लड़ाई का महत्वपूर्ण हिस्सा होना चाहिए।

## भारत-सिंगापुर मंत्रिस्तरीय गोलमेज सम्मेलन में पीयूष गोयल होंगे शामिल

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल सोमवार को सिंगापुर में आयोजित होने वाले दूसरे भारत सिंगापुर मंत्रिस्तरीय गोलमेज (आईएसएमआर) सम्मेलन में शामिल होंगे। इस दौरान वह द्विपक्षीय बैठकें करेंगे और सिंगापुर के साथ भारत के व्यापार और निवेश संबंधों को और बढ़ाने के लिए प्रमुख वैश्विक व्यापारिक हस्तियों के साथ बातचीत करेंगे। बता दें कि आईएसएमआर सम्मेलन में पीयूष गोयल के अलावा वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, विदेश मंत्री जयशंकर और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव भी हिस्सा लेंगे। दोनों देशों के लिए यह सम्मेलन बेहद खास है।

## दो हिस्सों में बंटी किसान एक्सप्रेस, 13 बोगियां लेकर 4 किमी आगे निकला इंजन

**मुरादाबाद।** उत्तर प्रदेश के बिजनौर जिले में स्योहारा स्टेशन के पास किसान एक्सप्रेस ट्रेन (13308) दो हिस्सों में बंट गयी। इंजन 13 बोगियों को लेकर करीब चार किलोमीटर आगे निकल गया और आठ डिब्बे पीछे छूट गए। हादसे के वक्त ट्रेन की गति 85 से 90 किलोमीटर प्रति घंटे थी। रेल अधिकारियों के मुताबिक मुरादाबाद रेल मंडल के स्योहारा स्टेशन से कुछ ही दूरी पर स्थित रायपुर रेलवे फाटक के पास रविवार तड़के दो हिस्सों में बंट गयी। किसान एक्सप्रेस लगभग सवा घंटा देरी से चल रही थी। स्योहारा क्षेत्र के गांव रायपुर के पास अचानक बोगी नंबर एस-3 एवं एस-4 का कपलिंग टूट गया। इससे बोगी एस-4 सहित पीछे की आठ बोगी वहीं रुक गईं, जबकि 13 बोगी इंजन के साथ करीब चार किलोमीटर तक आगे चली गईं।

## एक नजर

### पेरिस पैरालंपिक के लिए भारत का सबसे बड़ा दल रवाना




**नई दिल्ली।** पैरालंपिक खेलों में भाग लेने के लिए 84 सदस्यों का भारतीय दल रविवार को पेरिस के लिए रवाना हुआ। बैडमिंटन, एथलेटिक्स, साइक्लिंग और अन्य कई खेलों के एथलीटों से बनी यह शानदार टीम वैश्विक मंच पर भारत का नाम रोशन करने के लिए तैयार है। टोक्यो पैरालंपिक 2020 में अपने शानदार प्रदर्शन के बाद, जहां उन्होंने 19 पदक हासिल किए, भारतीय टीम पहले से कहीं ज्यादा बेहतर नजर आ रही है। उम्मीदें बहुत ज़्यादा हैं क्योंकि टीम का लक्ष्य पेरिस में 25 पदकों का आंकड़ा पार करना है। कई महीनों के प्रशिक्षण के साथ, एथलीट नई ऊंचाइयों को हासिल करने के लिए तैयार और पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। भारतीय पैरालंपिक समिति (पीसीआई) के प्रमुख अधिकारी भी प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा हैं। पीसीआई के अध्यक्ष देवेंद्र झाझरिया, पीसीआई सचिव जयवंत, चीफ डी मिशन सत्य प्रकाश सांगवान सहित अन्य प्रमुख सदस्य आज खिलाड़ियों के साथ नई दिल्ली से पेरिस रवाना हुए।

### ध्रुव कौशिक का अर्धशतक, सेंट्रल दिल्ली किंग्स ने दिल्ली लायंस को हराया

**नई दिल्ली।** गेंदबाजों के अनुशासित प्रयास के बाद ध्रुव कौशिक के नाबाद अर्धशतक की मदद से सेंट्रल दिल्ली किंग्स ने यहां दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल)) में वेस्ट दिल्ली लायंस को 10 विकेट से हरा दिया। सेंट्रल दिल्ली किंग्स के सामने 124 रन का मामूली लक्ष्य था जो उसने सलामी बल्लेबाज ध्रुव (52 गेंदों में नाबाद 68 रन) और लक्ष्य थरेजा (37 गेंदों में नाबाद 46 रन) के शानदार प्रदर्शन से 14.5 ओवर में हासिल कर दिया। इससे पहले वेस्ट दिल्ली लायंस ने निर्धारित 20 ओवर में आठ विकेट पर 123 रन बनाए। सेंट्रल दिल्ली किंग्स के लिए प्रिंस चौधरी, सुमित कुमार और योगेश शर्मा ने दो-दो विकेट लिए जबकि मनी ग्रेवाल को एक विकेट मिला।

### टेस फ्लिंटॉफ और चार्ली नॉट की धारदार गेंदबाजी, ऑस्ट्रेलिया ए ने भारत ए को हराया

**गोल्ड कोस्ट (ऑस्ट्रेलिया)।** टेस फ्लिंटॉफ (39 रन देकर तीन विकेट) और चार्ली नॉट (34 रन देकर तीन विकेट) की धारदार गेंदबाजी की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ए ने रविवार को यहां अनधिकृत महिला टेस्ट क्रिकेट मैच में भारत ए को 45 रन से हरा दिया। भारतीय टीम 289 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 243 रन पर आउट हो गई। भारतीय टीम ने सुबह छह विकेट पर 149 रन से आगे खेलना शुरू किया लेकिन उसके बाकी बचे बल्लेबाज खेल के चौथे दिन 94 रन ही जोड़ पाए। राघवी बिष्ट (26) और उमा छेत्री (47) ने सावधानी से बल्लेबाजी की और 61 रन की साझेदारी निभाई। फ्लिंटॉफ ने इन दोनों खिलाड़ियों को चार गेंद के अंदर आउट करके भारत का स्कोर आठ विकेट पर 212 रन कर दिया। हरफनमौला सयाली सतघरे ने 36 गेंदों में 21 रन बनाए लेकिन यह जीत के लिए पर्याप्त नहीं था। ऑस्ट्रेलिया की टीम ने पहली पारी में 212 और दूसरी पारी में 260 रन बनाए। भारतीय टीम ने अपनी पहली 184 रन बनाए थे।

### होम एडवांटेज का मौका चूक गया पाकिस्तान

**रावलपिंडी।** पाकिस्तान को बांग्लादेश से रविवार को पहले टेस्ट में 10 विकेट से हार का सामना करना पड़ा। बांग्लादेश की अपने टेस्ट इतिहास में पाकिस्तान पर यह पहली टेस्ट जीत है। इस हार से पाकिस्तान होम एडवांटेज का मौका चूक गया और उसके तेज गेंदबाज नसीम शाह ने कहा कि पाकिस्तान को सोचना होगा कि घर में खेलते हुए कैसे उन्हें होम एडवांटेज मिल सकता है। रावलपिंडी टेस्ट के चौथे दिन तेज़ गर्मी में पाकिस्तान को आख़िरी 10 ओवर छोड़कर पूरे दिन फ़ील्डिंग करनी पड़ी।

## शादी के सवाल से शरमाई मनु भाकर, झज्जर में हुआ जोरदार स्वागत

**एजेंसी। नई दिल्ली**



मनु भाकर ने पेरिस ओलंपिक 2024 में दो ब्रॉन्ज मेडल जीते थे। इसके बाद से वो लगातार सुर्खियों में हैं, और स्वदेश लौटने के बाद हर कोई उनकी तारीफ में कसीदे पढ़ रहा है। साथ ही वो कई इवेंट में हिस्सा ले रही हैं, जहां उनका जोरदार स्वागत किया जा रहा है। इस बीच उनके गृहनगर झज्जर से भी कुछ ऐसी ही तस्वीरें सामने आई हैं।

22 वर्षीय मनु भाकर रविवार को अपने होमटाउन झज्जर पहुंचीं। इस दौरान जिला आयुक्त ने उनकी उपलब्धियों के लिए उन्हें सम्मानित किया। मनु ने गौशाला में कामधेनु गाय की परिवार सहित पूजा अर्चना की। साथ ही उन्हें सहयोग करने वाले सभी लोगों का धन्यवाद किया और कहा कि वो अगली बार गोल्ड जीतने के लिए और कड़ी मेहनत करेंगी।

मनु ने कहा, "पेरिस ओलंपिक में दो मेडल जीतकर बहुत अच्छा लगा। उम्मीद तीसरे की भी थी लेकिन थोड़ी कसक रह गई। मैं आगे भी पूरी कोशिश करूंगी और गोल्ड भी टारगेट में रहे। शुरुआती दिनों में काफी मुश्किलें हुईं लेकिन परिवार और मेरी टीम ने हमेशा पूरा सपोर्ट किया। मैं सभी का धन्यवाद देना चाहूंगी। सरकार भी खिलाड़ियों की मदद करने के लिए हर मुमकिन कोशिश कर रही है।"

पत्रकारों के शादी के सवालों पर मनु भाकर ने शर्माते हुए कहा, "अभी मेरा फोकस सिर्फ खेल पर है। भविष्य में इसके बारे में सोचेंगे। फिलहाल तीन महीने का खेल से ब्रेक है।"

झज्जर जिला आयुक्त कैप्टन शक्ति सिंह भी इस मौके पर मौजूद थे। उन्होंने कहा कि हमारे देश की बेटी ने विदेश में हमारा मान बढ़ाया है। जिले झज्जर के लिए यह विशेष मौका है क्योंकि देश के पेरिस में कुल छह मेडल में तीन मेडल यहां के खिलाड़ियों ने जीते।

## बैडमिंटन एशिया जूनियर चैंपियनशिप में तन्वी पत्री ने जीता अंडर-15 वर्ग का खिताब




**नई दिल्ली।** बैडमिंटन एशिया जूनियर चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए महिलाओं के अंडर-15 वर्ग में तन्वी पत्री ने स्वर्ण पदक अपने नाम किया। 13 वर्षीय शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी ने फाइनल में अपने कौशल का प्रदर्शन करते हुए दूसरी वरीयता प्राप्त वियतनाम की गुयेन को सीधे गेम में 22-20, 21-11 से हराकर खिताब अपने नाम किया। हालांकि, ये मुकाबला उनके लिए इतना आसान नहीं था, क्योंकि शुरुआती गेम में उन्हें संघर्ष करना पड़ा। हालांकि, दबाव तब कम हुआ जब गुयेन लड़खड़ाने लगीं और कई अनफोर्स्ड गलतियां कीं, जिससे युवा भारतीय खिलाड़ी ने मुकाबले में वापसी की। तन्वी ने इस मौके का फायदा उठाया और एक तनावपूर्ण शुरुआत के बाद पहला गेम जीतने के लिए दमदार प्रदर्शन किया। तन्वी ने टूर्नामेंट में शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी के रूप में प्रवेश किया और खिताब जीतने के लिए शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने पूरे टूर्नामेंट में एक भी गेम नहीं गंवाया, जिससे भारत के भविष्य के बैडमिंटन सितारों में से एक के रूप में उनकी श्रेष्ठता और क्षमता का प्रदर्शन हुआ। यह जीत भारत का चैंपियनशिप में दूसरा पदक है, इससे पहले अंडर-17 पुरुष एकल वर्ग में टंकारा ज्ञान दत्तू तलासिला ने कांस्य पदक जीता था। अपने इवेंट में दूसरे वरीय दत्तू ने इंडोनेशिया के रादित्य बायू वर्धना के खिलाफ सेमीफाइनल में मजबूत शुरुआत की और पहला गेम 21-9 से जीता। हालांकि, वे अपनी लय बरकरार नहीं रख सके और अगले दो गेम 13-21, 13-21 से हार गए और फाइनल में जगह बनाने से चूक गए।

## बांग्लादेश ने पाक पर पहली टेस्ट जीत दर्ज कर रचा इतिहास

**एजेंसी। रावलपिंडी**




स्पिनरों शाकिब अल हसन और मेहदी हसन मिराज के शानदार प्रदर्शन के दम पर बांग्लादेश ने टेस्ट क्रिकेट में पाकिस्तान पर श्रृंखला के शुरुआती मैच में रविवार को रावलपिंडी क्रिकेट स्टेडियम में दस विकेट से जीत दर्ज करके इतिहास रच दिया। बांग्लादेश ने इस जीत के साथ दो मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली।

इस मैच से पहले, बांग्लादेश पुरुष टेस्ट में 13 बार पाकिस्तान से भिड़ चुका था, लेकिन कभी विजयी नहीं हुआ। एक संक्षिप्त क्षण के लिए, ऐसा लग रहा था कि पहले टेस्ट में भी वही स्क्रिप्ट सामने आएगी, लेकिन बांग्लादेश के इरादे इस बार कुछ और थे।

बांग्लादेश ने दूसरी पारी में पाकिस्तान को सिर्फ 146 रन पर आउट करके कुछ अलग ही सोच रखी थी और फिर आसानी से 30 रनों का पीछा करते हुए मेहमान टीम के डगआउट में खुशी के दृश्य और मुस्कुराहट बिखेर दी। बांग्लादेश की ऐतिहासिक टेस्ट जीत उस दिन हुई जब उनके कप्तान नजमुल हुसैन शांतो 26 साल के हुए।

जैसे ही बांग्लादेश ने पुरुषों के टेस्ट क्रिकेट में पाकिस्तान पर अपनी पहली जीत दर्ज की, मेजबान टीम को घरेलू मैदान पर लंबे प्रारूप में पहली दस विकेट से हार का सामना करना पड़ा। पाकिस्तान ने पांचवें दिन की शुरुआत 23-1 से की और वह बांग्लादेश से 94 रन से पीछे था।

रावलपिंडी की सपाट पिच पर पहले चार दिनों में सिर्फ 17 विकेट गिरे थे, लेकिन मेहदी के 4-21 और शाकिब के 3-44 ने स्क्रिप्ट को आश्चर्यजनक रूप से बांग्लादेश के पक्ष में पलट दिया।

### संक्षिप्त स्कोर

पाकिस्तान 448/6 पारी घोषित और 146 (मोहम्मद रिज़वान 51; मेहदी हसन मिराज 4-21, शाकिब अल हसन 3-44) बांग्लादेश 565 और 30/0 (जाकिर हसन 15 नाबाद, शादमान इस्लाम नौ नाबाद)

### 25वें ग्रैंड स्लैम खिताब पर नोवाक जोकोविच की निगाह



**न्यूयॉर्क।** पेरिस ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने के बाद उत्साह से भरे नोवाक जोकोविच सोमवार से यहां शुरू होने वाले अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट में रिकॉर्ड 25वां ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने के लिए कोर्ट पर उतरेंगे। जोकोविच ने पेरिस में पुरुष एकल में स्वर्ण पदक जीता। उनके नाम पर 24 ग्रैंड स्लैम सहित कुल 99 खिताब दर्ज हैं और वह यहां अपने खिताबों का शतक पूरा करने का प्रयास करेंगे। इसके अलावा सबसे अधिक सप्ताह तक विश्व का नंबर एक खिलाड़ी बने रहने का रिकॉर्ड भी जोकोविच के नाम पर है।

### फातिमा सना 2024 महिला टी20 विश्व कप के लिए पाकिस्तान की कप्तान नियुक्त

**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने 22 वर्षीय तेज गेंदबाज फातिमा सना को संयुक्त अरब अमीरात में इस अक्टूबर में होने वाले महिला टी20 विश्व कप 2024 के लिए राष्ट्रीय महिला टीम का नया कप्तान नियुक्त किया है।

## जो रूट टेस्ट में सबसे ज्यादा अर्धशतक लगाने वाले इंग्लिश क्रिकेटर बने




**एजेंसी। नई दिल्ली**

इंग्लैंड के बल्लेबाज जो रूट श्रीलंका के खिलाफ पहले मैच जीतने के बाद टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा अर्धशतक लगाने वाले इंग्लिश खिलाड़ी बन गए हैं। जब इंग्लैंड का स्कोर 56/2 था तो रूट ने 205 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए अपनी क्लास, संयम और क्लच गेम का प्रदर्शन करते हुए 128 गेंदों में दो चौकों की मदद से नाबाद 62 रन बनाए। इससे पहले उन्होंने पहली पारी में 42 रन बनाए थे। अब रूट के इंग्लैंड के लिए 64 अर्धशतक हो गए हैं जो उनकी टीम के किसी बल्लेबाज द्वारा सबसे ज्यादा और कुल मिलाकर तीसरे सबसे ज्यादा हैं। वे सबसे ज्यादा टेस्ट अर्धशतकों की सूची में वेस्टइंडीज के शिवनारायण चंद्रपॉल (66 अर्धशतक) और भारतीय आइकन सचिन तेंदुलकर (68 अर्धशतक) से पीछे हैं। यह रूट का चौथी पारी में 10वां पचास से अधिक का स्कोर भी था, जो खेल के इस चरण पर उनकी अपार महारत और नियंत्रण को दर्शाता है।

### टेस्ट क्रिकेट को बढ़ावा देने के लिए समर्पित राशि जारी हो सकती है आईसीसी

**दुबई।** आईसीसी बिग थ्री (तीन बड़े क्रिकेट बोर्ड) के इतर अन्य क्रिकेट बोर्ड के लिए 2025 से एक समर्पित राशि जारी कर सकती है। इसका उद्देश्य टेस्ट क्रिकेट को बढ़ावा देना है और इसके साथ ही यह भी सुनिश्चित करना है कि अन्य बोर्ड आकर्षक फ्रेंचाइजी लीग से प्रतिस्पर्धा करने के साथ साथ अपने लिए एक टैलेंट पूल का निर्माण कर सकें। मुख्य रूप से इसकी पहल क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) के अध्यक्ष मार्क बेयर्ड ने की थी, जिसका भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड और इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड ने भी समर्थन किया था।

## भारतीयों के लिए क्रिकेट फॉर्मेट बदलने को मजबूर हुआ इंग्लैंड

**एजेंसी। नई दिल्ली**

क्रिकेट का जन्मदाता इंग्लैंड अब भारतीय दर्शकों और निवेशकों को आकर्षित करने के लिए अपने घरेलू क्रिकेट लीगों में बड़े बदलाव की तैयारी कर रहा है। इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ECB) अपनी घरेलू लीगों में न केवल फॉर्मेट में बदलाव करने की योजना बना रहा है, बल्कि वह भारतीय बाजार से जुड़े निवेशकों को लुभाने के लिए अपनी टीमों में 49% हिस्सेदारी बेचने के लिए भी तैयार है। यह कदम अगले महीने से शुरू होने की संभावना है, जिसका मुख्य उद्देश्य भारतीय दर्शकों की संख्या में वृद्धि और निवेश को आकर्षित करना है।

### घरेलू लीग का फॉर्मेट

ECB वर्तमान में अपनी प्रमुख घरेलू प्रतियोगिता "द हंड्रेड" को भारतीय दर्शकों की पसंद के अनुसार बदलने की योजना बना रहा है। इस प्रतियोगिता में अभी 100 गेंदों का फॉर्मेट है, लेकिन ECB 2028 तक इसे पारंपरिक T20 फॉर्मेट में बदलने के लिए तैयार है। यह बदलाव भारतीय दर्शकों की पसंद को ध्यान में रखकर किया जाएगा, जो कि T20 फॉर्मेट के बड़े प्रशंसक हैं।

### भविष्य की योजनाएं

ECB का यह रणनीतिक बदलाव इंग्लिश क्रिकेट को नए दिशा में ले जा सकता है, जहां भारतीय बाजार का महत्वपूर्ण प्रभाव रहेगा। यह कदम इस बात को दर्शाता है कि भारतीय दर्शक और निवेशक अब इंग्लिश क्रिकेट के भविष्य के लिए महत्वपूर्ण हो गए हैं।




### हिस्सेदारी और निवेश

ECB अपनी टीमों में 49% हिस्सेदारी बेचने की योजना बना रहा है, ताकि भारतीय निवेशकों को आकर्षित किया जा सके। भारतीय निवेशकों को लुभाने के लिए यह कदम उठाया जा रहा है, जिसमें आईपीएल फ्रेंचाइजी और अन्य बड़े भारतीय निवेशकों की भागीदारी की उम्मीद की जा रही है। इससे इंग्लिश क्रिकेट को बड़े निवेश प्राप्त होने की संभावना है।

### फ्रेंचाइज़ी स्वामित्व

IPL फ्रेंचाइजियों की इंग्लिश टीमों में हिस्सेदारी खरीदने में भारी रुचि है। ECB इस दिशा में और कदम उठाने की योजना बना रहा है, जिसमें टीमों के नाम बदलने पर भी विचार किया जा रहा है, ताकि भारतीय निवेशकों को आकर्षित किया जा सके। यह एक बड़ा रणनीतिक बदलाव होगा, जिससे इंग्लिश क्रिकेट में पारंपरिक मॉडल से हटकर वैश्विक बाजारों की ओर ध्यान केंद्रित किया जाएगा।

## व्यापार/लाइफ व साइंस

### राज्यों के साथ मिलकर काम करेगा सांख्यिकी मंत्रालय, कहा

## सारे आंकड़े टैबलेट पर किए जा रहे हैं एकत्र

**एजेंसी। नई दिल्ली**




सांख्यिकी एवं कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय (मोस्पी) के सचिव सुभाष गर्ग ने कहा कि सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) और जिलावार जीडीपी के आंकड़ों को बढ़ावा देने के लिए मंत्रालय राज्य सरकारों के साथ मिलकर काम करने पर विचार कर रहा है।

चेन्नई में आयोजित डेटा यूजर्स कॉन्फ्रेंस में गर्ग ने कहा, 'आगे चलकर हम राज्य सरकारों के साथ और नजदीकी के साथ काम करने पर विचार कर रहे हैं, जिससे एकत्र किए गए जीएसडीपी और जिला स्तर के आंकड़े सटीक व स्पष्ट हों। इससे बेहतर नीति बन सकेगी।' फिलहाल राज्य सरकारें जिलावार आंकड़े जारी करती हैं, लेकिन यह सामान्यतया एक समय अंतराल पर उपलब्ध कराए जाते हैं और पूरे राज्य के आंकड़े नियमित रूप से अद्यतन नहीं किए जाते। सचिव ने कहा, 'हम इस्तेमाल किए जा सकने वाले प्रारूप में आंकड़ों की उपलब्धता पर काम कर रहे हैं।' उन्होंने कहा कि मंत्रालय द्वारा इस साल की शुरुआत में ई-सांख्यिकी पोर्टल पेश किया गया है। उन्होंने तकनीक पर ज्यादा ध्यान दिए जाने का भी उल्लेख किया। गर्ग ने कहा, 'हमारे सारे आंकड़े टैबलेट पर एकत्र किए जा रहे हैं, अब कागज व कलम का इस्तेमाल नहीं होता।'

### राष्ट्रीय सांख्यिकी आयोग के चेयरमैन

आरएल करंदीकर ने मंत्रालय के कामकाज में तेजी से हो रहे बदलाव का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि मोस्पी आंकड़ों के उपभोक्ता के इस्तेमाल योग्य प्रारूप बनाने और उसे सरल बनाने पर काम कर रहा है।

### पीएलआई स्कीम से भारत में स्थानीय ईवी मैन्युफैक्चरिंग को मिल रहा बढ़ावा

**नई दिल्ली।** घरेलू स्तर पर इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) का विनिर्माण बढ़ाने के लिए केंद्र सरकार 25,938 करोड़ रुपये की प्रोडक्शन लिंक्ड इनिशिएटिव (पीएलआई) स्कीम चला रही है। इस स्कीम का असर उद्योग पर भी देखने को मिला है। केंद्र सरकार ने ईवी सेक्टर में पीएलआई स्कीम के तहत ऑटो कंपनियों से आए 74 में से 50 आवेदनों को मंजूरी दे दी है। वहीं, 24 आवेदनों को समीक्षा के लिए रखा गया है। पीएलआई स्कीम के तहत मंजूर किए गए आवेदनों से ईवी सेक्टर में कुल 17,896 करोड़ रुपये का निवेश हुआ है। वहीं, (31 मार्च 2024 तक) कुल बिक्री का आंकड़ा 3,370 करोड़ रुपये को पार कर गया है।

### कॉग्निजेंट का आरोप

## इन्फोसिस ने चुराया डेटा

**एजेंसी। नई दिल्ली**

अमेरिकी दिग्गज सॉफ्टवेयर कंपनी कॉग्निजेंट की सहायक कंपनी ट्राइजेटो ने टेक्सास की संघीय अदालत में भारतीय आईटी दिग्गज इन्फोसिस के खिलाफ मुकदमा दायर किया है। इस मुकदमे में अमेरिकी कंपनी ने इन्फोसिस पर हेल्थ इंश्योरेंस सॉफ्टवेयर से संबंधित व्यापार रहस्यों का दुरुपयोग करने और कम्पटेटिव प्रोडक्ट्स डेवलप करने के लिए कॉग्निजेंट के डेटाबेस तक अवैध रूप से पहुंच बनाने का गंभीर आरोप लगाया है। कॉग्निजेंट ने इन्फोसिस पर आरोप लगाया है कि उसने कॉग्निजेंट के हेल्थकेयर इंश्योरेंस सॉफ्टवेयर के सीक्रेट्स चुराए हैं। न्यू जर्सी स्थित इस अमेरिकी कंपनी के 70 फीसदी से अधिक कर्मचारी भारत से बाहर कार्यरत हैं। हालांकि, कॉग्निजेंट ने इस मामले पर कोई आधिकारिक टिप्पणी नहीं की है।

### कॉग्निजेंट ने इन्फोसिस पर लगाए ये आरोप

इन्फोसिस पर आरोप है कि उसने अवैध तरीके से कॉग्निजेंट के डेटाबेस को एक्सेस किया और इसका उपयोग अपने नए सॉफ्टवेयर के विकास के लिए किया। यह सॉफ्टवेयर बाजार में बेचने के लिए तैयार किया गया है।

### कॉग्निजेंट का दावा है

कि इन्फोसिस ने "टेस्ट केस फॉर फेसेट्स" नामक सॉफ्टवेयर विकसित करने के लिए ट्राइजेटो के सॉफ़्टवेयर का अनुचित तरीके से इस्तेमाल किया। इसके लिए इन्फोसिस ने ट्राइजेटो के डेटा का गैरकानूनी ढंग से उपयोग किया है।

## भारत का विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 674.7 बिलियन डॉलर

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, 16 अगस्त को समाप्त सप्ताह के दौरान भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 4.55 बिलियन अमेरिकी डॉलर बढ़कर 674.7 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया।

2 अगस्त को, विदेशी मुद्रा भंडार 674.9 बिलियन डॉलर के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया था, जिसके बाद 9 अगस्त को समाप्त सप्ताह में यह 4.8 बिलियन डॉलर से घटकर 670.1 बिलियन डॉलर हो गया।

आरबीआई के आंकड़ों से पता चलता है कि 16 अगस्त को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा संपत्ति, 3.6 बिलियन डॉलर बढ़कर 591.6 बिलियन डॉलर हो गया।

आरबीआई ने कहा कि इस सप्ताह के दौरान सोने का भंडार 865 मिलियन डॉलर बढ़कर 60.1 बिलियन डॉलर हो गया।

स्पेशल ड्राइंग राइट्स (एसडीआर) 60 मिलियन डॉलर बढ़कर 18.3 बिलियन डॉलर हो गए।

### 'यूनिफाइड पेंशन स्कीम' का कांग्रेस नेता ने किया समर्थन

**नई दिल्ली।** एक तरफ जहां दो सबसे बड़ी राष्ट्रीय पार्टी कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी और पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) को लेकर आमने-सामने है, वहीं केंद्र सरकार द्वारा शुरू की गई यूनिफाइड पेंशन स्कीम को कांग्रेस के एक प्रमुख नेता प्रवीण चक्रवर्ती का समर्थन मिला है। उन्होंने मोदी सरकार की इस योजना की जमकर तारीफ की है। ऑल इंडिया प्रोफेशनल कांग्रेस के प्रमुख प्रवीण चक्रवर्ती ने यूनिफाइड पेंशन स्कीम (यूपीएस) के प्रति समर्थन व्यक्त किया और इसे एक 'विवेकपूर्ण और स्वागत योग्य' कदम बताया।

## बजाज की सीएनजी मोटरसाइकल ने 15 दिनों में 1,933 यूनिट की डिलीवर की



**नई दिल्ली।** बीते जुलाई में जब बजाज ऑटो लिमिटेड ने देश-दुनिया की पहली सीएनजी मोटरसाइकल बजाज फ्रीडम 125 लॉन्च की तो अचानक से लोगों में इस बाइक को लेकर जबरदस्त उत्साह देखने को मिला और अब तक इसे 60 हजार से ज्याद इनक्वॉयरी मिल चुकी है। अब बात आती है कि आखिरकार इसकी डिलीवरी शुरू होने के बाद पहले महीने, यानी जुलाई में इसे कितने लोगों ने खरीदा, तो आपको बता दें कि 16 जुलाई तो पुणे में डिलीवरी शुरू होने के बाद अगले 15 दिनों में इसकी 1,933 यूनिट डिलीवर हुई, जो कि लिमिटेड जगहों पर थी। कंपनी ने बीते 15 अगस्त तक देश के 78 शहरों में बजाज फ्रीडम 125 की बिक्री शुरू कर दी है और आने वाले समय में सेल्स के आंकड़ों से पता चलेगा कि आखिरकार लोगों की सीएनजी बाइक कितनी पसंद आती है।

### लुक और फीचर्स

बजाज फ्रीडम 125 सीएनजी मोटरसाइकल का डिजाइन कुछ अलग और चेसिस काफी मजबूत है। यह बाइक देखने में काफी आकर्षक है और कॉम्पैक्ट और हल्की बाइक है। इसमें एक स्पोर्टी फ्यूल टैंक, मजबूत ग्रैब रेल, सीट के नीचे दो किलोग्राम का सीएनजी टैंक, डिजिटल इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर, इलेक्ट्रिक स्टार्ट, फ्रंट डिस्क ब्रेक और रियर ड्रम ब्रेक, साइड स्टैंड इंडिकेटर समेत काफी सारी खूबियां मिलती हैं।

### इंजन और परफॉर्मेंस

बजाज फ्रीडम 125 में 124.5 सीसी का सिंगल-सिलिंडर एयर-कूल्ड इंजन दिया गया है, जो कि 10.9 बीएचपी की मैक्सिमम पावर और 11 न्यूटन मीटर का टॉर्क जेनरेट करता है। इस सीएनजी बाइक में 2 लीटर के पेट्रोल फ्यूल टैंक और 2 किलोग्राम के सीएनजी टैंक के साथ माइलेज संयुक्त रूप से 330 किलोमीटर का है।

## एक नजर

### पोलियों की दवा पिलाकर अभियान का हुआ शुभारंभ

**केतार।** केतार प्रखंड के बलिगढ़ गांव में ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता पोषण समिति के अध्यक्ष मनीष कुमार ने शनिवार को 0 से 5 वर्ष के बच्चों को पोलियों की दवा पिलाकर शुभारंभ किया।उन्होंने की 26 और 27 अगस्त को घर -घर जाकर बच्चों को स्वास्थ्य सहिया दवा पिलायेंगे। उन्होंने ग्रामीणों से आग्रह किया की अपने बच्चे को पोलियों की खुराक अवश्य पिलायें।

### भाजपाइयों ने सुनी पीएम मोदी के मन की बात

**खरौंधी।** खरौंधी मंडल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम ₹मन की बात₹ को सुनने के लिए भाजपाई एवं स्थानीय लोगों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान, पीएम मोदी ने देश के विकास, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, और नवाचार जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने देश के विभिन्न हिस्सों से प्रेरणादायक कहानियों को साझा किया, जिससे लोगों को सकारात्मक दिशा में कार्य करने के लिए प्रेरणा मिली। कार्यक्रम के बाद, लोगों ने पीएम मोदी के विचारों की सराहना की और इसे राष्ट्र के विकास के लिए महत्वपूर्ण बताया। मंडल अध्यक्ष सांध्यकर विश्वकर्मा ने बताया की खरौंधी मंडल में यह आयोजन सामुदायिक एकता और जनजागरण का प्रतीक बन गया है, जहां ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक कार्यक्रम को सुना और उस पर चर्चा की।

### बच्चों को प्लस पोलियो की दवा पिलाई गयी

**खरौंधी।** खरौंधी प्रखंड में रविवार को 0 से 5 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए प्लस पोलियो अभियान के तहत पोलियो ड्रॉप्स पिलाई गई। इस अभियान का आयोजन 25 अगस्त 2024 को किया गया , जिसका मुख्य उद्देश्य क्षेत्र के बच्चों को पोलियो जैसे गंभीर रोग से बचाव करना था। अभियान की शुरूआत सुबह 8 बजे से हुई, जिसमें स्वास्थ्य विभाग के कर्मियों ने बूथों पर बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई। इसके साथ ही, कई विद्यालयों पर बूथ बनाए गए, जहाँ अभिभावक अपने बच्चों को लेकर आए और उन्हें पोलियो की खुराक दी गई।

### लाखों की लागत से बना आंगनबाड़ी भवन हो रहा खंडहर

**चतरा।** मयूरहंड प्रखंड की पंदनी पंचायत के मनहरी का अपना भवन होने के बाद भी निजी मकान में आंगनबाड़ी केंद्र का संचालन किया जा रहा है. भवन निर्माण विभाग ने लगभग दस वर्ष पूर्व लाखों रुपये की लागत से आंगनबाडी केंद्र के भवन का निर्माण कराया था, परंतु विभागीय लापरवाही के कारण एक दिन भी केंद्र का संचालन नहीं हो पाया। आज स्थिति ऐसी है कि बगैर संचालन के ही भवन खंडहर में तब्दील हो रहा है। ग्रामीणों के अनुसार वर्षों से केंद्र का संचालन सेविका अपने निजी मकान में कर रही है। आखिर ऐसी क्या स्थिति है कि केंद्र का अपना भवन निर्माण होने के बावजूद संचालन नहीं हो सका केवल सरकारी पैसों का दुरुपयोग किया गया।

# दो पर्यवेक्षिका के भरोसे तीन प्रखंड के 165 आंगनबाड़ी केंद्र

**नवीन मेल संवाददाता। केतार**

बाल विकास परियोजना कार्यालय भवनाथपुर के अधीन केतार ,खरौंधी व भवनाथपुर प्रखंड में कुल 165 आंगनबाड़ी केंद्र संचालित है। इनके संचालन पर सरकार प्रति माह लाखो रुपए खर्च करती है, पर इन केन्द्रों पर बच्चों की समेकित विकास नहीं हो पा रही है। भवनाथपुर बाल विकास परियोजना कार्यालय के अंतर्गत तीनों प्रखंडों के कुछ आंगनबाड़ी केंद्रों को छोड़कर बाकी केन्द्रों पर सिर्फ खानापूर्ति की जाती है। एक आंगनबाड़ी केंद्र पर 30 बच्चे नामांकित होते हैं, लेकिन अधिकांश केन्द्र पर 10-12 बचें ही उपस्थित होते है।जबकि समय-समय पर पर्यवेक्षिका द्वारा निरीक्षण नहीं होने से कई केंद्र कई दिनो तक बंद रहता है। दरअसल आंगनबाड़ी केंद्र की कार्यों का मॉनिटरिग सही तरीके से नहीं हो रही है। बाल विकास परियोजना के अंतर्गत तीनों प्रखंडों के 165 आंगनबाड़ी केंद्रो का सुचारू रूप से देखभाल करने के लिए सात सृजित पदों के विरुद्ध यहां मात्र दो महिला पर्यवेक्षिका ही है। ये दोनों भवनाथपुर के 66 आंगनबाड़ी केन्द्र, खरौंधी के 49 आंगनबाड़ी केंद्र और केतार प्रखंड के 50 आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण कैसे करती होंगी इसका अंदाजा तो लगाया जा सकता है। केन्द्र पर बच्चों को सुबह में नाश्ते में सूजी का हलवा, दोपहर में दाल-भात या खिचड़ी खिलाना है। लेकिन कुछ केन्द्रों को छोड़कर अन्य केन्द्रों पर पोषाहार देकर ही खानापूर्ति की जाती है।




### आंगनबाड़ी केंद्र का उद्देश्य

आंगनबाड़ी केंद्र का उद्देश्य गर्भवती और धात्री महिलाओं का देख रेखा करना है। बच्चों और महिलाओं का टीकाकरण, पोषाहार और समाजिक विकास कि सेवाएं उपलब्ध कराना है। जबकि तीन से छह वर्ष तक के बच्चों को उचित पोषण और स्वास्थ्य की स्थिति में सुधार करना, इसके साथ- साथ खेल खेल में अनौपचारिक शिक्षा भी देना है। ताकि स्कूल जाने से पहले बच्चे तैयार हो सकें। गरीब तबके के बच्चों को शारिरिक और मानसिक विकास तथा उन्हें स्वास्थ्य सम्बन्धी सहायता प्रदान करना है।

### कार्य बल की कमी, समय पर निरीक्षण नहीं

बाल विकास परियोजना के तहत तीन प्रखंडों के आंगनबाड़ी केंद्र का देख-रेख के लिए सात महिला पर्यवेक्षिका के पद स्वीकृत हैं। जबकि मात्र दो महिला पर्यवेक्षिका ही है। समेकित बाल विकास परियोजना पदाधिकारी (सीडीपीओ ) का पद भी प्रभार में बीडीओ के सहारे चल रहा है। कार्यालय में निजी आपरेटर से काम लिया जा रहा है। इधर पर्यवेक्षिका सुचित्रा ने बताया की केंद्र अधिक होने की वजह से आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण करने में परेशानी होती है।

# चतरा के हंटरगंज में डायरिया से मां-बेटे की मौत

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**

जिले के हंटरगंज प्रखंड मुख्यालय स्थित ब्लॉक मोड़ के पास डायरिया से मां-बेटे की मौत हो गई। मृतक विमला देवी (32) और बेटा सूरज कुमार (12) हंटरगंज थाना क्षेत्र के नावाडीह गांव के रहने वाले थे। बताया जाता है कि जिले में लगातार हो रही मुसलाधार बारिश के कारण मोती साव के घर में पानी जा रहा था। चापाकल से भी गंदा पानी आ रहा था। आशंका है कि चापाकल का गंदा पानी पीने के कारण ही परिवार डायरिया की चपेट में आ गया। गंदा पानी पीने के कारण शनिवार को मां बेटे को डिहाइड्रेशन की शिकायत हुई। रविवार की सुबह 4:00 बजे दोनों की मौत हो गई। जल जमाव की शिकायत प्रशासन को की गई थी लेकिन कोई समाधान नहीं निकला।

### खड़े ट्रक को दूसरे ट्रक ने पीछे से मारी टक्कर चालक व उपचालक घायल

**प्रतिनिधि हरिहरगंज ।** हरिहरगंज एनएच 139 वनस्पति मोड़ के समीप अनियंत्रित ट्रक ने खड़ा ट्रक में पिछे से टक्कर मार दिया. जिसमें ट्रक चला रहे चालक एवं सह चालक गंभीर रूप से घायल हो गए. घटना शनिवार रात करीब बारह बजे की है।दुर्घटना में ट्रक के आगे का हिस्सा क्षतिग्रस्त होने के बाद चालक एवं सह चालक ट्रक के केबिन में फंस गये थे। स्थानीय प्रशासन एवं आसपास मौजूद लोगों के तत्परता से क्रेन कि मदद से दोनों को बाहर निकाल कर सीएचसी केंद्र भेजा गया। जहा प्रथामिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए दोनों को मेदिनीनगर रेफर किया गया है। एसआई विगेश कुमार राय ने बताया कि छत्तीसगढ़ से आ रहे ट्रक ने खड़ा ट्रक में टक्कर मार दिया। जिसमें दो लोग घायल हुए है। गंभीर रूप से घायल ओमप्रकाश कुमार एवं मिथलेश कुमार पटना का रहने वाला है।

### सहायक अध्यापक की हुई बैठक, मांगों को लेकर 28 अगस्त को रांची जाने का निर्णय

**खरौंधी।** खरौंधी प्रखंड में सहायक अध्यापक संघ की एक महत्वपूर्ण बैठक रविवार को बीआरसी खरौंधी में आयोजन किया गया। बैठक का उद्देश्य शिक्षकों की समस्याओं पर चर्चा करना और अपनी मांगों को लेकर आंदोलन की रणनीति बनाना था। बैठक की अध्यक्षता संघ के प्रखंड अध्यक्ष इंदल पासवान ने की, जिसमें संघ के सभी सदस्य और प्रमुख शिक्षक शामिल हुए। बैठक में उपस्थित शिक्षकों ने अपनी वेतनमान, सेवा शर्तों, और अन्य मुद्दों को उठाया।

## न्यूज बॉक्स

### हुसैनाबाद में एसडीओ ने पल्स पोलियो अभियान की शुरूआत की



**हुसैनाबाद।** रविवार को हुसैनाबाद एसडीओ पियूष सिन्हा के द्वारा अनुमंडलीय अस्पताल में नवजात शिशु को दो बूंद दवा पिलाकर राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान कार्यक्रम की शुरूआत की गई। तथा कोल्ड चेन सिस्टम का बारीकी से अनुश्रवण किया गया। मौके पर उपस्थित प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी विनेश कुमार के द्वारा बताया गया कि के द्वारा बताया गया कि 25 अगस्त से शुरू हो रहे पोलियो कार्यक्रम में 0 से 05 वर्ष तक के 59490 बच्चों को पोलियो की दो बून्द पिलाई जाएगी। जिसमें कुल 213 टीम के कुल 426 स्वास्थ्य कार्यकर्त्ता कार्य करेंगे । 213 टीम के अलावा 7 ट्रांजिट टीम और 01 मोबाइल टीम भी कार्य करेगा, जिसके कार्य के सुपरविजन के लिए 37 सुपरवाइजर नियुक्त किये गए हैं। इस संबंध में एसडीओ के द्वारा सभी मौजूद सुपरवाइजर को निर्देशित किया गया कि सभी सुपरवाइजर यह सुनिश्चित करेंगे कि पोलियो के दो बून्द से कोई भी 0 से 05 वर्ष का बच्चा छूट न जाये, साथ ही टीम झुग्गी झोपड़ी, ब्रिक क्लीन, मलिन बस्ती पर विशेष फोकस किया जाना चाहिए, ताकि एक भी बच्चा छूटे नहीं।

### पेड़-पौधे प्रकृति के श्रृंगार हैं : सीओ

**पाटन।** पेड़-पौधे हमारे जीवन के आधार हैं,इसे परिवार की तरह सहेजे रखना ही हमारा धर्म होनी चाहिए। यह बातें राकृत प्लस टू उच्च विद्यालय पाटन में श्री सर्वेश्वरी समूह शाखा डाल्टनगंज द्वारा आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पाटन सीओ प्रवीण कुमार सिंह ने कहा। सीओ ने कहा कि पेड़-पौधे प्रकृति के श्रृंगार हैं,इसके बिना मानव जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्रिंसिपल संतोष कुमार ने समूह के पदाधिकारियों व अतिथियों को बुके देकर स्वागत किया। संचालन शिक्षक बालगोविंद मिश्र ने किया।शाखा उपाध्यक्ष प्रमोद कुमार सिन्हा ने श्री सर्वेश्वरी समूह द्वारा बीस सूत्रीय कार्यक्रमों के बारे में विस्तृत जानकारी दी।कहा कि समूह मानवता की सेवा को आगे बढ़ाते हुए कुष्ठ रोगियों का इलाज कर वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाते हुए गिनिज बुक में नाम दर्ज किया है।इस अवसर पर बच्चों के बीच 240 फलदार पौधे वितरण किए गए तो वहीं ब्राइटलैंड स्कूल मदिनीनगर में भी 300 फलदार पौधे का वितरण किया गया। मौके पर मंत्री प्रताप नारायण शाही, व्यवस्थापक योगेन्द्र सिंह,अनुज सिंह, ललित नारायण सिंह, सूर्यदेव नाथ शाही, डॉ नरसिंह, संतोष राय,शुभम कुमार, शिक्षक सलीमुद्दीन, पंकज कुमार, शशिकांत, दिलीप कुमार, प्रभाकर, प्रमोद, कृपाशंकर,पवन, अभिमन्यु, रविकांत, शिक्षिका नेहा, रेणु, सुनीता, स्नेहलता व अन्य लोग मौजूद थे।

### पाटन में भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुनी प्रधानमंत्री के मन की बात

**पाटन।** पाटन भाजपा मंडल अध्यक्ष संजय सिंह के नेतृत्व में पाटन मंडल के सभी बूथों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बातो को सुना गया। वही मंडल अध्यक्ष ने अपने बुथ संख्या 219 पर मन की बात सुनी वही पाटन के सभी बुथ पर सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता अपने अपने बूथों पर मन की बात सुना सुननेवाले में सुनील सिंह, गिरेंद्र सिंह, आलोक सिंह छोटू सिंह पशुपति शर्मा सतेंद्र सिंह प्रदीप चंद्रवंशी आनंद सिंह उमा शंकर सिंह रविनाथ साव प्रिंस कुमार बिकास कुमार, आनंद सिंह,अभिमन्यु सिंह उदय सिंह समेत अन्य भाजपा कार्यकताओं ने सुना।

# कांग्रेस के जिला प्रवक्ता राहुल दुबे ने नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष से की मुलाकात

**नवीन मेल संवाददाता। खरौंधी(गढ़वा)**

प्रदेश कांग्रेस भवन रांची में गढ़वा जिला प्रवक्ता राहुल दुबे ने कांग्रेस के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश से शिष्टाचार मुलाकात किया। साथ ही उन्हे कांग्रेस पार्टी का प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर बधाई दिया है। साथ ही गढ़वा जिला की कई समस्याओं से अवगत कराते हुए गढ़वा जिला में आने का निमंत्रण दिया। प्रदेश अध्यक्ष ने भी जल्द गढ़वा आने का आश्वाशन दिया है। जिला प्रवक्ता राहुल दुबे ने बताया कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व ने सिल्ली विधानसभा के पूर्व विधायक केशव महतो कमलेश को झारखंड कांग्रेस का नया प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है। केंद्रीय नेतृत्व द्वारा उन्हे प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने से झारखंड में कांग्रेस पार्टी मजबूत होगी। साथ ही प्रदेश अध्यक्ष को बताया पुरे भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र में संगठन पहले से काफी मजबूत हुआ है। भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकताओं के भावना को ध्यान में रखते हुए भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार को चुनाव लड़ना चाहिए। इसपर प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने भवनाथपुर विधान सभा के कांग्रेस पार्टी के नेता तथा कार्यकर्ताओ का ख्याल रहते हुए उचित निर्णय लेने का आश्वाशन दिया है।



### सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत

**श्रीबंशीधर नगर।** थाना क्षेत्र के उसका कला में एनएच 75 पर हुए सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई। जबकि 4 लोग घायल हो गए। घटना रविवार शाम 7 बजे की है। घायलों का इलाज अनुमंडलीय अस्पताल में चल रहा है। मृतक की पहचान मेराल थाना क्षेत्र के गोंदा ग्राम निवासी जवाहर प्रजापति के 16 वर्षीय पुत्र जोगेंद्र प्रजापति के रूप में किया गया।

# प्रधानमंत्री मोदी की 'मन की बात' ने कार्यकर्ताओं को दी नई ऊर्जा और दिशा : कर्नल संजय

**नवीन मेल संवाददाता। हुसैनाबाद**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा प्रस्तुत मन की बात कार्यक्रम का 113वां संस्करण आज पूरे प्रदेश में बड़े हर्षोल्लास के साथ सुना गया। भारतीय जनता पार्टी ने इस आयोजन को व्यापक स्तर पर मनाने का निर्णय लिया, जिसके तहत हुसैनाबाद के बूथ संख्या 126 पर भाजपा सैन्य प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक कर्नल डॉ. संजय कुमार सिंह के नेतृत्व में इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन में भाजपा कार्यकताओं के साथ-साथ समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों ने भी हिस्सा लिया और मन की बात को बड़े ही उत्साह के साथ सुना। दूरदर्शन के माध्यम से प्रसारित इस कार्यक्रम को देखकर लोग उत्साहित और प्रेरित हुए। सुदूरवर्ती जरहीपर गांव की निवासी लालमती देवी ने कहा कि उन्हें मन की बात इसलिए प्रिय है क्योंकि प्रधानमंत्री मोदी इसमें आम जनता के मुद्दों को सजीव तरीके से प्रस्तुत करते हैं और उनके सुझावों पर काम भी करते हैं। पंचायत समिति सदस्य बद्रीनारायण सिंह ने कहा कि यह हम सबका सौभाग्य है कि कर्नल संजय सिंह के नेतृत्व में हमें प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को सुनने का अवसर मिला। उन्होंने किसान ब्रिगेड की ओर से कर्नल संजय सिंह का आभार व्यक्त किया।



**बिरसा फसल बीमा योजना के बारे में किसानों को दी गई जानकारी**

# मात्र एक रुपये में फसल की बीमा कराये किसान : बीटीएम



**नवीन मेल संवाददाता। केतार**

केतार प्रखंड क्षेत्र के परसोडीह पंचायत सचिवालय में बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना खरीफ फसल 2024 के लिए फसल बीमा करो , सुरक्षा कवच पाओ अभियान के तहत कार्यशाला आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में बीटीएम राकेश कुमार गांव के किसानों को मात्र एक रुपए में धान और मकई फसल का बीमा कराने की जानकारी दिया। उन्होंने किसानों को बताया गया 31 अगस्त तक किसान अपने नजदीकी के प्रज्ञा केंद्र पर जाकर कृषि बीमा करा सकते हैं। फसल बीमा कराने के लिए आधार कार्ड, बैंक पासबुक की छाया प्रति ,फसल बुवाई प्रमाण पत्र , मोबाइल नंबर , भूमि स्वामित्व संबंधी प्रपत्र जरूरी है। उन्होंने बताया की धान फसल की 80 प्रतिशत क्षति होने पर किसान को एक हेक्टेयर पर 69 हजार रुपए, जबकि एक हेक्टेयर मक्का फसल नुकसान पर 56 हजार 833 रू का मिलेगा। इस कार्यक्रम में प्रखंड बीमा कोर्डिनेटर ओमप्रकाश ठाकुर,मुखिया बसंती देवी, बीडीसी कमोदा देवी, कलेंदर पासवान, अजय राम,देव कुमार ठाकुर ,परमानंद ठाकुर ,चंदन कुमार उमेश कुमार गुप्ता ,राजेश्वर प्रसाद, श्रवन साह ,उदय मेहता, अभिमन्यु सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### पूर्व विधायक के प्रयास से लगा नया ट्रांसफार्मर लोगों ने जताया आभार



**प्रतिनिधि हरिहरगंज।** पिपरा प्रखंड के दलपतपुर गांव में हरिहरगंज-हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक सह आजसू पार्टी के केंद्रीय उपाध्यक्ष कुशवाहा शिवपूजन मेहता के प्रयास से 100 केवीए का नया ट्रांसफार्मर लगाया गया। बीते तीन सप्ताह पहले ट्रांसफार्मर जल जाने के कारण बिजली आपूर्ति ठप हो गयी थी। इस वजह से ग्रामीणों को परेशानी झेलनी पड़ रही थी। ग्रामीणों ने पूर्व विधायक श्री मेहता को उक्त समस्या से अवगत कराया गया। वही संज्ञान लेते हुए श्री कुशवाहा ने विद्युत विभाग के पदाधिकारी से उक्त विषय पर चर्चा कर 100 केवीए का नया ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया।

# मिलेनियम पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मनाया गया श्रीकृष्ण जन्माष्टमी



**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**

मिलेनियम पब्लिक स्कूल परिसर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। बच्चों के द्वारा तरह-तरह के कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। बच्चों ने राधा श्रीकृष्ण बनकर लोगों का मन मोह लिया राधा श्रीकृष्ण व गोपियों का चरित्र चित्रण इस प्रकार किया गया मानो सचमुच में उनका अवतार हुआ हो। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक मो मुमताज राही ने कहा कि बच्चों के द्वारा इस अद्भुत प्रस्तुति को देखकर ऐसा लग रहा है कि हम आज श्री बंशीधर नगर में नहीं बल्कि वृंदावन में भगवान श्रीकृष्ण के साक्षात रूप का दर्शन कर रहे हैं इस अवसर पर बच्चों के द्वारा माखन चोर, डांडिया नृत्य और कृष्ण सुदामा की मित्रता का चरित्र चित्रण किया गया। जिसमें सौरभ यादव, कक्षा यूकेजी के द्वारा श्रीकृष्ण का तथा निखत परवीन के द्वारा राधा के रूप को दशार्या गया माखन चोर की प्रस्तुति सौरभ यादव के द्वारा तथा डांडिया नृत्य कक्षा प्रथम से कक्षा 12वीं तक के छात्राओं के द्वारा प्रस्तुत किया गया । इस मौके पर विद्यालय के चेयरपर्सन नूरजहां बेगम,असगर अली, नागेंद्र प्रसाद सिंह,मनोज कुमार, ऋषिकांत, अरशद आलम, अर्पणा कुमारी,माया देवी,प्रियंका, काजल, संजय प्रसाद, पांडे, रोहित,संजना सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# अवैध महुआ शराब भट्ठी को पुलिस ने किया ध्वस्त

**नवीन मेल संवाददाता। प्रतिनिधि हरिहरगंज**

हरिहरगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत भांवर गांव में पथरा ओपी पुलिस ने रविवार को पलामू पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अवैध महुआ शराब चुलाई के विरुद्ध सघन छापेमारी अभियान चलाया. इस दौरान हरिहरगंज थाना क्षेत्र के भांवर गांव में चल रहे अवैध महुआ शराब भट्ठी को ध्वस्त किया। पथरा ओपी प्रभारी मंटू कुमार ने बताया कि इस दौरान करीब 8 क्विंटल जावा महुआ, 50 लीटर महुआ से निर्मित शराब को नष्ट किया गया। इसके साथ ही कई ड्राम, शराब बनाने के उपकरण को भी नष्ट कर दिया गया। साथ ही बताया कि अवैध महुआ शराब निर्माण में संलिप्त फरार कारोबारी के विरुद्ध उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया जाएगा। अभियान में पथरा पिकेट प्रभारी मंटू कुमार सहित पुलिस के कई जवान शामिल थे।



# भारी बारिश से बहा पुल, दर्जनों गांवों का आवागमन बाधित

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**

जिले में भारी बारिश से गिद्धौर प्रखंड अंतर्गत इचाक-पिंडारकोन मुख्य पथ पर बना पुलिया बह गई है। पुलिया बह जाने के कारण आसपास निवास करने वाले दर्जन भर गांव के लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञात हो कि इचाक-पिंडारकोन पथ से सैकड़ों ग्रामीण पैदल चलने के साथ दो पहिया व चार पहिया वाहनों से आवागमन करते हैं। लेकिन तेज बारिश में पुलिया बह जाने से लगभग दर्जन भर गांव का आवागमन बाधित हो गया है। ग्रामीणों की माने तो कान्हाचट्टी, पीतीज, सरहेता, चकरवार के लोग भी हजारीबाग जाने के लिए इसी रास्ते का उपयोग करते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि उक्त पुलिया पूर्व में भी क्षतिग्रस्त हुआ था जिसे मंझगांवां मुखिया सरिता देवी व समाजसेवी बसंत सिंह के द्वारा निजी खर्चे से मरम्मत कराया गया था। इससे लगभग सात से आठ माह तक यात्रियों का आवागमन सुचारू रूप से हो सका।



## पेज एक के शेष

**प्रबंधन गुरु श्रीकृष्ण...**

इससे उसकी वृद्धि और प्रगति सुनिश्चित होगी। कृष्ण सभी दिव्य क्षमताओं (चाहे छिपी हुई हों या नहीं) के अवतार हैं और भगवान कृष्ण के बारे में बात करने के लिए जन्माष्टमी का अवसर सबसे उपयुक्त है। श्रीकृष्ण के जीवन में कई ऐसी बातें हैं जो प्रबंधन से जुड़ी हैं। सभी के लिए समान नियम बनाना और उन्हें लागू करना। श्रीकृष्ण ने कुरुक्षेत्र के युद्ध में सभी योद्धाओं के लिए एक समान नियम बनाए थे, जैसे कि दिन ढलने के बाद किसी को भी युद्ध करने की इजाजत नहीं देना । इससे सभी योद्धाओं को एक समान अवसर मिल सका। उन्होंने माखन और दूध-दही को स्वास्थ्य रक्षक के रूप में प्रतिष्ठित किया था और इन चीजों को ह्यकरह्ण के रूप में कंस को देने से रोका था। उनका उद्देश्य था कि इनका उपभोग गांवों में ही हो। विनम्र और उदार सारथी के रूप में उन्होंने लोगों को जीवन में सरल और विनम्र होने की सीख दी, जो ईमानदार लोगों के साथ सच्चे रिश्ते बनाए रखने में मदद करता है। श्रीकृष्ण ने अपनी वाणी और भाषण कौशल के जरिए पांडवों को कई बार अच्छाई की सेवा करने और न्याय की प्राप्ति के लिए प्रेरित किया था। आज से लगभग पांच हजार वर्ष पूर्व समाज में बुराइयां बढ़ने से सज्जन लोगों की परेशानियां बढ़ गईं। खुद को सुरक्षित करने के लिए लोग अत्याचारियों से संधि की । द्रोणाचार्य जैसे विद्वान और ज्ञानी भी कौरवों के पक्ष में हो गए। इससे सबसे बड़ी क्षति यह हुई कि अन्याय का विरोध करना लोगों ने छोड़ दिया। संकट की ऐसी स्थिति में संपूर्ण समाज एक ऐसे महापुरुष की राह देख रहा था, जो अधर्म का नाश कर पुनः धर्म की स्थापना करे। मित्रता, प्रेम और गीता में दिए उपदेश कालजयी हैं और शांति के लिए आवश्यक भी ।

**हेमंत सोरेन वादा...**

इस सरकार से सवाल करना गुनाह हो गया है, लेकिन हम डरेंगे नहीं, शाहिद निर्मल महतो के शहीद स्थल पर भी जा कर सरकार से जवाब मांगेंगे। सरकार ने जो भी वादा किये है वो सरकार को देना ही होगा। सरकार खुद को भगवान समझ बैठी है।

**चुनाव के पहले...**

वे इस मामले की ज्यूडिशियल इन्क्वायरी की मांग करेंगे। वह चुनाव आयोग से मांग करेंगे कि विधानसभा चुनाव से पहले झारखंड के डीजीपी को बदला जाए। चुनाव आयोग को यह भी बताएंगे की डीजीपी पर रघुवर सरकार के समय राज्यसभा चुनाव को प्रभावित करने का आरोप लगा था।

**झोलाछाप डॉक्टर के...**

और अपनी मां अपने छोटे भाई की पत्नी को वहां छोड़कर किसी काम से बाजार चला गया। इसके तुरंत बाद ही मेरी छोटी भाई की पत्नी फोन कर बताती है कि मां को सुई लगाने के बाद तबीयत बिगड़ने लगा है और मुंह से झाग भी आ रहा है, आप फौरन आइए। तब मैं मेडिकल पहुंचा, जहां मेरी मां की तबीयत काफी बिगड़ गई थी। इस बीच झोलाछाप डॉक्टर रंजीत कुमार एक निजी वाहन बुलाकर मेरी मां को सदर अस्पताल ले जाने के लिए बोले। मैं अपनी मां को लेकर सदर अस्पताल कोडरमा आ गया, जहां चिकित्सक ने मेरी मां को मृत घोषित कर दिया।

**चिराग पासवान फिर...**

पर हार्दिक बधाई एवं अनंत शुभकामनाएं। पार्टी को आपके कुशल नेतृत्व पर पूर्ण भरोसा है साथ ही पार्टी आपके मार्गदर्शन में एक नई ऊंचाई हासिल करेगी।

चिराग पासवान को एक बार फिर लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाए जाने के कई राजनीतिक मायने निकलकर सामने आ रहे हैं। यह फैसला कहीं न कहीं पार्टी में एकता और स्थिरता की ओर इशारा कर रहा है। चिराग पासवान के नेतृत्व में पार्टी को मजबूती मिलेगी। इस फैसले से बिहार ही नहीं देशभर में पार्टी का विस्तार संभव है। इसके अलावा चिराग पासवान की राजनीतिक स्थिति मजबूत होगी और पार्टी में मतभेदों को खत्म करने में मदद मिलेगी। यह फैसला न सिर्फ चिराग पासवान की राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बढ़ाएगी। बल्कि, इस फैसले से पार्टी एक नए अध्याय की शुरूआत कर सकता है। पार्टी के लोगों का जिस तरह का भरोसा पार्टी प्रमुख स्वर्गीय राम विलास पासवान पर था वैसा ही भरोसा चिराग पासवान को लेकर भी पार्टी के नेताओं के बीच बनेगी। आपको बताते चलें कि चिराग पासवान के पिता रामविलास पासवान के निधन के बाद उनकी पार्टी में कलह हो गई थी। उनके चाचा पशुपति कुमार पारस और चिराग पासवान के बीच कलह खुलकर सामने आई थी।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More"

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

Facilities

- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज







CHAMBER

SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi

Contact No. : 9199533383, 7903835453

Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm

Sunday : 9 am to 2 pm

E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com


## एमपॉक्स व्यापक रूप से विश्व जनसंख्या को कर रहा प्रभावित

**नई दिल्ली।** मंकीपॉक्स (एमपॉक्स) ने एक बार फिर दुनिया भर के लोगों का ध्यान आकर्षित किया है। लैंसेट की एक



ताजा रिपोर्ट में चेतावनी दी गई है कि 2022 के प्रकोप के विपरीत 2024 का प्रकोप व्यापक रूप से जनसांख्यिकी को प्रभावित कर रहा है। रिपोर्ट में इस बात का जिक्र किया गया है कि इस प्रकोप के केंद्र में कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य है। अब अफ्रीका से बाहर वायरस के प्रसार ने अंतरराष्ट्रीय चिंता बढ़ा दी है, विशेष रूप से एक नए समूह, 1 बी के उद्भव ने डरा दिया है। इसमें कहा गया है, सीमित वैक्सीन आपूर्ति, अपर्याप्त परीक्षण और कई सार्वजनिक स्वास्थ्य खतरों के प्रति प्रतिक्रियाओं को संतुलित करने की आवश्यकता के बीच स्वास्थ्य अधिकारी वायरस को रोकने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने 14 अगस्त को एमपॉक्स को अंतरराष्ट्रीय चिंता का विषय बताते हुए सार्वजनकि स्वास्थ्य आपातकाल (पीएचईआईसी) घोषित किया। अफ्रीका सीडीसी के महानिदेशक जीन कासिया ने भी इसे कॉन्टिनेंटल सिक्योरिटी (पीएचईसीएस) का सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल घोषित किया। रिपोर्ट के अनुसार, एमपॉक्स का क्लेड 1 बी अपनी उच्च संक्रामकता और अधिक गंभीर परिणामों की संभावना के कारण विशेष रूप से चिंता का विषय है। अफ्रीका सीडीसी द्वारा जारी एक महामारी खुफिया रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष की शुरूआत से 12 अफ्रीकी देशों में 18,737 एमपॉक्स मामले (3,101 पुष्ट और 15.636 संदिग्ध) सामने आए हैं। इसके परिणामस्वरूप 541 मौतें हुई हैं। वर्ष 2023 में अफ्रीका के सात देशों में 14,838 एमपॉक्स मामले (1,665 पुष्ट और 13,173 संदिग्ध) दर्ज किए।

### आरजी कर अस्पताल वित्तीय घोटाला

## फॉरेंसिक एक्सपर्ट को साथ ले गये सीबीआई अधिकारी

एजेंसी




▸ सीबीआई अधिकारी अब दोनों मामलों के बीच संबंध खोज रहे हैं।

**कोलकाता।** आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में कथित वित्तीय अनियमितताओं की जांच के सिलसिले में सीबीआई की टीमें रविवार सुबह कोलकाता के कई स्थानों पर छापेमारी कर रही हैं। सीबीआई ने केस्टोपुर, हावड़ा और एंटाली इलाकों में स्थित अस्पताल के पूर्व अधिकारियों और अन्य संबंधित व्यक्तियों के घरों पर छापेमारी की है। सीबीआई फोरेंसिक मेडिसिन विभाग के डेमोंस्ट्रेटर को रविवार को अपने निजाम पैलेस स्थित कार्यालय ले गई। सीबीआई अधिकारियों की एक टीम रविवार सुबह कोलकाता के उत्तरी बाहरी इलाके में स्थित केस्टोपुर में देबाशीष शोम के आवास पर पहुंची और वहां करीब आठ घंटे तक चली छापेमारी और तलाशी अभियान के बाद उन्हें अपने साथ ले गई। खबर लिखे जाने तक यह स्पष्ट नहीं था कि शोम को गिरफ्तार किया गया है या सिर्फ पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है। आरजी कर मेडिकल कॉलेज के पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष के करीबी माने जाने वाले शोम का नाम अस्पताल के पूर्व उपाधीक्षक अख्तर अली ने कलकत्ता उच्च न्यायालय में दायर याचिका में लिया था। अली ने ही अस्पताल में वित्तीय अनियमितताओं के बारे में सबसे पहले आवाज उठाई थी। वास्तव में, अली की याचिका पर ही कलकत्ता उच्च न्यायालय की एकल न्यायाधीश पीठ ने पिछले शुक्रवार को सीबीआई को मामले की जांच अपने हाथ में लेने का निर्देश दिया था। सीबीआई इस मामले की विभिन्न कोणों से जांच कर रही है, जिसमें जांच का मुख्य फोकस घोष पर है। शोम और घोष के अलावा अस्पताल के पूर्व चिकित्सा अधीक्षक और उप प्राचार्य संजय वशिष्ठ और चिकित्सा उपकरण आपूर्तिकर्ता बिप्लब सिन्हा भी मामले की जांच कर रहे सीबीआई अधिकारियों की नजर में हैं। घोष से सीबीआई की विशेष अपराध इकाई के अधिकारी 16 अगस्त से लगातार नौ दिन तक पूछताछ कर चुके हैं। सूत्रों ने बताया कि सीबीआई अधिकारी अब दोनों मामलों के बीच संबंध खोज रहे हैं। पहला मामला बलात्कार और हत्या का है, और दूसरा मामला वित्तीय अनियमितताओं का।

## ताइवान के उप-विदेश मंत्री प्रशांत द्वीप देशों के सम्मेलन में लेंगे भाग



**ताइपे।** ताइवान के विदेश मंत्रालय ने रविवार को बताया कि इस सप्ताह टोंगा में प्रशांत द्वीप देशों के सम्मेलन में देश के उप विदेश मंत्री हिस्सा लेंगे। चीन और अमेरिका इस क्षेत्र में अपनी छाप छोड़ने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। ये क्षेत्र ताइपे और बीजिंग के बीच प्रतिस्पर्धा का कारण भी है। चीन उन देशों से दूरियां बना रहा है, जो चीन के दावे वाले ताइवान के साथ औपचारिक राजनयिक संबंध रखते हैं। ताइवान के विदेश मंत्रालय ने बताया कि उप विदेश मंत्री टीएन चुंग-क्वांग अपने तीन प्रशांत क्षेत्रों के सहयोगियों के साथ शिखर सम्मेलन करेंगे ताकि उनके और अन्य 'समान विचारधारा वाले देशों' के साथ साझेदारी को मजबूत किया जा सके। इस बात से उनका इशारा अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया जैसे पश्चिमी लोकतांत्रिक देशों की ओर था।

## जातिगत जनगणना के साथ 74 फीसदी लोग : राहुल गांधी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस पार्टी ने जातिगत जनगणना को लेकर रविवार को एक बड़ा दावा किया। कांग्रेस ने एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि 100 में से 74 फीसदी लोग इस पक्ष में हैं कि जातिगत जनगणना होनी चाहिए। इस सोशल मीडिया एक्स पोस्ट को रिपोस्ट करते हुए राहुल गांधी ने भी इस पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। कांग्रेस पार्टी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक सर्वे का पोस्टर शेयर कर लिखा, मूड ऑफ द नेशन सर्वे में देश के मन की बात सामने आ गई है। हर बीतते वक्त के साथ जातिगत जनगणना की मांग बढ़ती जा रही है। अब 74 फीसदी लोगों का कहना है कि जातिगत जनगणना होनी ही चाहिए। समाज में किसकी कितनी आबादी है? इस सवाल के जवाब से ही सबकी भागीदारी सुनिश्चित की जा सकती है। देश के लोगों का साफ संदेश है- जातिगत जनगणना करो, हमारा हक दो। कांग्रेस के पोस्ट को रिपोस्ट करते हुए कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने पीएम मोदी को संबोधित करते हुए लिखा, अगर आप जाति जनगणना को रोकने के बारे में सोच रहे हैं, तो आप सपना देख रहे हैं - कोई शक्ति अब इसे रोक नहीं सकती! हिंदुस्तान का ऑर्डर आ चुका है - जल्द ही 90% भारतीय जाति जनगणना का समर्थन और मांग करेंगे। ऑर्डर अभी लागू कीजिए, या आप अगले प्रधानमंत्री को ये करते देखेंगे। गौरतलब है कि कांग्रेस लगातार जातिगत जनगणना की मांग उठा रही है। कांग्रेस का कहना है कि जाति के आधार पर देश की जनसंख्या को गिना जाएगा। ऐसा करने से समाज में किसकी कितनी आबादी है, इसका पता चलेगा और सबकी भागीदारी सुनिश्चित की जा सकेगी। कांग्रेस ने कई बार सरकार से मांग की है कि जातिगत जनगणना कराई जाए, ताकि समाज में व्याप्त असमानता को दूर किया जा सके और सबको समान अवसर मिले।



# एजुकेशन/करियर

**रजनीश।** आर्ट्स अंग्रेजी का शब्द है जिसे हिंदी में कला कहते हैं। आर्ट्स कई सारे विषयों का एक ग्रुप होती है जिसकेअंतर्गत सोसाइटी, जियोग्राफी, इकोलॉजी, एग्रीकल्चर, इकोनॉमिक्स आदि विषयों होते हैं। आर्ट्स के विषय सोशल और इकोनोमिकल पर्सपेक्टिव को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। आर्ट्स, जिसे "कला" के रूप में जाना जाता है, छात्र को मानव समाज और दुनिया का अध्ययन करने के लिए एक मंच प्रदान करती है। यह एक व्यापक रूप से विशाल स्ट्रीम है, जो छात्रों को कई करियर विकल्प प्रदान करती है। नागरिक के कानूनी अधिकारों को समझने के लिए लोग समूह सेटिंग्स में कैसे बातचीत करते हैं, इसका अध्ययन करने से लेकर, सब कुछ आर्ट स्ट्रीम विषयों के दायरे में आता है। विज्ञान और वाणिज्य के विपरीत, कला में छात्रों के लिए चुनने के लिए कई विषय होते हैं। वास्तव में, आर्ट्स स जेक्ट लेने से आपकी रचनात्मकता में वृद्धि होती है और आजकल आर्ट्स स्ट्रीम में कई अच्छे करियर ऑप्शंस भी उपलब्ध हैं।

## आर्ट्स में किन विषयों की होती है पढ़ाई?

### आर्ट्स जेक्ट लिस्ट

आर्ट्स, अध्ययन का एक फैला हुआ क्षेत्र है जिसमें मानविकी से लेकर भाषाओं तक के विषय शामिल हैं। इन सभी विषयों को स्कूल और कॉलेज दोनों स्तरों पर कोर या ऐच्छिक विषय के रूप में बांटा गया है। आर्ट्स में 11वीं और 12वीं के आर्ट्स स जेक्ट यह रहे-

- भूगोल
- अर्थशास्त्र
- इतिहास
- गृह विज्ञान
- राजनीति विज्ञान
- इन्फार्मेटिक्स प्रैक्टिस
- मनोविज्ञान
- फिजिकल एजुकेशन
- अंग्रेज़ी
- एंटरप्रेन्योरशिप
- हिन्दी
- माध्यम पढ़ाई
- संस्कृत
- फैशन स्टडीज़
- समाज शास्त्र
- म्यूजिक

**इतिहास :** इतिहास आर्ट्स सब्जेक्ट में से एक है, यह प्रागितिहास से वर्तमान समय तक मानव सभ्यता के विकास को सिखाता है। यह प्रमुख ऐतिहासिक घटनाओं को भी शामिल करता है, भारतीय कला के इतिहास जैसे कला और वास्तुकला पर जोर देता है, और दुनिया की महान हस्तियों के कार्यों पर ज्ञान प्रदान करता है। विषय का कोर्स आपको मानव जाति की यात्रा पर ले जाता है और विकास के भविष्य में आपकी अंतर्दृष्टि विकसित करता है। बीए इतिहास, एमए इतिहास, आदि जैसे पाठ्यक्रमों को करने पर, आप प्राचीन इतिहास, मध्यकालीन इतिहास, आधुनिक इतिहास, राजनीतिक इतिहास, विश्व की संस्कृतियों, भाषा और साहित्य से संबंधित ज्ञान प्राप्त करेंगे। इतिहास में स्नातक शिक्षण, अनुसंधान, संरक्षण प्रबंधन, पुरातत्व, सिविल सेवा, लोक प्रशासन, यात्रा और पर्यटन और मीडिया अध्ययन जैसे व्यवसायों में प्रवेश कर सकते हैं। साथ ही 12वीं आर्ट्स के बाद बीए कोर्सेज के सिलेबस में आपको इतिहास आसानी से मिल जाएगा।

**अर्थशास्त्र :** आर्ट्स सब्जेक्ट में अर्थशास्त्र उन प्रक्रियाओं का अध्ययन है जिसमें वस्तुओं और सेवाओं का उत्पादन, बिक्री और खरीद बड़े स्तर समष्टि अर्थशास्त्र और छोटे व्यक्तिगत स्तर सूक्ष्मअर्थशास्त्र पर की जाती है। विषय आर्थिक एजेंटों के व्यवहार और बातचीत और विभिन्न अर्थव्यवस्थाओं के काम करने के तरीके से संबंधित है। व्यवसाय और प्रबंधकीय अर्थशास्त्र से लेकर वित्तीय और कृषि अर्थशास्त्र तक, ऐसे कई डोमेन हैं, जिनमें आप विशेषज्ञता हासिल कर सकते हैं। इसके अलावा, बीएससी अर्थशास्त्र, बीए अर्थशास्त्र, आदि जैसे कोर्सेज को करने के बाद, आप बैंकिंग, बीमा, रियल एस्टेट, सेवा और जैसे क्षेत्रों में काम कर सकते हैं। निर्माण फर्म, परामर्श, गैर-लाभकारी संगठन और सरकारी एजेंसियां और अर्थशास्त्र में एक सफल कैरियर का निर्माण कर सकते हैं।

**ह्यूमन राइट्स एंड जेंडर स्टडीज़**

ह्यूमन राइट्स एंड जेंडर स्टडीज़ अधिकारों और लिंग संबंधी मुद्दों को समझने के लिए समर्पित एकइंटर डिसिप्लिनरी विषय है। इनमें महिलाओं, नारीवाद, जेंडर, राजनीति, पुरुषों के अध्ययन और कतारबद्ध अध्ययन से संबंधित अध्ययन हैं। आपको यह अध्ययन करने को मिलेगा कि कैसे लिंग पहचान को आकार देता है और सामाजिक अंतःक्रियाओं को सुगम बनाता है। मानवाधिकार पाठ्यक्रम मानव विकास के लिए आवश्यक अधिकारों से संबंधित हैं। लैंगिक समानता हमेशा एक आम तौर पर स्वीकार्य परहेज रही है और मानवाधिकारों के विकास की दिशा में विभिन्न अंतरराष्ट्रीय दृष्टिकोण उभरे हैं।

**लोक प्रशासन :** लोक प्रशासन उद्योगों में विभिन्न सार्वजनिक नीतियों के निर्माण, कार्यान्वयन और निगरानी पर काम करता है। यूपीएससी परीक्षा के माध्यम से सिविल सेवा में करियर बनाने के इच्छुक व्यक्ति संबंधित डिग्री प्रोग्राम में नामांकन पर विचार कर सकते हैं। आप लोक प्रशासन में मास्टर्स जैसे कोर्सेज भी अपना सकते हैं और सलाहकार, शिक्षक, कर्मचारी संबंध विशेषज्ञ, धन उगाहने वाले प्रबंधक आदि के रूप में काम कर सकते हैं। चूंकि क्षेत्र अत्यधिक नैतिक पेशेवरों की मांग करता है जो समुदाय के अधिक कल्याण की दिशा में काम कर सकते हैं, यह है अन्य करियर कौशल के अलावा आपकी संचार और प्रस्तुति क्षमताओं पर काम करना भी महत्वपूर्ण है।

**होम साइंस :** आर्ट्स सब्जेक्ट में गृह विज्ञान पोषण, स्वास्थ्य और वृद्धि के उपायों का ज्ञान है। गृह विज्ञान में ग्रेजुएट्स विभिन्न विशेषज्ञताओं जैसे वस्त्र और वस्त्र (टेक्सटाइल), खाद्य और पोषण, गृह प्रबंधन, पारिवारिक संबंध, बाल विकास और विस्तार शिक्षा में अपना करियर बना सकते हैं। वाणिज्यिक रेस्तरां, परिधान मर्चेंडाइजिंग, फैशन पत्रकारिता, फैशन डिजाइनिंग और सामुदायिक विकास कार्यक्रमों में गृह विज्ञान के प्रति उत्साही लोगों के लिए पर्याप्त रोजगार के अवसर हैं।

लॉ स्टडीज़ : कानूनी अध्ययन में करियर राजनीतिक संस्थानों की प्रकृति, कानून के स्रोत, कानूनी प्रणाली के विकास, कानूनी प्रक्रिया में शामिल सामाजिक अभिनेताओं, नागरिक और आपराधिक अदालतों और प्रक्रियाओं आदि पर प्रकाश डालता है। यह एक अंतःविषय क्षेत्र है, जो समाज और कानून के बीच पारस्परिक संबंधों के अध्ययन से संबंधित है। साइबर कानून, आपराधिक कानून, श्रम कानून, पर्यावरण कानून, व्यापार कानून, आदि जैसे कई क्षेत्रों में आप विशेषज्ञ हो सकते हैं। एलएलबी या एलएलएम स्नातक व्यवसाय, न्याय और कानून के प्रशासन और बीमा, सामाजिक सेवाओं और सामाजिक सुरक्षा जैसे संबंधित क्षेत्रों में काम कर सकते हैं।

**मास मीडिया स्टडीज :** मास मीडिया स्टडीज सामाजिक विज्ञान और कला स्ट्रीम विषयों से प्राप्त एक अंतःविषय क्षेत्र है। विभिन्न मीडिया, इसके इतिहास और सामग्री के प्रभावों पर ध्यान केंद्रित करते हुए, यह 12 वीं के बाद कैरियर के अवसरों की एक श्रृंखला प्रदान करता है। बैचलर ऑफ जर्नलिज्म, कंटेंट राइटिंग कोर्स, वीडियो प्रोडक्शन, न्यू मीडिया, मास कम्युनिकेशन कोर्स, फिल्म स्टडीज आदि कुछ ऐसे प्रोग्राम हैं, जिनके जरिए आप इस क्षेत्र में करियर बना सकते हैं। मीडिया अध्ययन में काम के क्षेत्रों में टेलीविजन, समाचार पत्र, रेडियो, सिनेमा, वीडियो, डिजिटल मीडिया, पत्रकारिता, लेखन और प्रकाशन शामिल हैं।

**एंटरप्रेन्योरशिप :** आर्ट्स सब्जेक्ट में उद्यमिता, व्यवसाय अध्ययन से मिलता-जुलता है, लेकिन एक व्यावसायिक उद्यम के विकास, आयोजन और प्रबंधन के सिद्धांतों में बुनियादी प्रकाश और समझ प्रदान करता है। स्टार्ट-अप से जुड़े जोखिमों से निपटने के कौशल से लैस होने के अलावा, उद्यमिता विकास कार्यक्रम अन्य कैरियर कौशल को भी बढ़ाते हैं। कॉरपोरेट एंटरप्रेन्योरशिप, एमबीए इन एंटरप्रेन्योरशिप आदि जैसे कोर्स करने पर, आप कंसल्टेंट, सेल्स मैनेजर आदि के रूप में उद्योगों की एक सरणी में नौकरी पा सकते हैं या छोटे व्यवसाय के मालिकों, नए उद्यम डेवलपर्स आदि के रूप में काम कर सकते हैं।

**फिजिकल एजुकेशन :** स्वास्थ्य और शारीरिक शिक्षा का अध्ययन, छात्रों को शारीरिक स्वास्थ्य और खेल की दुनिया के बारे में जानने को मिलता है। शारीरिक शिक्षा कक्षा 11वीं के साथ-साथ 12वीं के कोर्सेज में खेल (जैसे फुटबॉल, बास्केटबॉल, क्रिकेट, वॉलीबॉल, ट्रैक एंड फील्ड, तैराकी, आदि), योग, मनोविज्ञान, से संबंधित अवधारणाओं को पढ़ाया जाता है। इसके अलावा, प्रशिक्षण, डोपिंग, शारीरिक गतिविधि, सकारात्मक सामाजिक कौशल और नेतृत्व प्रशिक्षण भी शामिल हैं। बैचलर ऑफ फिजिकल एजुकेशन जैसे विभिन्न स्नातक और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के समग्र पाठ्यक्रम में आकर्षक पाठ, पीई शिक्षकों/संकायों का प्रशिक्षण, पर्याप्त निर्देशात्मक अवधि और छात्र मूल्यांकन शामिल हैं। आर्ट्स सब्जेक्ट में शारीरिक शिक्षा में स्नातकों के लिए करियर विकल्प पीई, गतिविधियों के निदेशक, एथलेटिक कोच और फिटनेस प्रशिक्षक या व्यक्तिगत ट्रेनर पढ़ा रहे हैं।



**फैशन स्टडीज :** आर्ट्स सब्जेक्ट में फैशन स्टडीज आपको फैशन की एक महत्वपूर्ण समझ विकसित करने में मदद करता है और पहचान और संस्कृतियों के साथ इसके जटिल अंतःक्रियाओं को विकसित करता है। छात्र फैशन की सामग्री और दृश्य आयामों की छवि, पोशाक, शारीरिक अभ्यास और समाज और दुनिया के भीतर एक प्रमुख सांस्कृतिक पहचान के रूप में जांच करते हैं। इसके अलावा, अध्ययन क्षेत्रों में फैशन, इसकी प्रमुख अवधारणाओं और शब्दावली को प्रभावित करने वाले कारक शामिल हैं। चाहे फैशन डिजाइनिंग में करियर शुरू करना हो या अन्य संबंधित क्षेत्रों में काम करना हो, फैशन डिजाइनर, रिटेल बायर और मैनेजर, स्टाइलिस्ट, टेक्सटाइल डिजाइनर, ज्वैलरी डिजाइनर, मेकअप आर्टिस्ट, फैशन ब्लॉगर्स आदि जैसे फैशन स्टडीज में स्नातकों के लिए पर्याप्त अवसर हैं।

**फाइन आर्ट्स :** फाइन आर्ट्स से आप जो पेंटिंग, स्कल्पचर, ग्राफिक्स, एप्लाइड आर्ट, कमर्शियल आर्ट आदि में अपना करियर बना सकते हैं। क्रिएटिव थिंकिंग को विकसित करने के अलावा, छात्रों को आर्टिस्टिक चमत्कारों और उनके इतिहास के साथ-साथ उनकी चुनी हुई विशेषज्ञता में विशिष्ट व्यावहारिक प्रशिक्षण के बारे में पढ़ाया जाता है। बैचलर ऑफ फाइन आर्ट्स, मास्टर ऑफ फाइन आर्ट्स आदि जैसे फाइन आर्ट्स कोर्स करने पर, आप आर्ट थेरेपी, मल्टीमीडिया प्रोग्रामिंग, सेट डिजाइनिंग, फिल्म डायरेक्शन आदि में जॉब प्रोफाइल की एक विस्तृत श्रृंखला में काम कर सकते हैं।

**भूगोल :** लोगों और उनके पर्यावरण, पृथ्वी के भौतिक गुणों, लोगों और अर्थव्यवस्था आदि के बीच संबंधों का अध्ययन करने से संबंधित, भूगोल कला स्ट्रीम विषयों के बाद सबसे अधिक मांग वाले विषयों में से एक है। भूगोल कोर्स भू-आकृतियों, वनस्पतियों और जीवों, दुनिया, जनसंख्या, अर्थव्यवस्था, परिवहन, आदि से संबंधित अवधारणाओं में एक मजबूत आधार बनाता है। इसके अलावा, विभिन्न प्रकार के नक्शे और यात्रा गाइड विकसित करने में रुचि रखने वाले लोग विशेष क्षेत्र में कार्यक्रमों का विकल्प चुन सकते हैं। कार्टोग्राफी की। आर्ट्स सब्जेक्ट में भूगोल में करियर के लिए प्रयास करने वाले लोग जीआईएस विशेषज्ञ, पर्यावरण सलाहकार, शिक्षक, टाउन प्लानर आदि जैसे नौकरी कर सकते हैं।

**राजनीतिक विज्ञान:** राजनीति विज्ञान वह है जो राज्य और सरकार की प्रणालियों और विभिन्न राजनीतिक गतिविधियों और उनके व्यवहार के वैज्ञानिक विश्लेषण से संबंधित है। एडमिनिस्ट्रेटिव प्रिंसिपल्स और डोमेन के कॉन्सेप्ट्स राजनीतिक अर्थव्यवस्था, अंतरराष्ट्रीय संबंध, कम्पेरेटिव पॉलिटिक्स, पब्लिक पॉलिसी और पोलिटिकल सिस्टम सहित कई सबफ़ील्ड्स को कवर करती हैं। बीए राजनीति विज्ञान के बाद राजनीति विज्ञान में एमए करने से आपको सामाजिक विज्ञान के इस विशेष क्षेत्र में एक मजबूत करियर बनाने में मदद मिल सकती है।

**अंग्रेजी :** अंग्रेजी भी आर्ट्स सब्जेक्ट की स्ट्रीम का एक महत्वपूर्ण विषय है, विषय के विभिन्न पहलुओं को कवर करते हुए एक अच्छी तरह से अच्छे तरीके से कोर्स प्रदान करता है। लेखन और बोलने के कौशल में सुधार पर जोर देने के अलावा, पाठ्यक्रम अंग्रेजी साहित्य के माध्यम से पढ़ने के कौशल पर भी ध्यान केंद्रित करता है।

**मनोविज्ञान :** आर्ट्स सब्जेक्ट में मनोविज्ञान मन और व्यवहार का वैज्ञानिक अध्ययन है जिसमें मानव विकास, खेल, क्लीनिकल, स्वास्थ्य, सामाजिक व्यवहार और कॉग्निटिव प्रोसेस शामिल हैं। यह कक्षा 12 के सबसे दिलचस्प आर्ट्स विषयों में से एक है जिसमें सचेत और अचेतन घटनाओं, और भावनाओं और विचारों के अनुसंधान शामिल हैं। बीएससी मनोविज्ञान, नैदानिक मनोविज्ञान पाठ्यक्रम, एमएससी मनोविज्ञान, आदि कुछ ऐसे मार्ग हैं जिन पर आप मनोविज्ञान में अपना करियर शुरू करने के लिए विचार कर सकते हैं।

**समाजशास्त्र :** समाजशास्त्र सामाजिक विज्ञान की एक शाखा है जो दुनिया भर में मानव समाज, सामाजिक संबंधों और संस्कृतियों के विकास के अध्ययन से संबंधित है। वहीं यह समाजशास्त्र कोर्सेज में सामाजिक व्यवस्था, स्वीकृति और सामाजिक विकास की समझ विकसित करने के लिए अनुभवजन्य जांच और महत्वपूर्ण विश्लेषण का उपयोग शामिल है। एमए समाजशास्त्र जैसे या लेवल के कोर्सेज का अनुसरण करके, व्यक्ति समाज में मतभेदों के प्रति संवेदनशील हो जाते हंब और ऐसे विचार विकसित करते हैं जो आधुनिक दुनिया को आकार देने में मदद करते हैं। इसके अलावा, विषय आपको शिक्षा क्षेत्र, पत्रकारिता, राजनीति, युवा सेवा, सामाजिक कार्य, श्रमिक संघ, सिविल सेवा, व्यापार संघ, गैर सरकारी संगठन, आदि में विभिन्न प्रकार की नौकरियों के लिए तैयार करता है। समाजशास्त्र का दायरा बहुत बड़ा है!

**दर्शनशास्त्र (फिलोसोफी) :** दर्शन में अस्तित्व, ज्ञान, कारणों, मूल्यों, मन, भाषा और मनुष्यों और दुनिया की प्रकृति के बारे में सामान्य और मौलिक प्रश्नों का अध्ययन शामिल है। दर्शनशास्त्र में करियर बनाने वाले छात्र रचनात्मक सोच और तार्किक तर्क के लिए एक आधार विकसित करते हैं जो आगे चलकर समाज की सामान्य भलाई में योगदान करने में मदद करता है। बीए पाठ्यक्रमों में एक लोकप्रिय विषय होने के कारण दर्शनशास्त्र को विचारकों के लिए एक विषय के रूप में जाना जाता है। इस क्षेत्र में रुचि रखने वाले व्यक्ति बीए, एमए फिलॉसफी, एमफिल जैसे कोर्स कर सकते हैं और सिविल सेवा परीक्षाओं में भी शामिल हो सकते हैं। स्नातक सामाजिक कार्य, लोक सेवा, अनुसंधान, शिक्षा, मीडिया और कानून जैसे विभिन्न क्षेत्रों में नौकरी कर सकते हैं।

**म्यूजिक :** सबसे अनोखे और रचनात्मक क्षेत्रों में से एक संगीत है! संगीत वाद्य-आधारित कार्यक्रमों, संगीत उत्पादन पाठ्यक्रमों आदि का पता लगा सकता है। इसके अलावा, संगीत में डिप्लोमा या संगीत स्नातक जैसे पाठ्यक्रमों में नामांकन करने पर, आप फिल्म स्कोरिंग, संगीत लेखन, जैसे विभिन्न विषयों पर ज्ञान प्राप्त करेंगे। ध्वनि उत्पादन, आदि। कई विषयों पर ज्ञान प्रदान करने के अलावा, संगीत, जो हाल ही में लोकप्रिय कला विषयों में से एक बन गया है, शिक्षार्थियों को संचार कौशल और संगीत संपादन क्षमताओं से भी लैस करता है।